www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक-16 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए






मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण... 02
- नोएडा में बढ़ी आवंटन दर लागू
- जीएसटी कमिश्नर को व्यापारियों ने... 04
- पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को ...
- अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए ब्रिटेन... 07

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन

## वेटिकन में 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस


**वेटिकन,**21 अप्रैल (एजेंसियां)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पोप के निधन पर दुख जताया। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार जी-7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे पांच हफ्ते तक फेफड़ों में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। पोप 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए।



कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस शांति से आराम करें। भगवान उन्हें और उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों को आशीर्वाद दें : **डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति**



परम पावन पोप फ्रांसिस को दुनिया भर में लाखों लोग करुणा, विनम्रता व आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेंगे : **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



पोप फ्रांसिस शान्ति, मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय के लिए एक उत्कृष्ट आवाज थे वे सभी के लिए आस्था, सेवा और करुणा की विरासत छोड़ गए हैं : **एंटोनियो गुटेरेस**

### धर्मगुरु पोप फ्रांसिस को सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा

पोप फ्रांसिस एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा।

## सार संक्षेप

### फिर एक मंच पर दिखे शरद-अजित पवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में एआई के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

### मांगी लाल बने भाकृअनुप के डीजी



**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 17 अप्रैल को एक अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने फरवरी 2025 में 16.10 लाख सदस्यों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2024 की तुलना में शुद्ध वृद्धि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य पहली बार ईपीएफओ से जुड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में लगभग 2.08 लाख नई महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं।

### बेंगलुरु में वायुसेना अधिकारी पर हमला



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी।

### पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (नवाचार श्रेणी) प्राप्त किया। मलिक को यह पुरस्कार देश भर में पोषण सेवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पोषण ट्रैकर ऐप के लिए प्रदान किया गया। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण और बाल देखभाल सेवाओं के वितरण से जुड़े डेटा तुरंत प्रदान करने के लिए करते हैं।

# निशिकांत के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है।

**भाजपा सांसद ने कोर्ट व सीजेआई पर की थी टिप्पणी**

सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई।

सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह



अवमानना याचिका के लिए हमारी जरूरत नहीं, अटॉर्नी जनरल से लें इजाजत : **सुप्रीम कोर्ट**

निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी।

**अटॉर्नी जनरल को लिखा पत्र**

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने दायर की है। अनस तनवीर भी वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं में से एक का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी को पत्र लिखकर उनकी मंजूरी मांगी है। पत्र में कहा गया है कि दुबे ने सर्वोच्च अदालत की गरिमा को कम किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को अपने एक बयान में सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसमें दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाएगा तो फिर संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। भाजपा सांसद ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर तंज कसते हुए कहा कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई जिम्मेदार होंगे। निशिकांत दुबे की यह टिप्पणी वक्फ संशोधन कानून को लेकर आई। वक्फ संशोधन कानून के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों को लेकर सवाल उठाए हैं।

**अमेरिका के बॉस्टन में बोले राहुल गांधी**

# चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या

**बोस्टन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। उन्होंने गत रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को



महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े : **राहुल गांधी**

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवाल
- ब्राउन यूनिवर्सिटी में भारतीय प्रवासियों को किया संबोधित

मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पिछले महीने 10 मार्च को राहुल ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा था कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है, यह तो सबको पझता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो अच्छा होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चुनाव प्रोसेस को लेकर राहुल के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने पूछा था कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार नहीं बनाती है, यह बात बिल्कुल सही है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर याचिकाओं को सुनने से शीर्ष अदालत ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा-क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें। हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले थे कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकते। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। मुर्शिदाबाद हिंसा से जुड़ी दूसरी याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें वकील ने मुर्शिदाबाद हिंसा के चलते लोगों के पलायन की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आपकी इस सूचना का सूत्र क्या है, क्या आपने खुद जांच की थी। इस पर वकील ने जवाब दिया-मीडिया रिपोर्ट्स।

## विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल की पुरानी आदत : भाजपा



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया आई। भाजपा नेता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। वे लंबे समय से ऐसा करते आ रहे हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है और देश को लूटने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अशांति का माहौल बना रही है। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं।

# दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि इस बार वो मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा जहां-जहां चुनाव हारती है वहां साम दाम दण्ड भेद अपनाकर सरकारें बनाती है। दूसरी पार्टियों को तोड़कर भाजपा सरकार बनाती है। एमसीडी चुनाव को गुजरात चुनाव के साथ कराया गया, लेकिन उनकी कोई कोशिश सफल नहीं हुई। पिछले ढाई साल से आम आदमी पार्टी के पार्षदों को भाजा तोड़कर लेकर के गई। हम किसी भी विधायक या पार्षद को खरीदने बेचने में यकीन नहीं करती। आम आदमी पीर्टी के मेयर चुनाव में हिस्सा न लेने के फैसले के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी नगर निगम (एमसीडी) वार्षिक मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना है।




- भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर व जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना

यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। सचदेवा ने कहा कि सरदार राजा इकबाल सिंह पूर्व में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर रह चुके हैं और वर्तमान में एमसीडी में विपक्ष के नेता हैं। दिल्ली के विकास और निगम की कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए सही विकल्प हैं। वहीं, दो बार के पार्षद जय भगवान यादव को उप मेयर पद के लिए चुना गया है। सचदेवा ने विश्वास जताया कि दोनों नेता मिलकर दिल्ली की जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे।

### 25 अप्रैल को होगा दिल्ली मेयर चुनाव

दिल्ली में आगामी मेयर चुनाव 25 अप्रैल को होने हैं और भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव को लेकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। पार्टी ने राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह ऐलान किया और इस मौके पर आम आदमी पार्टी को जमकर निशाने पर लिया।

# सपरिवार भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस और अपने तीन बच्चों के साथ भारत की चार दिन की यात्रा सोमवार को सुबह नई दिल्ली पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार संग दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गए। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और द्वितीय महिला का पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। वेंस के साथ अमेरिकी प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। पालम



- जेडी वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम मंदिर देखा
- उपराष्ट्रपति बनने के बाद वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है

वायुसैनिक हवाई अड्डे पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया गया। सेना की एक संयुक्त टुकड़ी ने उन्हें सलामी गारद पेश की। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की है। बता दें कि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति चार दिवसीय दौरे पर भारत आएं हैं उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चे भी मौजूद हैं।

### 13 साल बाद भारत दौरे पर हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में 2013 में भारत आए थे।

# झारखंड में आठ नक्सली ढेर भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बोकारो में एक करोड़ का इनामी भी मारा गया**

**बोकारो,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो में सोमवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई में 8 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित नक्सली विवेक भी शामिल है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पास से एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक पिस्टल बरामद की है, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। सीआरपीएफ ने ानकारी दी है कि उन्होंने झारखंड के बोकारो जिले के ललपनिया क्षेत्र में राज्य पुलिस के साथ मिलकर एक



अभियान चलाया, जिसमें चार नक्सलियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ के दौरान जवानों ने एक एसएलआर और एक इंसास राइफल भी बरामद की है। बोकारो के लालपनिया क्षेत्र में लुगु हिल्स में सुबह लगभग 5:30 बजे 209 कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन के जवान एक ऑपरेशन में जुटे थे, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

**सफलता** *इसरो ने अंतरिक्ष में फिर कर दिखाया बड़ा कारनामा*

# स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग भी हुई कामयाब

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इसरो ने एक बार फिर से अंतरिक्ष में बड़ा कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने अपने स्पैडेक्स मिशन के तहत दूसरी बार उपग्रहों की डॉकिंग कराने में सफलता हासिल की है। परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोग होंगे।**

उन्होंने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी 60 स्पैडएक्स मिशन को 30 दिसम्बर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 को सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है। बता दे कि भारत 16 फरवरी को अंतरिक्ष में दो स्पेस क्राफ्ट को सफलतापूर्वक डॉक करने वाला चौथा देश बना था।



- पहली बार जनवरी में की थी स्पेस डॉकिंग

### एक ही प्रयास में मिली सफलता

स्पैडेक्स उपग्रहों की डॉकिंग और अनडॉकिंग 45 डिग्री झुकाव के साथ 460 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में सफलतापूर्वक की गई। पूरी प्रक्रिया एक ही प्रयास में पूरी की गई, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में इसरो की सटीकता और विशेषज्ञता को दर्शाता है। स्पैडेक्स मिशन पिछले वर्ष 30 दिसंबर को लॉन्च किया गया था, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों- एसडीएक्स-1 और एसडीएक्स-2 को कक्षा में स्थापित किया था। स्पैडेक्स में महारत हासिल करना भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जैसे कि चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन करना।

# देश

**उवाच** “ बिहार में पिछले बीस वर्षों के शासन काल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में भ्रष्टाचार को समाप्त किया। आधारभूत संरचना, सड़क निर्माण, सेतु एवं महासेतुओं का जाल बिछाया गया। इसके अलावा घर घर बिजली, पीने का पानी, कमजोर वर्गों का सशक्तीकरण, नौकरी एवं रोजगार, जातीय सर्वेक्षण एवं शराबबंदी जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसले लेकर बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुँचाने का कार्य किया: **राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.3 | 26.2 |
| मुंबई | 33.6 | 25.1 |
| कोलकाता | 36.4 | 27.0 |
| चेन्नई | 38.1 | 26.0 |

### कर्नाटक के बाद हिमाचल-तेलंगाना के सीएम को राहुल की चिट्ठी

# ‘रोहित वेमुला एक्ट’ लागू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को चिट्ठी लिखकर ‘रोहित वेमुला एक्ट’ लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने सीएम सुक्खू और रेवंत रेड्डी को लिखी चिट्ठी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‘जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखने के बाद मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर ‘रोहित वेमुला एक्ट’ लागू करने का आग्रह किया है।’ उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी ने दोनों मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बाबा साहेब अंबेडकर के बचपन की दो घटनाओं का जिक्र किया। पहला, जब बैलगाड़ी यात्रा के दौरान बाबा साहेब को ‘अछूत’ होने के कारण पानी नहीं मिला था और दूसरा, जब स्कूल में उन्हें अपनी योग्यता के बावजूद अकेले बैठना पड़ता था।



कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : **राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

इससे पहले उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखकर ‘रोहित वेमुला एक्ट’ लागू करने की मांग की थी। राहुल गांधी ने बीते दिनों दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों से मुलाकात करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, ‘हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है। बाबा साहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिससे वंचित भी सशक्त बनकर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं।’ उन्होंने लिखा था, ‘इसी भेदभाव ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार छात्रों की जान ली है। ऐसी भयावह घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है। मैंने सीएम सिद्धारमैया को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कर्नाटक में रोहित वेमुला एक्ट लागू किया जाए।’

## *चार दिनों में 57 शहरों में नेशनल हेराल्ड मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी कांग्रेस*


***नई दिल्ली।** कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अत्यंत आक्रामक हो गई है और इस मुद्दे पर अपना पक्ष जनता कर बीच में रखने के लिए पार्टी कल से 24 अप्रैल तक 57 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह जानकारी देते हुए रविवार को कहा कि पार्टी ने 57 वरिष्ठ नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का कहना है की इन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उसके नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करेंगे और नेशनल हेराल्ड मामले की असलियत का खुलासा कर सच्चाई जनता की सामने लाएगी। श्री खेड़ा ने कहा ‘विजयवाड़ा से वाराणसी तक, कश्मीर से तिरुवनंतपुरम तक कांग्रेस के नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ और आजादी की लड़ाई के जीवित प्रतीक ‘नेशनल हेराल्ड’ को खत्म करने की राष्ट्रविरोधी साजिश का पर्दाफाश करेंगी।’ कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा ‘देश मे 21 से 24 अप्रैल के बीच 57 शहरों में जो नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे उनमें असम के जोरहाट में गौरव गोगोई, बिहार के पटना में अविनाश पांडे, छत्तीसगढ़ के रायपुर में सुप्रिया श्रीनेत, दिल्ली में पी चिदंबरम, चंडीगढ़ में जितेंद्र सिंह, धर्मशाला में प्रणब झा, शिमला में अशोक गहलोत, सूरत में डॉ अजय कुमार, कर्नाटक के बेलगांव में पृथ्वीराज चौहान, केरल के कोच्चि में दीपेंद्र हुड्डा, कोझिकोड में के राजू, तिरुवंतपुरम में दीपा दासमुंशी, लक्षद्वीप में शशि थरूर, भोपाल में कुमारी सैलजा, नागपुर में अजय उपाध्याय, मुंबई में पवन खेड़ा, भुवनेश्वर में भूपेश बघेल, चंडीगढ़ में मनीष तिवारी, अजमेर में शमा मोहम्मद, जयपुर में कन्हैया कुमार, हैदराबाद में रणदीप सिंह सुरजेवाला, देहरादून में उदित राज, कोलकाता में जीए मीर, लखनऊ में तारिक अनवर, आगरा में रंजीता रंजन, अगरतला में सप्तगिरि उलाका आदि प्रमुख हैं।*

# मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी कुशल बनें सैनिक : राजनाथ

### श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।

श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ‘आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में, हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।’ उन्होंने जोर देकर कहा कि आजकल साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर युद्ध लड़े जा रहे हैं और सैनिकों को मानसिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है, क्योंकि राष्ट्र की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत व्यक्तित्व, प्रबुद्ध चेतना और जागरूकता से भी की जा सकती है।



‘आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए: **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा कि एक सैनिक के लिए शारीरिक शक्ति तो जरूरी है ही, साथ ही मानसिक शक्ति भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कठिन परिस्थितियों में सेवा करते हुए देश की रक्षा करते हैं और इन चुनौतियों का सामना एक मजबूत आंतरिक आत्मा से पैदा हुई ऊर्जा के जरिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक तनाव, अनिश्चितता और कठिन परिस्थितियों में काम करने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिसके लिए आंतरिक आत्मा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए ब्रह्माकुमारी का अभियान इस दिशा में एक सराहनीय कदम है।

श्री सिंह ने कहा कि यह पहल मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सैनिकों के मन को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, अभियान का विषय ‘आत्म-सशक्तिकरण - आंतरिक जागृति के माध्यम से’ आज के समय में अत्यंत रोचक और प्रासंगिक है। ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और आत्म-संवाद के माध्यम से आत्म-परिवर्तन हमारे बहादुर सैनिकों को मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगा। आत्म-परिवर्तन का बीज है और राष्ट्र का परिवर्तन इसका फल है। वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में, भारत यह संदेश दे सकता है कि आंतरिक-आत्म और सीमाओं की सुरक्षा एक साथ संभव है।

## सार संक्षेप

### ‘केंद्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही सरकार : कुमारी शैलजा

**भोपाल।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर देश की संस्थाओं का अपमान करने और जनता के सामने असली मुद्दों को छिपाने का गंभीर आरोप लगाया है। लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि सरकार बेरोजगारी, महंगाई और अर्थव्यवस्था की बदहाली जैसे मुद्दों पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने बीजेपी नेताओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट पर की जा रही टिप्पणियों की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, ‘देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है, विदेश नीति में पारदर्शिता की कमी है, पड़ोसी देशों, खासकर बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है। लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने की बजाय जनता को भटकाने की कोशिश कर रही है।’ उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की संस्थाओं, खासकर सुप्रीम कोर्ट, में लोगों का विश्वास कमजोर कर रही है।

### तेजस्वी यादव के आरोप राजनीति से प्रेरित : जदयू

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कहा है कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के राज्य में क़ानून व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को यहां कहा कि उन्होंने कहा कि बिहार विकसित राज्य बनने की राह पर अग्रसर है। श्री प्रसाद ने कहा कि जद यू इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहता है, लेकिन जब श्री यादव अनाप शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि श्री यादव को यह भूलना नहीं चाहिए कि उनके माता जी एवं पिताजी के कार्यकाल में क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष एवं इलाकाई समानांतर सरकारों एवं बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा है। अब बिहार में अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई।

### स्टालिन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री स्टालिन ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक परिवर्तनकारी व्यक्ति थे जिन्होंने सहानुभूति और प्रगतिशील मूल्यों के साथ कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। उन्होंने जो विरासत छोड़ी वह करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है। श्री स्टालिन ने अपने संदेश में कहा कि पोप फ्रांसिस एक दयालु और प्रगतिशील आवाज़ थे, जो पोपसी में विनम्रता, नैतिक साहस और सहानुभूति की गहरी भावना लाए।

# बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने आठ नए प्रवक्ता किया नियुक्त



**पटना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं की टीम का विस्तार किया है। कुछ नए लोगों को शामिल किया गया है। राजद ने राष्ट्रीय स्तर पर टीम को बढ़ाते हुए आठ प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया है।


उन्होंने लिखा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के निर्देश के बाद राजद ने आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद ने जिन नए प्रवक्ताओं को नियुक्त किया है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्याम कुमार, डॉ. राजकुमार राजन, डॉ. रविशंकर रवि, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. बादशाह आलम, पटना विश्वविद्यालय के प्रो. उत्पल बल्लभ, बीआरए विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राकेश रंजन, मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार तरुण एवं जेपी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दिनेश पाल शामिल हैं। माना जा रहा है कि बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने अपने प्रवक्ताओं की टीम को बढ़ाया है। राजद के बिहार प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को बधाई दी। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दूरदर्शी सोच और सकारात्मक पहल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की सूची का विस्तार करते हुए आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का मनोनयन किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि राजद के नवनियुक्त प्रवक्ता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### फडणवीस ने की राहुल गांधी की आलोचना, कहा- ‘कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को बदनाम नहीं कर सकता’

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी यात्रा के दौरान चुनाव आयोग के बारे में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी आलोचना की है। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर अपने देश के प्रति, देश की संवैधानिक संस्था के प्रति झूठ फैलाने और भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव हारने से उन पर असर पड़ा है, जिसके कारण वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को इस तरह से बदनाम नहीं कर सकता। राहुल गांधी जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनके चरित्र पर एक सवालिया निशान खड़ा हो गया है। दुनिया भर में देश की बदनामी करके वे चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

बता दें कि अमेरिका दौरे पर ब्राउन यूनिवर्सिटी पहुंचे राहुल गांधी ने मंच से निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का उदाहरण देते हुए देश की चुनाव प्रणाली और चुनाव आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया।

# एसवाई कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्त, भाजपा पर भी किया कटाक्ष : राउत



**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) शहाबुद्दीन याकूब कुरैशी को बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक बताया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा, ‘एस.वाई. कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक थे। मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। जब वे चुनाव आयुक्त थे, तब शिवसेना और भाजपा का गठबंधन था। तब भी हमने यही कहा था कि वह एक निष्पक्ष और बेहतरीन चुनाव आयुक्त हैं। अगर इसी तरह आप कहें कि कोई चीफ जस्टिस मुसलमान है, या कोई चुनाव आयुक्त मुसलमान है, तो यह कौन सी भाषा है? यह कौन सी सोच है? उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो देश को तोड़ना चाहते हैं, वे इस देश में रहने के लायक नहीं हैं।’ उल्लेखनीय है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को एस.वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक ‘मुस्लिम आयुक्त’ थे।

महाराष्ट्र में सरकार द्वारा हिंदी भाषा थोपने के सवाल पर संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी पहले से चल रही है। जबरदस्ती हिंदी थोपने की कोई जरूरत नहीं है। यह जनता और हम सबका दबाव था कि महाराष्ट्र में अपनी भाषा और संस्कृति के सम्मान के साथ रहा जाए। सांसद संजय राउत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी ‘वॉशिंग मशीन’ में सभी कथित ‘भ्रष्टाचारियो’ को डालकर साफ कर देती है। अजित पवार को पार्टी में लिया, एकनाथ शिंदे को लिया, अशोक चव्हाण को लिया, ऐसे बहुत से लोग हैं। इन्होंने कितने भ्रष्टाचारियों को अपनी ‘वॉशिंग मशीन’ में डाल दिया है, ये बातें जनता को भी बताइए, ताकि सच्चाई सामने आए।

### बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आम तो आम अब खास लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ताजा मामला राजधानी पटना का है। जहां बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को गोली मार दिया है। पूरा मामला बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने महिला पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के पास ही एक दुकान चलाती थी। उसके घर के पास ही अपराधियों ने उसे गोली मारी है। महिला जदयू नेत्री के साथ साथ समाजसेवी भी है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घटना के बाद घायल महिला को आनन फानन में पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। मामला पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र इलाके का है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भीड़ नहीं जुटने पर पार्टी ने की कार्रवाई, जिलाध्यक्ष को किया सस्पेंड

**पटना /बक्सर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार के बक्सर जिले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम आयोजित था।हालाँकि इस कार्यक्रम में लोगों की मौजूदगी नहीं के बराबर रही। इसके मद्देनजर पार्टी ने जिलाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन के बाद पार्टी नेतृत्व ने कड़ा निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई दरसल खेल मैदान में आयोजित सभा में भारी अव्यवस्था और भीड़ की कमी के कारण की गई।

पटना स्थित सदाकत आश्रम से जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णत: अनुपस्थिति देखी गई, जिससे पार्टी की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा। पार्टी नेतृत्व की नाराजगी केवल जिला अध्यक्ष तक सीमित नहीं रही। बक्सर के दोनों कांग्रेस विधायकों की निष्क्रियता भी कटघरे में आ गई है। संगठन की नजर में वे न केवल भीड़ जुटाने में नाकाम रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती देने में भी विफल साबित हुए हैं। सूत्रों की मानें तो इन दोनों विधायकों के टिकट पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी दावेदारी कमजोर पड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी यह पत्र पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी भेजा गया है, जिनमें महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, सह प्रभारीगण, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार, विधानमंडल दल नेता डॉ. शकील अहमद खान और विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि यह मामला केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व इसे गंभीरता से ले रहा है।



सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णतः अनुपस्थिति देखी गईः **उमेश प्रसाद सिंह, कार्यालय सचिव**

जहां एक ओर सीनियर नेतृत्व आलोचना का केंद्र बना, वहीं यूथ कांग्रेस ने अपने उत्साह और सक्रियता से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार किया। खड़गे की सभा में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और उनकी भागीदारी को पार्टी ने खुलकर सराहा है।

### ड्रग्स हमारे बच्चों के लिए गंभीर समस्या बन गई, हम सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना चाहिए: फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को ड्रग्स और आतंकवाद के मुद्दों पर बेबाक राय दी। इसके अलावा उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जा को लेकर भी बयान दिया। फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बात करते हुए ड्रग्स के सवाल पर कहा कि ड्रग्स हमारे बच्चों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है। इसकी वजह से हमारे बच्चे बर्बाद हो रहे हैं। हम सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना चाहिए। हालांकि, फारूक अब्दुल्ला ने राहुल गांधी द्वारा विदेश में चुनाव आयोग पर सवाल उठाने पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रामबन आपदा पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वहां बड़ी त्रासदी हुई है। रामबन आपदा में तीन लोगों की जान चली गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। मुख्यमंत्री को घटनास्थल का दौरा करना चाहिए और केंद्र सरकार को भी हस्तक्षेप करना चाहिए। हम आम जनता और उन परिवारों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने इस घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवाद और ड्रग्स पर कहा कि पूरा देश जानता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और ड्रग्स भेजता है। पाकिस्तान को इसके लिए कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा फारूक अब्दुल्ला ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जम्मू और कश्मीर को जल्द ही अपना राज्य का दर्जा वापस मिल जाना चाहिए।

बता दें कि प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने रविवार (20 अप्रैल) को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से हुए भारी नुकसान पर चिंता व्यक्त की थी।

**हमला** *अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया प्रभुत्ववादियों की पार्टी, कहा*

# भाजपा में दलितों को कभी नहीं मिला ‘पदमान’

**लखनऊ, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चुनावी धांधलियों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए लंबी फेहरिस्त पेश की है। अखिलेश ने भाजपा पर अनैतिकता का आरोप भी लगाया और कहा कि इस पार्टी में आंतरिक गुटबाजी और सत्ता के दुरुपयोग जैसी चीजें भी आम हैं।**

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर पोस्ट में लिखा, ‘जिसको उसी के तथाकथित अपने दल ने ये कहकर खारिज कर दिया हो कि उसका विचार व्यक्तिगत है और इस लायक नहीं कि उसकी पुष्टि या समर्थन किया जाए, वो एक सेवानिवृत्त संवैधानिक पद को सफलतापूर्वक सुशोभित कर चुके उच्चाधिकारी के बारे में मुंह न खोले, उसी में उसकी इज्जत है।’ अखिलेश ने पोस्ट में आगे एक लंबी लिस्ट शेयर करते हुए कहा- कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के सीसीटीवी के सामने वोट की धांधली की वीडियो रिकॉर्डिंग और बाद में सुप्रीम कोर्ट की डांट। 2024 के लोकसभा चुनावों में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से झूठी गिनती के आधार पर कई सीटों पर सर्टिफिकेट में हेराफेरी के ‘फर्रुखाबाद कांड’ जैसे अनेक गैरकानूनी इलेक्शन रिजल्ट हेराफेरी कांड। उत्तर प्रदेश के मीरापुर उपचुनाव में कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों की मदद से वोटरों को पिस्तौल से धमकाकर वोट न डालने देने की घटना और उसकी विश्वविख्यात तस्वीर। लोकसभा चुनाव में मप्र में भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध खड़े हुए प्रत्याशियों को उठाकर ले जाने और चुनावी पर्चे वापस करवाने की घटना और तथाकथित निर्विरोध चुनाव जीतने का लोकतांत्रिक पाप। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बड़े भाजपाई नेता के नोट बांटते पकड़े जाने की घटना।



कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला : **अखिलेश यादव**

हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अचानक वोटरों की संख्या या आखिरी घंटे में कई प्रतिशत वोट बढ़ जाने की घटना। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव में किसी ‘मुख्य कार्यालय’ से चुनावी तंत्र को झूठे वोट डलवाने का टारगेट देने का अपराध और झूठे वोटरों का इस्तेमाल, एक मतदाता द्वारा भाजपा के पक्ष में 6 वोट डालने का टीवी पर खुद स्वीकार किया जाना।

### सपा समर्थकों ने अखिलेश यादव के लिए मांगी एनएसजी सुरक्षा, भाजपा ने ली चुटकी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सियासी घमासान शुरू हो गया है। हाल ही में प्रयागराज दौरे पर पहुंचे सपा प्रमुख को भारी भीड़ के बीच अपनी गाड़ी तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

उल्टा पुल्टा

पति पत्नी हाथ पकड़े बाजार में घूम रहे थे...
उन्हे देखकर दोस्त बोला : इतने साल बाद भी इतनी मोहब्बत...।।
पति बोला : ओ भाई कैसी मोहब्बत...हाथ छोड़ते ही दुकान में घुस जाती है...।

महापौर चुनाव को लेकर कांग्रेस ने उतारे उम्मीदवार, 'आप' पर साधा निशाना, कहा

# 'आप' एमसीडी की सत्ता संभालने में रही विफल

## कांग्रेस ने भाजपा व 'आप' पर लगाया जनता की समस्याओं का समाधान करने में नाकाम रहने का आरोप

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में 25 अप्रैल को होने वाले महापौर और उपमहापौर पद के चुनाव को लेकर आज नामांकन का अंतिम दिन था। जहां आम आदमी पार्टी, जो नगर निगम की सत्ताधारी पार्टी है, ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया, वहीं कांग्रेस पार्टी ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड संख्या 47, निहाल विहार से मनदीप सिंह ने महापौर पद के लिए और वार्ड संख्या 188, अबुल फजल एन्क्लेव से अरीबा खान ने उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया है।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता और वार्ड संख्या 189 से पार्षद नाजिया दानिश ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम की सत्ता को संभालने में पूर्णत: विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हमारे पास बहुमत नहीं है, लेकिन जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है। विपक्ष की भूमिका को हम सशक्त रूप से निभाना चाहते हैं, और इसी कारण हमने भारतीय जनता पार्टी के सामने अपने कैंडिडेट्स उतारे हैं।



हम जानते हैं कि हमारे पास बहुमत नहीं है, लेकिन जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है, विपक्ष की भूमिका को हम सशक्त रूप से निभाना चाहते हैं इसिलिए उतारे भाजपा के सामने उम्मीदवार : **नाजिया दानिश, कांग्रेस**

नाजिया दानिश ने आगे कहा कि जब से दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता आई है, तब से कोई भी सदन की बैठक सही तरीके से नहीं चल पाई है। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आप दोनों ही जनता की समस्याओं का समाधान करने में नाकाम रहे हैं। महापौर पद के प्रत्याशी मनदीप सिंह और उपमहापौर पद की प्रत्याशी अरीबा खान ने भी विश्वास जताया कि वे मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि हमारे पास संख्या बल नहीं है, लेकिन हमारी लड़ाई लोकतंत्र और जवाबदेही की है। हम विपक्ष की मजबूत भूमिका निभाते रहेंगे।

### दिल्ली के मेयर व डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए सोमवार को नामांकन दाखिल किए गए। बता दें कि सोमवार नामांकन भरने की अंतिम तिथि थी। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों ने औपचारिक रूप से चुनावी दौड़ में प्रवेश किया, जबकि आम आदमी पार्टी ने किसी भी पद के लिए उम्मीदवार नहीं उतारे। भाजपा की ओर से वरिष्ठ नेता राजा इकबाल सिंह ने मेयर पद के लिए और जय भगवान यादव ने डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया। राजा इकबाल सिंह वर्तमान में दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता हैं और मुखर्जी नगर, वार्ड संख्या-13 से पार्षद हैं। जय भगवान यादव बेगमपुर, वार्ड संख्या-27 से पार्षद हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लांच किया 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान 2025'

## दिल्ली को हीटवेव-रेजिलिएंट बनाने को लेकर दिल्ली सरकार ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान 2025' को लांच किया। इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, डॉ पंकज सिंह, एनडीएमए के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मुख्य सचिव धर्मेंद्र, एनडीएमए और यूएनईपी के प्रतिनिधियों सहित केंद्र एवं दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यह योजना दिल्लीवासियों को अत्यधिक गर्मी और हीटवेव की खतरनाक स्थिति से बचाने के लिए एक वैज्ञानिक और जन-उन्मुख योजना के रूप में तैयार की गई है। दिल्ली को हीटवेव-रेज़िलिएंट बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।




इस प्लान के तहत पूरे शहर में तीन हजार वाटर कूलर लगाए जाएंगे। सरकार द्वारा फुटपाथों पर कूलिंग शेड्स बनाए जाएंगे, ताकि राह चलते लोगो को धूप से थोड़ी राहत मिल सके : **रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री**

इस अवसर पर 'कूल रूफ टेक्नोलॉजी' और 'डिजिटल कोल्ड वॉटर डिस्पेंसर' जैसी दो अहम पर्यावरणीय पहलों की भी शुरुआत की गई। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस प्लान के तहत पूरे शहर में तीन हज़ार वाटर कूलर लगाए जाएंगे। सरकार द्वारा फुटपाथों पर कूलिंग शेड्स बनाए जाएंगे, ताकि राह चलते लोगो को धूप से थोड़ी राहत मिल सके। सरकारी भवनों और निजी इमारतों पर कूल रूफ और ग्रीन रूफ टेक्नोलॉजी को अपनाया जाएगा। दिल्ली के 5500 से अधिक स्कूलों के 14 लाख बच्चों को आपदा प्रबंधन और हीटवेव से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। सरकार ने झुग्गी-बस्तियों से लेकर बड़े अस्पतालों तक हीटवेव से निपटने के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अनुराग कश्यप के खिलाफ दिल्ली के गांधी नगर थाने के बाद अब आनन्द विहार थाने में भी शिकायत दर्ज की है। उनके खिलाफ ब्राह्मणों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है जिसके लिए देशभर में उनका विरोध किया जा रहा है। आनन्द विहार थाना पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारी का कहना है कि जल्द ही मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप हमेशा अपने किसी ना किसी बयान की वजह से खुद मुसीबत में फंसते नजर आते हैं। ऐसा ही एक बार फिर से देखने को मिल रहा है। निर्देशक ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ हाल ही में जो स्टेटमेंट दिया है उसके बाद से पूरा ब्राह्मण समाज भड़का हुआ है। कई जगहों पर अनुराग कश्यप का विरोध हो रहा है।

### केजरीवाल एंड कंपनी की रगों में बहता है भ्रष्टाचार : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार केजरीवाल एंड कंपनी की रगों में बहता है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भ्रष्टाचार केजरीवाल एंड कंपनी की रगों में बहता है। अपने विभाग की महत्वपूर्ण फाइलों की समीक्षा करते समय, मैं यह देखकर दंग रह गया कि कैसे कट्टर बेईमान द्वारा हर नीति, हर परियोजना को दिल्ली को बर्बाद करने के लिए घोटाले में बदल दिया गया। केजरीवाल की लूट का एक और धमाकेदार एपिसोड जल्द ही आ रहा है।

# गरीब व वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर बनाकर, विकसित दिल्ली का लक्ष्य करेंगे पूरा : सिंह




गरीब उत्थान के साथ ही देश 'विकसित भारत' और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है : **रविन्द्र इन्द्राज**


**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मोइरांग दिवस पर नेताजी सुभाष बोस आईएनए ट्रस्ट एवं फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। 14 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आज़ाद हिंद फौज ने मणिपुर के मोइरांग में पहली बार स्वतंत्र भारत का तिरंगा फहराया था। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले महापुरुषों को सम्मान देने और उनके संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम लगातार हो रहा है। केंद्र सरकार ने नेताजी की स्मृति में इंडिया गेट के नजदीक भव्य प्रतिमा स्थापित की है, लाल किला में संग्रहालय बनवाया है और अंडमान निकोबार में आइलैंड का नाम नेताजी के नाम पर रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इन्द्राज ने कहा कि हाल ही में दिल्ली सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जयंती सप्ताह मनाया है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाबा साहेब जैसे महापुरुषों का सपना था की गरीब और वंचित वर्ग के लोग मुख्यधारा में अहम योगदान दें और आत्मनिर्भर बनें। गरीब उत्थान के साथ ही देश 'विकसित भारत' और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार भी 'विकसित दिल्ली' संकल्प की दिशा में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर काम कर रही है। 'सहकारिता से आत्मनिर्भरता' की दिशा में दिल्ली की हाउसिंग सोसायटी में स्वसहायता समूह के उत्पादों के स्टोर्स खोले जाने हैं। बवाना के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने की परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है।




■ नई दिल्ली में नेशनल हेराल्ड मामले में चार्जशीट दाखिल करने को लेकर प्रेस कॉफ्रेंस करते कांग्रेस नेता पी चिदंबरम एवं देवेन्द यादव। फोटो : इम्तियाज खान

### रामकथा ने सदियों से समाज को नैतिकता का मार्ग दिखाया : मनोज सिन्हा



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आध्यात्मिक गुरु एवं राम कथा के मर्मज्ञ पूज्य मोरारी बापू की नौ दिवसीय राम कथा का एलजी मनोज सिन्हा ने शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राम कथा की सार्वभौमिक भावना को रेखांकित करते हुए इसे एक आध्यात्मिक परंपरा बताया जो संस्कृति और संप्रदायों की सीमाओं से परे जाकर मानवता को जोड़ती है। उन्होंने कहा राम कथा ने सदियों से समाज को नैतिकता, करुणा, न्याय और कर्तव्य का मार्ग दिखाया है। प्रभु श्रीराम का जीवन आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मोरारी बापू के जीवन कार्य का उल्लेख करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि पूज्य बापू ने सत्य, प्रेम और करुणा के मूल संदेश के साथ राम कथा के माध्यम से पूरे विश्व में जनचेतना का जागरण किया है।

### सटीक चिकित्सा जल्द ही पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा की जगह ले लेगी : डॉ. निश्चल

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रेसिजन मेडिसिन वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में तेजी से उभर रही है, और भारत में इसकी बढ़ती प्रासंगिकता को कम करके नहीं आंका जा सकता है। स्वास्थ्य सेवा के लिए यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण, जो जीन, पर्यावरण और जीवनशैली में व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखता है, रोगों के निदान, उपचार और रोकथाम के तरीके को नया रूप दे रहा है। जबकि भारत का प्रेसिजन मेडिसिन परिदृश्य अभी भी विकसित हो रहा है, प्रेसिजन मेड इंडिया पीएमआई कॉन्क्लेव और पुरस्कार 2025 जैसी पहल संवाद को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और भारतीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में इसके एकीकरण के लिए सहयोगी मार्ग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 20 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली सरकार के सामाजिक कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता और चुनाव मंत्री रविंदर सिंह के विशेष संबोधन से हुई।




उन्होंने समाज में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए और 2027 तक एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर भारत के लिए राष्ट्र के दृष्टिकोण पर जोर दिया।

### लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया की जूता-चप्पल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह एक जूता-चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



■ गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं

दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश में जुटी हैं, लेकिन आग के विकराल रूप को देखते हुए इसे काबू करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आग सुबह के समय अचानक भड़की।

आग की लपटें और धुएं का गुबार इतना ज्यादा था कि आसपास की फैक्ट्रियों को भी एहतियातन खाली कराया गया। राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं, ताकि कोई जनहानि न हो। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आग की वजह से फैक्ट्री में भारी नुकसान होने की आशंका है।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की सूचना 7:20 पर फायर कंट्रोल रूम को मिली। जिसके बाद गाड़ियों को रवाना किया गया। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या मशीनरी में खराबी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग और राहत-बचाव दल मौके पर मौजूद हैं और स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। आग की वजह से आसपास के इलाके में धुआं फैल गया, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत आने लगी। स्थानीय लोगों और फैक्ट्री कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

**आरोप** सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा

# खतरे में भारत का लोकतंत्र, चुनाव आयोग को देना चाहिए जवाब

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव आयोग को मतदाता सूची में हुई अनियमितताओं का जवाब देना चाहिए। उदित राज ने कहा कि सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र में महज पांच महीने में 36 लाख मतदाता मतदाता सूची में जुड़ गए। आमतौर पर इतने मतदाता पांच साल में भी नहीं जुड़ते। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ये मतदाता कैसे और कहां से आए। इसके अलावा, मतदान खत्म होने के बाद अगली सुबह तक 65 लाख वोट कैसे बढ़ गए? हरियाणा में भी ऐसी ही अनियमितताएं देखने को मिलीं।**

यह लोकतंत्र का सवाल है, और चुनाव आयोग को जवाब देना होगा। उदित राज ने आगे कहा कि दुनिया भर की अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत में लोकतंत्र के कमजोर होने की बात कह रही हैं। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सही करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो कहा, वह बिल्कुल सही है। वे संविधान और लोकतंत्र के हित में बोल रहे हैं। भारत में क्या हो रहा है, यह दुनिया जानती है।

इस बीच, उदित राज ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के समर्थन में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा की ओर से दिए गए बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, जैसा बीजेपी नेता करते हैं। क्या सुप्रीम कोर्ट से संसद बड़ी है? सुप्रीम कोर्ट का काम संविधान की व्याख्या करना है। अगर वह यह नहीं कर सकता, तो उसका क्या महत्व है? बीजेपी तानाशाही और पाखंड के सहारे सरकार चला रही है। उदित राज ने आगे कहा कि लोकतंत्र खत्म हो चुका है। मजदूर, किसान, और आम जनता परेशान है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। सरकार केवल तानाशाही के दम पर चल रही है। अब जनता को खड़ा होना होगा। राहुल गांधी सिर्फ सच्चाई सामने ला रहे हैं।



■ कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया तानाशाही व पाखंड के सहारे सरकार चलाने का आरोप

### 'आप' नेताओं का भाजपा में जाना अनैतिक, निशिकांत के बयान सांप्रदायिक : संदीप दीक्षित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने को अनैतिक करार दिया। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सांप्रदायिक बयानों पर भी सवाल उठाए। दीक्षित ने कहा कि 'आप' में अस्थिरता का माहौल है और ऐसे समय में पार्टी छोड़कर भाजपा में जाना गलत है। कहा कि आप में एक तरह की अराजकता है। नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। जब पार्टी मुश्किल में है, तो उसे छोड़ना अनैतिक है। मैं इसे सही नहीं मानता। उन्होंने आप नेताओं के इस कदम को नैतिकता के खिलाफ बताया और कहा कि यह कदम पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ता है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए दीक्षित ने कहा कि हाल के चुनावों में वोटों में असामान्य वृद्धि देखी गई है, जो ज्यादातर भाजपा के पक्ष में जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में सवाल हैं कि अचानक वोट कैसे बढ़ जाते हैं और ये सारे वोट भाजपा के खाते में क्यों जाते हैं? पिछले तीन-चार सालों से यह चर्चा है कि एक संस्था किसी विशेष दल की मदद कर रही है। उन्होंने बिना नाम लिए चुनाव आयोग पर निशाना साधा और कहा कि ये तथ्य खुद सवाल खड़े करते हैं।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | (1) डी एंड डी ऑफिस रूम नंबर – 448 एनेक्सी–I, बड़ौदा हाउस के लिए इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल नवीनीकरण कार्य स्टेशन, फर्नीचर और सहायक उपकरण के साथ दूरसंचार सुविधा का प्रावधान (2) रेल भवन में रेलवे बोर्ड प्रेस ब्रीफिंग रूम / स्टूडियो की स्थापना में एलईडी डिस्प्ले (ऑल–इन– वन) प्रकार का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,00,70,973.92 मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,00,400/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 16.05.2025 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1008 दिनांक: 21.04.2025 1172/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

नगर निगम अतिक्रमण को लेकर बेहद गंभीर है। इसी कारण सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण या अवैध कब्जे को हटाया गया है। जिसमें करोड़ों की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्रवर्तन दल की टीम ने भी 85 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला है : **विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त।**

## नोएडा में बढ़ी आवंटन दर लागू

**■ वाणिज्यिक को छोड़कर सभी श्रेणी में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी, संपत्ति खरीदना हुआ महंगा**

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में बढ़ी संपत्ति दरों को लागू कर दिया गया है। 28 मार्च 2025 को हुई बोर्ड में इस प्रस्ताव को पास किया गया था। जिसके बाद आज कार्यालय आदेश जारी किया गया। बढ़ी दर एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी। यानी एक अप्रैल के बाद जो भी आवंटन से संबधित योजना आएंगी वो नई दरों पर ही आवंटित की जाएंगी। इस बार वाणिज्यिक श्रेणी को छोड़कर प्राधिकरण ने आवासीय, संस्थागत (आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर), औद्योगिक (आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर) के लिए भूमि आवंटन दर में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आने वाली स्कीम भी इसी दर पर आवंटित की जाएगी।

इसके तहत औद्योगिक श्रेणी में 66,867 वर्गमीटर, संस्थागत में 3 लाख 4 हजार 321 वर्गमीटर, आवासीय में 9686 वर्गमीटर और ग्रुप हाउसिंग में 91 हजार 820 के अलावा वाणिज्यिक में 10 लाख 16 हजार 186 वर्गमीटर का लैंड बैंक है। इन सभी भूखंडों पर अलग-अलग स्कीम लांच की जाएगी। ऐसे में इस वित्तीय वर्ष करीब 14 लाख 88 हजार 880 वर्गमीटर जमीन आवंटित करने का लक्ष्य भी तय किया गया है।

### आवासीय श्रेणी के हिसाब से सेक्टर

ए-प्लस- सेक्टर-14ए, 15ए 44 (ब्लाक ए और बी)
ए- 14,17,19,30,35,36,39,44,47,50,51,52,93,93ए,93बी
बी- 11,12,15,20,21,22,23,25 से 29, 31,33, 34, 37, 40, 41,46, 48, 49,53, 55,56,61,62,70,78,82,92,96 से 100, 105,108,122
सी- 42, 43, 45, 63ए, 104,107, 110,118, 119,120, 121, 128, 129, 130, 131,133,134,135,137,143,143बी,144,151,168 डी- 86,112,113,116,117, ई- 102,115,158,162।

**आवासीय दर में बढ़ोत्तरी के बाद संपत्तियों की दर**

आवासीय भूखंड में ए प्लस सेक्टरों की दरों में बदलाव में नहीं किया गया है। वर्तमान और प्रस्तावित दोनों दर अब भी 1 लाख 75 हजार प्रति वर्गमीटर होगी। वहीं ए से लेकर ई श्रेणी के सेक्टरों में आवंटन दरों में वर्तमान के मुकाबले 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। ऐसे में श्रेणी ए की दर 1,25340 प्रति वर्गमीटर से बढ़कर 132860 रुपए वर्गमीटर, बी श्रेणी में 87370 से बढ़कर 92620 रुपए प्रतिवर्गमी, श्रेणी सी में 63620 से बढ़कर रुपए 67440 प्रतिवर्गमी, श्रेणी डी में 53180 से बढ़कर 56370 रुपए प्रति वर्गमीटर और ई श्रेणी में 48,110 से बढ़कर 51000 रुपए प्रति वर्गमी की दर से बढ़ाया गया। ये दर ई ऑक्शन के आधार पर इनका आवंटन किया जाएगा। वहीं ईडब्ल्यूएस और श्रमिक कुंज के भवनो के लिए आवंटन दर 10140 रुपए प्रतिवर्गमीटर ही रखी गई है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा।

**औद्योगिक सेक्टर में नई दर लागू फेज-1 के लिए**

4000 वर्गमीटर तक के प्लाट ई नीलामी और साक्षात्कार के जरिए आवंटन दर 47490 से बढ़ाकर 50340 रुपए प्रतिवर्गमी की गई है। अगले 4001 से 20 हजार वर्गमीटर तक प्लाट का आवंटन दर 43820 से बढ़ाकर 46450 रुपए प्रतिवर्गमी, 20001 से 60 हजार वर्गमीटर तक 40190 से बढ़ाकर 42610 रुपए प्रतिवर्गमी 60001 वर्गमीटर से अधिक के प्लाट की दर 36550 से बढ़कर 38750 रुपए प्रतिवर्गमीटर कर दिया गया है। इसी में आईटी, आईटीईएस डेटा सेंटर के लिए 73220 प्रतिवर्गमी से बढ़ाकर 77620 रुपए प्रतिवर्गमी कर दिया गया है।

### ग्रुप हाउसिंग की दरों में बढ़ोत्तरी

ग्रुप हाउसिंग की दरो में इजाफा किया गया है। यहां आवंटन टेंडर और ई निलामी के जरिए की जाएगी। इसकी श्रेणी ए की आवंटन दर 183040 से बढ़कर अब 194030 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दी गई है। श्रेणी बी की दर 122040 से बढ़ाकर 129370 रुपए प्रति वर्गमीटर की गई है। वहीं श्रेणी सी में 109840 से बढ़ाकर 116430 रुपए प्रति वर्गमीटर श्रेणी डी की आवंटन दर 97650 प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 103510 रुपए प्रति वर्गमीटर और श्रेणी ई में 69170 प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 73320 रुपए प्रति वर्गमीटर कर दी गई है।

### संस्थागत संपत्तियों की होंगी नई दर

आरएंडडी, फिल्म ऑडियो, वीडियो स्टूडियो सेक्टर-1 से 16ए, फेज-1 में साक्षात्कार के जरिए होने वाले आवंटन की दर 73220 से बढ़ाकर 77620 रुपए प्रतिवर्गमीटर कर दी गई है। इसी तरह फेज-2 और फेज-3 एक्सप्रेस वे पर साक्षात्कार के जरिए 31760 प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 33670 रुपए प्रति वर्गमीटर की गई। वहीं ई निलामी के जरिए आईटी, आईटीईएस, डेटा सेंटर सेक्टर-1, 16ए और 24 में 73220 से 77620 रुपए प्रतिवर्गमीटर की गई।

**औद्योगिक सेक्टर-फेज-2 के लिए**

प्रथम 4000 वर्गमीटर के लिए आवंटन दर 20480 से बढ़कर 21710 रुपए प्रतिवर्गमीटर, 4001 से 20 हजार वर्गमीटर तक के प्लाट की आंवटन दर 18,460 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़कर 19570 रुपए प्रतिवर्गमीटर, 20001 से 60 हजार प्रतिवर्गमीटर प्लाट की आवंटन दर 16990 से बढ़ाकर 18010 रुपए प्रतिवर्गमीटर कर दी गई है।

## फुले दंपत्ति पर सेंसर बोर्ड की रोक अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है : राकेश अवाना

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के



जीवन और संघर्षों पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में आज आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश इकाई ने जिलाध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में सेक्टर-19 नोएडा स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन गजेटेड ऑफिसर शुलभ राठी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि फुले दंपत्ति के क्रांतिकारी विचारों और समाज सुधार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए फिल्म पर लगाई गई रोक को अविलंब हटाया जाए। जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले का जीवन सामाजिक जागरूकता, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक योगदान का प्रतीक है।

## सार संक्षेप

### विजयनगर के जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता का तबादला

**गाजियाबाद।** नगर निगम के विजय नगर के जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता का तबादला शासन ने कर दी है। उन्हें नगर पालिका परिषद बस्ती में अधिशासी अधिकारी बनाकर भेजा गया है। शासन ने उन्हें स्वतः ही कार्यमुक्त करते हुए नई तैनाती पर जवाइन करने को कहा गया है।

### एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक को 'लिवर चैंपियन अवार्ड' से किया सम्मानित

**नोएडा।** लिवर स्वास्थ्य के क्षेत्र में



...लिए एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान को नई दिल्ली के उपराज्यपाल डा वी के सक्सेना द्वारा देश के गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'लिवर चैंपियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आइएलबीएस) द्वारा विश्व लीवर दिवस पर स्वस्थ लिवर-स्वस्थ्य भारत कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और आइएलबीएस के निदेशक डॉ. एस के सरीन भी उपस्थित थे। विदित हो कि एमिटी समूह के संस्थानों ने 'सहानुभूति अभियान'और 'प्रोजेक्ट प्रकाश' जैसी राष्ट्रीय पहलों के प्रभाव को बढ़ाने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### 16 करोड़ के फ्रॉड में नाइजीरियन समेत 4 गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के नैनीताल बैंक में सर्वर हैक कर 16 करोड़ के फ्राड के मामले में साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया।



इसमें पकड़ा गए नाइजीरियन नागरिक के पास से एमडीएमए टेबलेट बरामद की गई जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी जा रही है। इनकी पहचान UMEALAKEI EMEKA उर्फ एलेक्स निवासी ग्रेटरनोएडा, सावेज, अमित और दीपक हुई है। साइबर फ्राड मामले में अब तक 16 में से 3 करोड़ की रिकवरी की जा चुकी है। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि नैनीताल बैंक में फ्राड मामले में पुलिस को शक था इसमें नाइजीरियन गिरोह का हाथ हो सकता है। इसी क्रम में जांच की गई। जांच में एलेक्स नाम एक शख्स की जानकारी मिली। ये साइबर फ्राड करने के अलावा दिल्ली एनसीआर में प्रतिबंधित ड्रग्स का सप्लायर भी है। मुखबिर और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से इसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद इसके तीन और साथियों को गिरफ्तार किया गया।

### सलाम नमस्ते में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में पोषण पखवाड़ा का आयोजन हुआ। 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित इस कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी एवं परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। सलाम नमस्ते में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एकीकृत बाल विकास सेवा गौतमबुद्धनगर की टीम ने हिस्सा लिया।

## भीषण गर्मी में निगम लगा रहा अस्थाई प्याऊ, राहगीरों को मिलेगी राहत




**इंदिरापुरम सहित प्रत्येक जोन में सार्वजनिक स्थलों पर की जा रही स्वच्छ और शीतल पेयजल की व्यवस्था : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए नगर निगम अस्थाई प्याऊ लगा रहा है। प्रत्येक जोन में आवश्यकता को देखते हुए 10 से 12 सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की आपूर्ति राहगिरियों के लिए करते हुए प्याऊ लगाने की योजना है। इंदिरापुरम सहित गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगभग 50 से 60 अस्थाई पियाऊ लगाई जाएंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते राहगीरों के रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस अड्डा, अस्पताल, ऑटो स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर केनोपी लगाकर मटकों के माध्यम से शीतल जल की आपूर्ति राहगिरियों के लिए की जा रही है। जिसमें सबसे पहले सिटी जोन अंतर्गत अस्थाई प्याऊ लगाए गए हैं, अन्य जोन में भी तेजी से कार्य करते हुए अस्थाई प्याऊ लगाने का कार्य चल रहा है, अस्थाई प्याऊ पर रखे हुए मटकों में समय-समय पर जलकल विभाग पानी भरेगा तथा स्वच्छ और शीतल जल की आपूर्ति राहगिरियों को होगी। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार जलापूर्ति के लिए हैंडपंप तथा नलकूपों की मरम्मत का कार्य भी जोरो से चल रहा है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगभग 35 स्थाई प्याऊ गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगाए हुए हैं, पटेल नगर फर्स्ट हापुर रोड, मेरठ रोड आर्य नगर, राज नगर एक्सटेंशन व अन्य स्थानों पर स्थाई प्याऊ लगाएं इसी क्रम में आवश्यकता को देखते हुए अस्थाई प्याऊ लगाने की कार्रवाई जारी है।

## जीएसटी कमिश्नर को व्यापारियों ने गिनाई समस्याएं



**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा इकाई के चेयरमैन नरेश कुच्छल की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल की एक टीम ने नोएडा के नव नियुक्त जीएसटी कमिश्नर संदीप भागिया का पुष्प गुच्छा व मिठाई भेट कर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने जीएसटी कमिश्नर संदीप भागिया से जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की मुख्य समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रजिस्टर्ड व्यापारियों का दुर्घटना बीमा दस लाख रुपए तक निर्धारित किया गया है। इसकी जानकारी सभी व्यापारी वर्ग को सुनिश्चित कराया जाय। साथ ही व्यापारियों की सभी समस्याओं का निदान प्राथमिक तौर पर किया जाय। इस पर जीएसटी कमिश्नर संदीप भागिया ने व्यापारियों को भरोसा दिया कि जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों की सभी समस्याओं का समाधान त्वरित ढंग से किया जायेगा। अगर किसी व्यापारी को जीएसटी से संबंधित कोई समस्या है, तो वह विभागीय अधिकारियों या उनसे संपर्क कर सकता है। इस अवसर पर चेयरमैन नरेश कुच्छल, अध्यक्ष राम अवतार सिंह, वरिष्ठ महामंत्री मनोज भाटी व दिनेश महावर, ओमपाल शर्मा, विक्रांत चौहान, संदीप चौहान, सुभाष त्यागी, मूलचंद गुप्ता, राधेश्याम गोयल, सत्य नारायण गोयल, पीयूष वालिया, पंडित केशव आदि उपस्थित रहे।

## प्राधिकरण के सीईओ ने की कार्रवाई, दो कर्मी निलंबित

**■ कंपनियों पर 6 लाख जुर्माना**
**■ अनट्रीटेड वाटर डालने पर सोसाइटी पर एफआईआर**



### अनट्रीटेड पानी डालने पर एक्शन

लोटश पनाश और महर्षि आश्रम द्वारा बिना शोधित किए पानी सीधे नाले में डाला जा रहा था। ऐसे में सोसाइटी की सीवर लाइन को बंद करते हुए सोसाइटी पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देशर दिए गए। साथ ही मेरठ स्थित चिट फंड कार्यालय में दायित्व को पूरा नहीं करने के कारण सोसाइटी का पंजीकरण निरस्त करने के लिए पत्राचार करने को कहा गया।

**नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने संबंधित अधिकारियों के साथ सेक्टर-104, 105,110, गेझा, भंगेल और भंगेल रोड का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें संबंधित स्थानों पर लापरवाही करने वाले अधिकारियों ठेकेदारों पर एक्शन लेने संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें लापरवाही बरतने पर भारी भरकम जुर्माना और वेतन रोकने जैसा एक्शन लिया गया।

**सुपरवाइजर और स्वास्थ्य निरीक्षक निलंबित**

निरीक्षण के दौरान भंगेल सलारपुर व यथार्थ अस्पताल के सामने मुख्य नाले में फ्लोटिंग व सिल्ट पाया गया। सफाई नहीं करने पर कंपनी अर्मित कंस्ट्रक्शन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। सलारपुर में कई स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट पाया गया।

जिसे हटाने का निर्देश दिए गए। जन स्वास्थ्य द्वितीय के क्षेत्र सर्किल-8 के रास्तों में कूड़ा मिला। नालियां ओवर फ्लो मिली। ऐस में सुपरवाइजर श्यामवीर, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार भाटी को निलंबित करने के लिए पत्र जारी किया गया। वहीं राहुल कुमार सहायक परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य द्वितीय का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया।

**साफ-सफाई नहीं मिली, 5 लाख का जुर्माना**

सेक्टर-82 व 110 के बीच मुख्य मार्ग और सेक्टर-105, 108 के बीच का रास्ता, सेक्टर-137 व सेक्टर-141 के बीच, सेक्टर-108,110 की सर्विस रोड पर कूड़े के ढेर मिले। साफ-सफाई नहीं करने पर मॉडर्न इंटरप्राइजेज पर 5 लाख की पेनाल्टी लगाते हुए शो कॉस नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा सेक्टर-140,140ए,90,138 चौराहों का सुधार कार्य प्रगतिरत पाया गया। यहां आरसीसी मैटेरियर की जांच की गई। सेंड की गुणवत्ता सही नहीं मिलने पर जुर्माना लगाया गया।

## निगम प्रवर्तन दल भी कार्रवाई में पीछे नहीं, वसूला 85.22 लाख से ज्यादा जुर्माना





**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम के प्रवर्तन दल ने भी वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछली कार्रवाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। प्रवर्तन दल ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन के जब्तीकरण के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से भारी भरकम जुर्माना वसूला है वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रवर्तन दल ने 9594 किलोग्राम प्रतिबंध पॉलिथीन जब्त की। वहीं चालान व अन्य मदों में 85 लाख 22 हजार से अधिक के धनराशि की धनराशि बतौर जुर्माना वसूली की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण को लेकर बेहद गंभीर है। इसी कारण सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण या अवैध कब्जे को हटाया गया है। जिसमें करोड़ों की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्रवर्तन दल की टीम ने भी 85 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। उधर प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि प्रवर्तन दल ने नगर आयुक्त के दिशा निर्देशन में पूरी शिद्दत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसमें 2024 -25 के दौरान स्थाई रूप से किए गए 43 अतिक्रमण हटाए गए वहीं अस्थाई अतिक्रमण की संख्या 740 है। इसी तरह प्रतिबंधित पॉलीथिन के जब्तिकरण के अभियान के दौरान कल 9594 किलो ग्राम पॉलिथीन जब्त की गई। 338 अवैध होर्डिंग हटाए गए। सबसे बड़ी बात यह है कि चालान व अन्य मदों में प्रवर्तन दल ने कल 85 लाख 22 हजार 349 रुपए का जुर्माना वसूला। वेंडिंग जोन में वेंडिंग के विरुद्ध कार्य करने वालों से 1 लाख 97400 रुपए बतौर जुर्माना की वसूली की गई। वहीं पशु कैचिंग अभियान के तहत कुल 197 पशुओं को पकड़ा गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के प्रेरणा, दिशा निर्देशन और उनकी सुनियोजित कार्य नीति के कारण उन्हें यह सफलता मिल पाई है। उन्होंने अपनी पूरी टीम को इसके लिए बधाई भी दी है।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली

**खोड़ा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को विश्व विभूति डॉक्टर भीमराव मिशन के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। संगम बिहार स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मिशन के पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर महेंद्र गौतम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान शिल्पी के तौर पर आधुनिक भारत की नींव रखी थी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता न्याय शोषित वर्ग के सशक्तीकरण के लिए समर्पित कर दिया। माल्यार्पण के उपरांत आंबेडकर पार्क से भव्य शोभा यात्रा लोधी चौक पुश्ता रविवार बाजार शनि बाजार फेस तीन गुर्जर गेट कालू सीमेंट एजेंसी वीर बाजार साहिल पब्लिक खोड़ा गांव से आंबेडकर पार्क पर समापन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान झांकियों का शुभारंभ रणजीत सिंह बौद्ध रामबाबू आर एस नवल प्रताप बौद्ध मेघ नंद जाटव के नेतृत्व में किया गया। शोभा यात्रा का लोगो द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर मिशन महासचिव अमित जाट, विनोद कुमार, राजवीर सिंह, मुकेश गौतम, वीर सेन, पूर्व महासचिव प्रकाश चंद सागर, के पी सिंह, मास्टर देवेंद्र सिंह, निगम सुमन मुखिया सहित हजारों की संख्या में मातृशक्ति युवा मौजूद रहे।



**■ विहिप बजरंग दल भाजपा व कई अन्य संगठनों द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया**

## मोदीनगर व लोनी महायोजना-2031 की बैठक में 32 आपत्तियों व सुझाव पर चर्चा

**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मोदीनगर एवं लोनी महायोजना-2031 के प्रारूप में प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर सुनवाई के लिए आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त सभी 32 आपत्तियों/सुझावों पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति की अनुशंसा को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना-2031 के प्रारूप के संबंध में सार्वजनिक रूप से दिनांक 28 मार्च 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आम नागरिकों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। उक्त अवधि में कुल 32 आपत्तियां/सुझाव प्राप्त हुए। आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार हेतु आज प्राधिकरण मुख्यालय में एक समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने की। बैठक में जिला अधिकारी प्रतिनिधि, अधिशासी अभियंता (नगर निगम गाजियाबाद), नगर नियोजक, प्रमुख नगर एवं ग्राम नियोजक (उत्तर प्रदेश शासन), तथा नगर आयुक्त (गाजियाबाद नगर निगम) सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में प्राप्त सभी 32 आपत्तियों/सुझावों पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति की अनुशंसा को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमोदन उपरांत, महायोजना-2031 को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी तथा शासन को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**■ अनुमोदन के लिए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव**




## ऑक्यूपेशनल थेरेपी से ऑटिजम प्रोब्लेमेटिक बिहेवियर में सुधार सम्भव : डॉ. नेहा पुंडीर

**गाजियाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑटिजम एक प्रकार का न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर है जिसे मेडिकल भाषा में ऑरिज्म स्पेक्ट्रम्स डिसऑर्डर भी कहते है। ऑक्यूपेशनल थेरेपी से ऑटिजम प्रोब्लेमेटिक बिहेवियर में सुधार सम्भव है। यह बात डॉ. नेहा पुंडीर ने यहां एसएसके पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि ऑटिज्म एक प्रकार का न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर है जिसे मेडिकल भाषा में ऑरिज्म स्पेक्ट्रम्स डिसऑर्डर भी कहते है। इस डिसऑर्डर में बच्चों की भाषा का विकास देरी से होना, उम्र के हिसाब से बातचीत करने का लेवल कम होना या एक ही तरह के व्यवहार को बार-बार दोहराना आदि



देखा जाता है आमतौर पर यह बच्चे न अपनी बात ठीक से कह पाते है, ना समझा पाते है और न ही अन्य लोगो से मिलजुल पाते है।

साइंस के मुताबिक अभी तक इसके सही कारणों का पता न्ही चल पाया है और वर्तमान में हर 52 बच्चों में से 1 बच्चे में ये अवस्था पायी जा रही है जिस कारण इस डिसऑर्डर के बारे में जानना और समझना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ऑटिजम में हर बच्चों में लक्षण कुछ अलग हो सकते है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इन बच्चों में स्पीच डिले, अन्य बच्चों के मिलनसार न हो होना या अकेले में खेलना ज़्यादा पसंद करना, शब्दों को बार बार दोहराना खिलौनो से खेलने के बजाए उन्हें लाइन में लगाते रहना, खुश होने और हाथ फड़फड़ाना या उछलना, कूदना ज्यादा करते है यह कुछ लक्षण है जो ऑटिस्टिक बच्चे में हो सकते है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे में इस तरह के लक्षण दिखे तो माता पिता को भी पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट को अवश्य कंसल्ट करना चाहिए।

उवाच

इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक है। सांची भाटिया ने महज 5 वर्ष और 4 माह की उम्र में अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम (जेड से ए) में मात्र 4 सेकंड में सुनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस उपलब्धि को 27 फरवरी, 2025 को आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई तथा उन्हें 8 अप्रैल, 2025 को आईबीआर अचीवर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रिकॉर्ड दर्ज करते समय सांची केजी कक्षा की छात्रा थीं, जो अब कक्षा 1 में पदोन्नत हो चुकी हैं : **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर।**



# यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने लांच की नई आवासीय भूखंड योजना

■ इस सप्ताह औद्योगिक, वाणिज्यिक, संस्थागत और होटल के लिए आएगी भूखंड की योजना

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने इस सप्ताह कई नई प्लॉट योजनाओं की शुरुआत की है। सोमवार से शुरू हुई आवासीय भूखंड योजना के तहत सेक्टर-18 में 200 वर्ग मीटर के 276 भूखंड बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। आने वाले दिनों में 15 ग्रुप हाउसिंग प्लॉट (2.5 से 50 एकड़), 100 औद्योगिक प्लॉट, 140 दुकानों के लिए वाणिज्यिक प्लॉट और 9 होटल प्लॉट भी लॉन्च किए जाएंगे। पिछले महीने यीडा ने भूखंड आवंटन दरों में भारी वृद्धि की थी।




**आवासीय योजना का विवरण**

सोमवार को शुरू हुई योजना में सेक्टर-18 के पॉकेट 9बी में 200 वर्ग मीटर के 276 प्लॉट शामिल हैं। आवेदन 21 मई तक खुले हैं, और ड्रॉ 11 जुलाई को होगा। यीडा के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेडिकल डिवाइस पार्क और आगामी फिल्म सिटी से 10-15 किमी की दूरी पर स्थित होने के कारण इन प्लॉट्स की मांग बहुत अधिक है। इनमें से 214 प्लॉट सामान्य श्रेणी के हैं, 17.5 फीसदी किसानों और 5 फीसदी कार्यरत उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए आरक्षित हैं।

**नई दरें और शर्तें**

आवासीय जमीन की कीमत अब 35,000 रुपए प्रति वर्ग मीटर है, जो पहले 25,900 रुपए थी, यानी 35 फीसदी की वृद्धि। खरीदारों को 10 फीसदी पंजीकरण शुल्क के रूप में 7 लाख रुपए जमा करने होंगे, और बाकी राशि आवंटन के 60 दिनों के भीतर चुकानी होगी। निर्माण तीन साल में पूरा करना होगा, वरना समय विस्तार शुल्क देना पड़ेगा।

**अन्य योजनाएं**

**ग्रुप हाउसिंग:** इस सप्ताह 2.5 से 50 एकड़ के 15 प्लॉट लॉन्च होंगे। **वाणिज्यिक:** 100 वर्ग मीटर के 140 दुकान प्लॉट। औद्योगिक के 101 प्लॉट, जिनमें 81 छोटे (8,000 वर्ग मीटर से कम) और 20 बड़े प्लॉट शामिल हैं। छोटे प्लॉट ई-नीलामी से और बड़े प्लॉट उद्देश्यपूर्ण मानदंडों से आवंटित होंगे। होटल- 9 होटल प्लॉट की योजना भी जल्द शुरू होगी। संशोधित आवंटन दरें कॉरपोरेट कार्यालय प्लॉट 25,000 से बढ़कर 52,500 रुपए प्रति वर्गमीटर (110 फीसदी वृद्धि)।

**ग्रुप हाउसिंग:** 62 फीसदी बढ़कर 52,500 रुपए प्रति वर्ग मीटर। वाणिज्यिक प्लॉट, 35 फीसदी वृद्धि; एफएआर 2 तक के लिए 70,000 रुपए और एफएआर 2 से अधिक के लिए 84,000 रुपए प्रति वर्ग मीटर। औद्योगिक जमीन- 10 फीसदी वृद्धि; 4,000 वर्ग मीटर तक के लिए 15,670 रुपए और 80,000 वर्ग मीटर से अधिक के लिए 9,550 रुपए प्रति वर्ग मीटर। ये योजनाएं यमुना क्षेत्र में रियल एस्टेट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हैं, जो आगामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से प्रेरित है।

# सुगम आवागमन के लिए 130 मीटर सड़क को जोड़ने का काम शुरू

■ दो किमी लंबी सड़क का निर्माण ऐस सिटी से खैरपुर गोलचक्कर तक किया जा रहा
■ इस सड़क के बनने से 130 चौड़ी सड़क पर पहुंचने के लिए तीन से चार माह में नया मार्ग मिल जाएगी
■ ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए सर्विस रोड का भी निर्माण किया जा रहा
■ जल निकासी के लिए ड्रेन का निर्माण भी किया जाएगा

**ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने का प्रयास जारी है। इसके लिए 60 मीटर चौड़ी सड़क को 130 मीटर से जोड़ने के लिए ऐस सिटी गोलचक्कर से नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो अगले कुछ माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इससे टेकजोन-4 सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा : एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-तीन से नॉलेज पार्क-पांच तक नई सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। 80 मीटर चौड़ी यह सड़क 130 मीटर चौड़ी सड़क से सीधे जुड़ेगी। आवागमन के लिए नया मार्ग मिलने से सेक्टर टेकजोन-चार में ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिल जाएगी। अगले तीन से चार माह में बनकर तैयार हो जाएगी।

दरअससल ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए सड़कों के चौड़ीकरण के साथ अवरुद्ध पड़ी सड़कों को पूरा करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इस दिशा में प्राधिकरण ने एक और बड़ा प्रयास किया है।

गौड़ चौक से सूरजपुर पुलिस लाइन को आने वाली 60 मीटर चौड़ी सड़क को 130 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़ने के लिए ऐस सिटी गोलचक्कर से 130 मीटर सड़क पर स्थित खैरपुर गोलचक्कर तक 80 मीटर चौड़ी और लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। बता दें कि 130 मीटर चौड़ी सड़क ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को सीधे जोड़ती है। इसे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सभी प्रमुख सड़कों से जोड़ने से जोड़ने की योजना है, ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहा। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा।

इससे आसपास के सेक्टरों व गांवों में जाने वाले लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। वहीं 130 मीटर सड़क पर जाने वाले वाहन बिना किसी रुकावट के सीधे पहुंच जाएंगे। जल निकासी के लिए ड्रेन का निर्माण भी किया जाएगा। सड़क का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी 60 मीटर सड़क गौड़ चौक व बिसरख गोलचक्कर के पास से जुड़ती है। शहर में कई ऐसी प्रमुख सड़कें हैं,जो विवाद के चलते अवरुद्ध पड़ी है।

# पुस्तक 'सम्मा सती-द राइट माइंडफुलनेस' का विमोचन

■ ग्रेनो प्राधिकरण के प्रबंधक डॉ. केएम चौधरी ने लिखी है यह पुस्तक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक के पद पर तैनात डॉ. कमलेश मणि चौधरी द्वारा लिखित पुस्तक 'सम्मा सती-द राइट माइंडफुलनेस' का हिंदी भवन, दिल्ली के ऑडिटोरियम में रविवार को हुआ। पुस्तक का विमोचन विश्व विख्यात प्रखर राष्ट्रवादी वीर रस के कवि डॉ. हरिओम पवार ने किया।

साहित्य प्रेमी मंडल संस्था द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में पुस्तक का विमोचन करते हुए डॉ. हरिओम पावर ने कहा कि डॉ. कमलेश चौधरी की पुस्तक आध्यात्मिक जागरूकता की दिशा में एक उत्कृष्ट प्रयास है। मंच पर आसीन देश के अनेक वरिष्ठ एवं दिग्गज कवियों, पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, डॉ. विष्णु सक्सेना, डॉ. प्रवीण शुक्ल, डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, डॉ. कीर्ति काले ने भी 'सम्मा सती-द राइट माइंडफुलनेस' पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इस पुस्तक में जीवन को सजगता से जीने




के तरीकों को बहुत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली विधानसभा के स्पीकर बृजेन्द्र गुप्ता तथा सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी उपस्थित रहे। इस दौरान हाल में मौजूद श्रोतागणों ने ताली बजाकर डॉ. कमलेश चौधरी का उत्साह बढ़ाया। सम्मा सती-द राइट माइंडफुलनेस सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे आमेजन, फ्लिपकार्ट, किंडल आदि से प्राप्त की जा सकती है।

# सांची भाटिया ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया नाम, जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में नोएडा स्थित मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-119 की होनहार छात्रा सांची भाटिया को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सांची को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक है। सांची भाटिया ने महज 5 वर्ष और 4 माह की उम्र में अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम (जेड से ए) में मात्र 4 सेकंड में सुनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस उपलब्धि को 27 फरवरी, 2025 को आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई तथा उन्हें 8 अप्रैल, 2025 को आईबीआर अचीवर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रिकॉर्ड दर्ज करते समय सांची केजी कक्षा की छात्रा थीं, जो अब कक्षा 1 में पदोन्नत हो चुकी हैं। अपने विद्यालय में वे अपने उत्साही व्यक्तित्व, सहयोगी व्यवहार और नवीन मित्रता की प्रवृत्ति के लिए जानी जाती हैं। उनका मिलनसार स्वभाव उन्हें सभी में प्रिय बनाता है। सांची नोएडा के सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडिएक सोसायटी में अपने परिवार के साथ निवास



करती हैं। उनके पिता एक अकाउंट्स प्रोफेशनल हैं और माता बेसिक शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। माता-पिता के निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने सांची के आत्मविश्वास और प्रतिभा को दिशा दी है। विद्यालय और जनपदवासी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। यह सफलता न केवल सांची की मेहनत और स्मरणशक्ति को दर्शाती है, बल्कि अन्य बालकों के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत है। निश्चित रूप से सांची भविष्य में और भी कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

# ग्रेनो प्राधिकरण में अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

■ कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी तो कुछ का बोझ किया गया हल्का

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में वरिष्ठ प्रबंधक स्तर के अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई तो कुछ के काम का बोझ हल्का किया गया है। प्रबंधक नरोत्तम सिंह को वर्क सर्किल- सात एवं प्रभात शंकर को वर्क सर्किल-एक का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम को स्वास्थ्य विभाग के साथ अब उद्यान विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रबंधक नरोत्तम सिंह को वर्क सर्किल-7 के साथ उद्यान विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। मनोज कुमार सचान को वर्क सर्किल ड्रेन का कार्य एवं अर्बन सर्विसेज विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रबंधक राम कुमार को ई-निविदा सेल एवं अर्बन सर्विसेज विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। वह अब तक वर्क सर्किल-5 एवं उद्यान विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक स्तर का कार्य देख रहे थे। प्रबंधक राजेश कुमार निम को वर्क सर्किल-7 से हटा दिया गया है। अब सिर्फ 3,4 में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक स्तर का कार्य करेंगे। वहीं प्रबंधक रतिक को वर्क सर्किल-1 से हटाकर वर्क सर्किल-5 एवं खेल परिसर में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सहायक प्रबंधक प्रभात शंकर को वर्क सर्किल-1 में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक के साथ जल विभाग, जिम्स, वर्क सर्किल-3 एवं वर्क सर्किल-7 में 130 मीटर सड़क के प्रभारी प्रबंधक का कार्य देखेंगे। सहायक प्रबंधक पीपी मिश्रा को वर्क सर्किल उद्यान विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक के साथ एसेट विभाग, जीबीयू एवं वर्क सर्किल-4 में प्रभारी प्रबंधक स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# आनंदाश्रय सोसाइटी में रजिस्ट्रार की देखरेख में आरडब्ल्यूए का चुनाव शांतिपूर्वक हुआ संपन्न



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आनंदाश्रय रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के नए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी की देखरेख में सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रशासन के सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यकाल समाप्त कर रहे सचिव अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष विपन गोयल एवं संयुक्त सचिव अनिल कुमार शर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों के साथ-साथ अन्य उम्मीदवारों जोगिंदर मलिक, विकास, प्रेम प्रकाश और लखी प्रसाद का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक और सकारात्मक भागीदारी निभाई।

चुनाव के दौरान विशेष सहयोग प्रदान करने वाले पर्यवेक्षकों के.के. शर्मा, मनीष शर्मा, गगन तिवारी और नीरज यादव का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। चुनाव में निर्वाचित सदस्यों में उमाशंकर, स्वाति पराशर, नादीगोटी ऋषिकेश, ऋषि बल्लभ, अंकुश गुप्ता, राज प्रकाश मित्तल, रूपेश तोमर, अरुण कुमार सिंह, राजपाल सूरी, एवं पीयूष चौधरी शामिल हैं। नव निर्वाचित सभी सदस्यों का आनंदाश्रय के निवासियों द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। निवासियों ने नए बोर्ड से आशा व्यक्त की है कि वह सोसाइटी के विकास और सहयोग की दिशा में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूद कर बचायी अपनी जान

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिसरख थाना क्षेत्र के खैरपुर गुर्जर के पास 130 मीटर रोड पर एक चलती कार में आग लगने से जलकर खाक हो गई। यह घटना उस समय हुई जब एक रेनॉल्ट क्विड कार गौर सिटी की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन चालक ने तत्परता से कार से बाहर की तफर कूद कर अपनी जान बचा ली।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। और पूरी कार को अपनी चपेट मव लेकर खाक कर दिया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के लिए रवाना हुई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर तेजी से आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह से बुझा दिया। जिस कारण



समय पर सूचना मिलने और त्वरित कार्रवाई के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है। हालांकि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट या इंजन में किसी तकनीकी खराबी के कारण लग सकती है।

# साहित्य प्रेमी मंडल के स्थापना पर डॉ. विष्णु सक्सेना को मिला काव्य किशोर सम्मान

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। साहित्य प्रेमी मंडल की स्थापना के चालीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हिंदी भवन, दिल्ली में स्वर गंगा कवि सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री, भारत सरकार हर्ष मल्होत्रा ने डॉ. विष्णु सक्सेना को काव्य किशोर सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कविवर डॉ. हरिओम पंवार को सहित्य भारती सम्मान, गीतकार बलराम श्रीवास्तव को निरालाश्री सम्मान और पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले प्रत्येक कवि को इक्यावन हजार रुपये सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और इस दर्पण को सजाने और संवारने के लिए मैं साहित्य प्रेमी मंडल को साधुवाद देता हूँ। इस अवसर पर साहित्य प्रेमी मंडल के उपाध्यक्ष एवं विश्व रिकॉर्ड होल्डर आर्टिस्ट राजेश कुमार की पुस्तक केदार से कैलाश तक तथा पत्रिका विनायक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश मणि चौधरी की पुस्तक सम्मासती का भी विमोचन किया गया।




# विपक्षी पार्टियों ने मुसलमानों का केवल वोट के लिए किया इस्तेमाल : धीरेंद्र

■ चंद लोगों ने छीना गरीब मुसलमानों का हक, अब वक्फ एक्ट में संशोधन के बाद सरकारी जमीनों की लूट और अवैध कब्जों पर लगेगा अंकुश

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सोमवार जेवर में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा जमाने और गरीब मुसलमानों का हक छीनने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश के मुसलमान भाइयों का खैरख्वाह बनने वालों ने वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जे कर रखे हैं, लेकिन अब मोदी सरकार लूट की संपत्ति को उन अमीर मुसलमान के चंगुल से छुड़ाकर, उस जमीन





पर देश के गरीब मुसलमान भाइयों के बच्चों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्किल सेंटर बनाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वक्फ की जमीन का नाजायज फायदा उठाने वाले आज जेल में है। यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां 2017 से पहले हर सप्ताह प्रदेश में दंगे हुआ करते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 के बाद दंगा करने और करवाने वालों को सौ बार सोचना होगा । इस मौके पर हबीब हैदर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा व सह-प्रभारी, पश्चिम बंगाल ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने हमेशा हम लोगों को गुमराह करने का काम किया है। विपक्षी पार्टियों ने मुसलमानों को न तो शिक्षा दी और न ही सुरक्षा दी, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुसलमानों को शिक्षा, सुरक्षा के साथ साथ रोजगार भी दे रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन मौलवी अशरफ़ अली ने किया तथा दर्जनों ग्रामों के सैकड़ो लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिसमें मुफ्ती सुलेमान, मौलवी गुलफ़ाम, अबरार मास्टर, गफूर खां, जमील खान, इस्माइल खां, डॉ इब्राहिम खान, यामीन मेवाती, शराफत अली, हसीन खान, जफरुद्दीन नेता जी, जमशेद अली व कल्लन खान आदि मौजूद रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः-0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न०-01, सेक्टर-के०पी०-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Meenakshi Sahkari Awas Samiti Ltd. माध्यम से आवंटित भवन संख्या-B-403, 4th Floor, Sector-Pi, Greater Noida क्षेत्रफल-147.12 वर्ग मीटर, Prop. Humayun Murad S/o Shri Niamatullah Ansari के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Prop. Humayun Murad की मृत्यु दिनांक-21.04 2021 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Naushaba Murad alias Naushaba Khatoon W/o Late Prop Humayun Murad ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Prop. Humayun Murad के स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Naushaba Murad alias Naushaba Khatoon W/o Late Prop Humayun Murad के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01200, भूखण्ड संख्या-333, क्षेत्रफल-140 वर्ग मीटर को आवंटित श्रीमती परसन्दी देवी पत्नी स्व० श्री कबूल भाई की पत्नी स्व० श्री प्रकाश, निवासी-ग्राम-मिल्क लच्छी, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती परसन्दी देवी पत्नी स्व० श्री कबूल भाई की पत्नी स्व० श्री प्रकाश की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री बलराज सिंह नागर, रामकला, गजराज सिंह, सतपाल, राकेश, ओमवीर नागर, बिजेन्द्र, ओमकार पुत्रगण स्व० श्री कबूल, श्रीमती बल्लो (बाला) (विवाहित), श्रीमती बलेश (विवाहित), श्रीमती मुनेश (विवाहित), श्रीमती सन्तरा (विवाहित) पुत्रीगण स्व० कबूल, निवासी-ग्राम-मिल्क लच्छी, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री बलराज सिंह नागर, रामकला, गजराज सिंह, सतपाल, राकेश, ओमवीर नागर, बिजेन्द्र, ओमकार पुत्रगण स्व० श्री कबूल, निवासी-ग्राम-मिल्क लच्छी, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री बलराज सिंह नागर, रामकला, गजराज सिंह, सतपाल, राकेश, ओमवीर नागर, बिजेन्द्र, ओमकार पुत्रगण स्व० श्री कबूल, निवासी-ग्राम-मिल्क लच्छी, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं चोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम चकबीरमपुर में उप जिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या – 1064/एस.टी.-एस.डी.एम./2024, दिनांक 11.04.2025 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चकबीरमपुर | 86, 87/2, 89 | स्व0 श्री किशन लाल पुत्र श्री हेता, नि0 ग्राम चकबीरमपुर, पर0 व तह0- जेवर, जनपद- गौतमबुद्धनगर | सुंदर | पुत्र | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | | दिनेश कुमार | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | मुन्नी | पुत्री | 60 वर्ष | विवाहित |
| | | | | गुड्डन | पुत्री | 55 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुरेन्द्री | पुत्री | 51 वर्ष | विवाहित |
| | | | | रजनी | पुत्री | 42 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के०पी०-4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र०।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भवनों की योजना BHS16 के अन्तर्गत भवन संख्या 3TF, Block-203, Area-29.76 Sqmt., Sector-Mu-02, Allotment No.-BHS167452 Greater Noida के आवंटी Sh. Reoti Raman Lal Agarwala S/o Late Sh. Mitthan Lal Agarwal के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Reoti Raman Lal Agarwala S/o Late Sh. Mitthan Lal Agarwal की मृत्यु दिनांक 06.07.2024 को हो गयी है। मृतक आवंटी के पौत्र Sh. Mudit Singhal & Sh. Yayati Singhal S/o Sh. Chandra Mauli Aashish द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रो/मृत्यु प्रमाण पत्र/वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण किए जाने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। (वसीयत के अनुसार मृतक आवंटी द्वारा अपने पौत्र Sh. Mudit Singhal & Sh. Yayati Singhal S/o Sh. Chandra Mauli Ashish के पक्ष में बही संख्या 3, जिल्द संख्या 509, पृष्ठ संख्या 305 से 328 पर क्रमांक 673 दिनांक 24.08.2019 को उप निबन्धक कार्यालय सदर ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०) पर पंजीकृत करायी गयी है।) मृतक आवंटी के पौत्र Sh. Mudit Singhal & Sh. Yayati Singhal S/o Sh. Chandra Mauli Aashish गुप्ता द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन का नामांतरण/म्यूटेशन अपने पक्ष में किए जाने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किए गए है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Reoti Raman Lal Agarwala S/o Late Sh. Mitthan Lal Agarwal के स्थान पर उनके पौत्र Sh. Mudit Singhal & Sh. Yayati Singhal S/o Sh. Chandra Mauli Aashish R/o 4/244 SFS, Sector-04, Ward No.-40, Agarwal Farm Mansarovar, Jaipur-302020 (Rajasthan) के नाम पूर्ण रुप से दर्ज कर दिया जायेगा।

डिप्टी कलेक्टर (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ० वि० प्राधिकरण।

# संपादकीय

**नई दिल्ली, मंगलवार 22 अप्रैल 2025**

***संस्थापक-सम्पादक :*** स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार की जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ़ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं।' राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।'

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं।

वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरज़ीह देता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की बातें एक बार फिर से विश्वपटल पर प्रमुखता से लोगों के सामने आयेगी।

अनुमानों के मुताबिक भाजपा ने राहुल के इस बयान को 'संवैधानिक संस्थाओं का अपमान' बताया तथा राहुल पर 'देश को बदनाम करने की सुपारी' लेने का आरोप लगा दिया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, 'राहुल गांधी विदेश जाकर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। यह दिखाता है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए भारत के विरोध पर उतर गये हैं- वह भी विदेशी धरती पर।' पूनावाला के अनुसार 'पूरी दुनिया भारत के चुनाव आयोग और निर्वाचन प्रणाली की प्रशंसा कर रही है पर भारत के खिलाफ और देश की बदनामी की सुपारी लेने का काम राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम कर रहा है।' इसी तरह संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही ईडी की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब जेल जा सकते हैं। वहीं देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल गांधी के चरित्र पर ही सवाल उठाए और उन्हें नसीहत दी कि चुनाव नतीजों पर सवाल उठाने की जगह वे जनता का दिल जीतने के बारे में सोचें। भाजपा की ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर जो सवाल उठा रहे हैं, उनसे सबसे ज्यादा तकलीफ भाजपा को हो रही है। याद हो कि उनके पिछले विदेशी दौरों में दिये उनके व्याख्यानों को लेकर उन्हें भाजपा समर्थकों ने 'देशद्रोही' तक कहा था।

बहरहाल, राहुल की अमेरिका यात्रा में आगे क्या होता है, ये देखना होगा। उनका एक व्याख्यान ब्राउन विश्वविद्यालय में होगा, साथ ही वे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिसमें भाजपा अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। वैसे राहुल गांधी के दौरे की कमान एक बार फिर से इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के हाथों में है जो साबित करता है कि दोनों के बीच मतभेदों की जो बात बीच-बीच में उठाई जाती रही है, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। पित्रोदा ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है! आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें!''

# अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर ''देश में हो रहे सभी गृह युद्धों'' की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ़ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ़ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंख्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वाक्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।

याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है।

इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की ''हिंदी थोपे जाने'' की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फार्मूले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में ''हिंदी'' अनिवार्य की जा रही है। हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं।

यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले, भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित ''अतिक्रमणों'' से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी 'सर्वोच्चता' का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को ''पूर्ण न्याय'' करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ''जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलब्द्ध है'' ही करार दे



राजेंद्र शर्मा

> **दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।**

दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से ''पूर्ण न्याय'' करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।

फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है। इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि। इसके बावजूद, इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे की असली नीयत तब खुलकर सामने आ गयी जब रातों-रात संघ-भाजपा के युवा संगठनों ने विभिन्न राज्यों को ऐसे पोस्टरों से पाट दिया, जो वक्फ संशोधन विधेयकों का विरोध करने वाली राजनीतिक पार्टियों को, हिंदू-विरोधी घोषित करते थे। यह इसका खुला ऐलान था कि यह कानून, सबसे बढ़कर हिंदू सांप्रदायिकता के आग्रहों से ही संचालित है।

एक प्रकार से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस वक्फ अधिनियम के खिलाफ चुनौतियों की सुनवाई पर अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में बिना कहे इस सच्चाई को स्वीकार भी किया है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिनियम के कम से कम तीन पहलुओं पर फौरी तौर पर रोक लगाने की जो मंशा जतायी थी, उसके बाद मोदी सरकार ने अपनी ओर से ही संबंधित पहलुओं का परिचालन अगले अदालती आदेश तक रोके रखने का आश्वासन दे दिया। अदालत ने इस आश्वासन को आधिकारिक रूप से दर्ज कर लिया और इस तरह वक्फ़ अधिनियम के अमल को ही अदालत द्वारा रोके जाने की शर्मिंदगी से तो सरकार बच गयी, लेकिन इन कदमों को अपनी ओर से ही रोके रखने का वादा करने के बाद ही।

इस तरह जिन दो सबसे समस्यापूर्ण पहलुओं का अमल रोक दिया गया, उनमें एक तो वक्फ़ बोर्ड तथा वक्फ़ काउंसिल का राज्यों के स्तर तक पुनर्गठन ही है। इस सिलसिले में विवाद तथा अदालती चुनौती के केंद्र में अधिनियम का यह प्रावधान है कि अब तक के कायदे के विपरीत, उक्त निकायों में गैर-मुसलमानों को भी रखा जा सकता है। शिकायत यह है कि नये प्रावधानों के तहत बोर्ड और काउंसिल में गैर-मुस्लिमों का बहुमत तक हो सकता है। इस संदर्भ में इस कानून का विरोध करने वालों का तर्क यह है कि यह तो अपनी धार्मिक संस्थाओं का स्वार्या रूप से संचालन करने की, देश के संविधान में सभी समुदायों को दी गयी स्वतंत्रता का ही उल्लंघन है। इसके अलावा इस प्रबल तर्क का भी सरकार के पास कोई जवाब नहीं था कि क्या वह अन्य धर्मों पर व संप्रदायों की संस्थाओं में भी इसी प्रकार, अन्य धर्मावलंबियों को जगह देने जा रही है?

फिलहाल स्थगित कर दिया गया दूसरा ऐसा ही समस्यापूर्ण पहलू ''वक्फ़ बाई यूज'' यानी वक्फ़ के रूप में उपयोग होते आने से किसी संपत्ति की वक्फ़ के रूप में मान्यता का है। नया कानून वक्फ़ बाई यूज को अमान्य करता है और इस प्रकार सैकड़ों साल पुरानी अनेक मस्जिदों, कब्रिस्तानों, खानकाहों आदि पर संपत्ति विवादों का रास्ता खोलता है। मुद्दा यह है कि वर्तमान संपत्ति रजिस्ट्रेशन कानूनों के अमल में आने से पहले से वक्फ़ के रूप में चली आ रही संपत्तियों के मामले में, रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात कहां से आएंगे और किस के पास मिलेंगे? इस तरह नये कानून के बनते ही, अनेक पुरानी संपत्तियों पर विवाद खड़े हो जाने का रास्ता रोक दिया गया है।

बेशक, नये कानून को चुनौती दिए जाने के प्रमुख मुद्दे और भी हैं, जिन पर फिलहाल पाबंदी लगाना जरूरी नहीं समझा गया है। इनमें बुनियादी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला यह प्रावधान भी शामिल है कि वक्फ़ करने के लिए, संबंधित शख़्श का पांच साल से धर्मपालक मुसलमान रहा होना जरूरी है। इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा नये कानून में जिलाधीश को वक्फ़ संपत्तियों के दर्जे के संबंध में निर्णय के तमाम अधिकार सौंपे जाने से लेकर, किसी संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा किए जाने की सूरत में, जिलाधीश द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक, उसका वक्फ़ संपत्ति का दर्जा ही स्थगित हो जाने तक जाता है। बहरहाल, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अपने हस्तक्षेप से नये कानून के सबसे आपत्तिजनक तथा समस्यापूर्ण प्रावधानों का अमल स्थगित करा दिया है और अदालत ने एक हद तक अपने सोच की दिशा का भी इशारा कर दिया है। यही सुप्रीम कोर्ट पर संघ-भाजपा के इस बौखलाहट भरे हमले का मुख्य कारण है।

बेशक, भाजपा के अध्यक्ष पद पर अब चंद दिन के मेहमान, जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा आदि भाजपा सांसदों द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर लगाए गए आरोपों से भाजपा को अलगाने की कोशिश में, न सिर्फ उनके बयानों को उनके निजी बयान बताया है बल्कि एक कदम आगे जाकर कहा है कि उन्हें आइंदा ऐसा न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन, संघ-भाजपा की एक साथ कई-कई मुंह से अलग-अलग बातें कहने की कार्यनीति से परिचित लोग, भाजपा के इस खंडन को गंभीरता से लेने केलिए तैयार नहीं हैं। और संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने वक्फ़ प्रसंग को ही लेकर जिस तरह, सुप्रीम कोर्ट को कथित मुस्लिम-पक्षधरता के लिए गरियाना जारी रखा है और उसे ''सुप्रीम कोर्ट'' से लेकर '' शरिया अदालत'' तक कहना जारी रखा है, उससे भाजपा के इन रस्मी खंडनों के प्रति लोगों के अविश्वास को ही बल मिलता है।

सच्चाई यह है कि अब जबकि संजीव खन्ना की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट ने सत्तारूढ़ संघ-भाजपा के मंसूबों से कुछ स्वायत्तता का प्रदर्शन करना शुरू किया है और जल्द ही देश को एक नया मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहा है, जिसका रिकार्ड भी कार्यपालिका की मर्जी के आगे बहुत ज्यादा झुकने का नहीं रहा है, अपने फासीवादी मिजाज के अनुरूप वर्तमान सत्ताधारियों के इशारे पर, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हमला बोल दिया गया है। यह संवैधानिक संस्थाओं को धौंस में लेने की जानी-पहचानी फासीवादी कार्यनीति की ही आजमाइश है। यह दूसरी बात है कि ऐसी कार्यनीति की जरूरत अपने आप में, सत्ताधारियों के लिए गहराते संकट का ही संकेत करती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश

**■ के रवींद्रन**

विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश ने विरोधी खेमों के बीच एक असामान्य संतुलन पैदा कर दिया है, जो निर्णायक हस्तक्षेप के बजाय एक सुनियोजित संतुलनकारी कार्य का संकेत देता है। हालांकि यह आदेश संशोधनों के कार्यान्वयन पर पूर्ण रोक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, लेकिन यह न्यायिक संयम की एक परत पेश करता है जो आश्वस्त और अस्थिर दोनों है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति किस पक्ष में है। यह कानूनी युद्ध के मैदान को खुला छोड़ देता है, लेकिन संकेत- हालांकि कमजोर- सरकार की स्थिति के अंतिम समेकन की ओर इशारा करते हैं।

सरकार को यथास्थिति बनाये रखते हुए अधिक मजबूत तर्क प्रस्तुत करने का समय देकर, न्यायालय ने अधिक गहन जांच के लिए मंच तैयार किया है जो अंतत: विचाराधीन संशोधनों को वैध बना सकता है। सरकार के दृष्टिकोण से, यह अंतरिम व्यवस्था न केवल स्वीकार्य है- परन्तु उसके लिए लाभप्रद भी है। यह मौजूदा कानूनी ढांचे में ठोस खामियों को प्रदर्शित करके बहस को सैद्धांतिक से अनुभवजन्य में बदलने की अनुमति देता है।

पूरे गांवों को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किये जाने की रिपोर्ट, अक्सर निवासियों की जानकारी या सहमति के बिना, निराशा की एक लहर पैदा करती है जिसे सरकार न्यायालय के समक्ष बढ़ाना चाहती है। इस मुद्दे को सामूहिक वंचितता और प्रणालीगत अस्पष्टता के रूप में प्रस्तुत करके, सरकार न केवल प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि सामाजिक न्याय की कहानी गढ़ रही है। फिर महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कहानी एक ऐसी अदालत के साथ प्रतिध्वनित होने की संभावना है जिसने पिछले फैसलों में कानून की सिद्धांतवादी व्याख्याओं पर संतुलन और व्यावहारिकता की ओर झुकाव दिखाया है।

> **नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है।**

समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न्यायालय ने संशोधित कानून के संचालन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यथास्थिति में इस तरह से बदलाव न करने की चेतावनी दी, जिससे किसी भी पक्ष के अधिकारों को नुकसान पहुंचे। यह दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। ये कानूनी चुनौती को निरर्थक बना सकते हैं। लेकिन सरकार के लिए, यह अभी भी अपना मामला बनाने, डेटा एकत्र करने और पिछली व्यवस्था के तहत लंबे समय से चले आ रहे अन्याय के लिए आवश्यक सुधार के रूप में संशोधन को तैयार करने का रास्ता खुला छोड़ता है। न्यायालय के निर्देश के शब्द ही कठोर अंतरिम कदम उठाने की अनिच्छा को दर्शाते हैं, जो अंतिम फैसले के समय उसके हाथ बांध सकते हैं।

इस स्थिति से जो उभरता है, वह एक तरह की न्यायिक हेजिंग है- चुनौती देने वालों को उम्मीद देने के लिए पर्याप्त अस्पष्टता, लेकिन सरकार के लिए पैंतरेबाज़ी करने के लिए पर्याप्त जगह। चुनौती देने वालों को निश्चित रूप से न्यायालय द्वारा की गयी कुछ टिप्पणियों से सांत्वना मिली है, जो संशोधनों से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए कुछ हद तक सहानुभूति का संकेत देती हैं। लेकिन यह सांत्वना अंतत: वास्तविक से ज़्यादा बयानबाज़ी साबित हो सकती है। न्यायालय का इतिहास बताता है कि जब तक विचाराधीन कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक या घोर अन्यायपूर्ण न हो, तब तक यह विधायी और कार्यकारी शाखाओं के अधीन रहता है, खासकर जब व्यापक शासन संबंधी मुद्दे शामिल हों।

क्रिश्चियन एलायंस और एसोसिएशन ऑफ़ सोशल एक्शन जैसे नये हस्तक्षेपकर्ताओं के साथ सरकार का रणनीतिक गठबंधन इसके हाथ को और मज़बूत करता है। इन समूहों का तर्क है कि पिछले कानून को धार्मिक या संस्थागत दावों के तहत व्यक्तियों- अक्सर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से- को उनके वैध संपत्ति अधिकारों से वंचित करने के लिए हथियार बनाया गया था। ऐसी आवाज़ों को एकजुट करके, सरकार कानून को बहुसंख्यकवादी थोपे जाने के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी सुधार के रूप में फिर से परिभाषित कर रही है। यह पुनर्स्थापन महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे को एक संकीर्ण प्रशासनिक बदलाव से संपत्ति के अधिकारों को बहाल करने और ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने के लिए एक नैतिक धर्मयुद्ध में बदल देता है। न्यायपालिका, जब इस तरह के नैतिक ढांचे का सामना करती है- खासकर अगर वास्तविक जीवन की गवाही और आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है - अक्सर विधायी इरादे को बनाये रखने की ओर झुक जाती है जब तक कि एक मजबूत संवैधानिक उल्लंघन साबित न हो जाये।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है। इसके विपरीत, सरकार मौजूदा प्रणाली की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले से ही मूर्त और प्रदर्शन योग्य हैं। साक्ष्य की गुणवत्ता और प्रकृति में यह विषमता अंतिम निर्णय में भारी पड़ सकती है।

इसके अलावा, अदालत की अंतरिम टिप्पणियों की भाषा संभावित जटिलताओं के बारे में गहरी जागरूकता का सुझाव देती है जो विधायी प्रक्रिया में समय से पहले हस्तक्षेप करने से उत्पन्न हो सकती हैं। इस बात पर जोर देकर कि मामले के लंबित रहने के दौरान कोई नयी जटिलताएं पेश नहीं की जानी चाहिए, अदालत समय खरीदती हुई प्रतीत होती है - न कि समय पर निर्णय लेने के लिए कानून के बारे में बात करना और बिना व्यवधान पैदा किए निष्पक्ष सुनवाई करना। यह सतर्क दृष्टिकोण, तटस्थ प्रतीत होते हुए भी, अक्सर यथास्थिति या इस मामले में, नये पेश किये गये परिवर्तनों के पक्ष में काम करता है। एक बार जब कोई कानून व्यवस्था में स्थापित हो जाता है - यहां तक कि एक अंतिम क्षमता में भी- तो इसे उलटना संस्थागत रूप से अधिक कठिन हो जाता है जब तक कि ऐसा करने के लिए कोई भारी कारण न हो।

इसके अतिरिक्त, संशोधनों का समर्थन करने वाली आवाज़ों की बढ़ती संख्या से न्यायालय के प्रभावित होने की संभावना है, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों और सामाजिक वकालत समूहों से। ये हितधारक अपने साथ एक हद तक नैतिक और सामाजिक-राजनीतिक वैधता लाते हैं जिसे नज़रंदाज़ करना मुश्किल है। कानूनों के पिछले शासन के तहत बहिष्कार और बेदखली के उनके आख्यान एक भावनात्मक और मानवीय आयाम पेश करते हैं जो अन्यथा एक अमूर्त कानूनी प्रतियोगिता हो सकती है। यदि चुनौती देने वाले तुलनात्मक रूप से सम्मोहक प्रति-कथा प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं - जो कानूनी तकनीकों से परे हो और न्याय को एक आंतरिक तरीके से संबोधित करे-तो पेंडुलम सरकार के पक्ष में झूलता रहेगा।



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध नहीं, शांति चाहिए

*'युद्ध की क्या कीमत चुकाना पड़ती है, इस बारे में बात करने से हम कतरा रहे हैं। भारत उपमहाद्वीप में स्थायी शांति कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर बात करने में हमारी कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में अपनी शक्ति जाया कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट की घटनाओं का हर तरह से राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसा न होने दिया जाए। इस बीच अधिकतर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा से इस पूरे घटनाचक्र पर टिप्पणियाँ कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा गरज रहे हैं। उन्होंने अभिनंदन की रिहाई की घोषणा के तुरंत बाद जो टीका की वह वांछित नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तो पायलट प्रोजेक्ट है, असली खेल तो इसके बाद होगा।'*

**(देशबंधु में 07 मार्च 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/03/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### राग गौड़ी सलोक महला 9

साधो मन का मान तिआगो-
काम क्रोध संगत दुरजन की।
तांते अहि निस भागे (रहाओ)
सुख दुख दोनों समकर जाने-और मान अपमाना
हरख सोगते रहे अतीता- तिनि जगि तत पछाना
उसतति निंदा दोऊ तिआगे-खोजे पद निरबाना
जन नानक ऐह खेल कठिन है-किनहु विरले जाना।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा नौवें नानक गुरु तेग बहादुरजी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि हर इंसान का जीवन व्यतीत करना पड़ता है इसलिए हमें इन पंक्तियों द्वारा समझाया गया है कि इंसान को हमेशा घमंड से दूर रहना चाहिए। मैं-मेरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए कहा भी गया है कि

जब लग मेरी मेरी करे- तब लग काज एक नहीं सरे।

हर इंसान के आध्यात्मिक क्षेत्र में कई रोड़े हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, तृष्णा से बचकर रहना चाहिए। इन पर विजय तो नहीं पाई जा सकती पर इनको वश में रखना जरूरी है। लोभ भी जरूरत के मुताबिक थोड़ा बहुत ठीक है। नेक कमाई कर अपने परिवार का उदरपोषण करना है और इस नेक कमाई का दसबंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में खर्च करना है। काम भी गृहस्थ में रहकर किसी हद तक संतानोत्पत्ति के लिए आवश्यक है। क्रोध भी जीवन में आवश्यक है। सांप अगर फूंफकार भी न मारे तो इंसान उसे अकारण ही पत्थर मार-मारकर घायल कर देगा। मोह भी जरूरी है पर धृतराष्ट्र जैसा अंधा मोह भी नहीं होना चाहिए नहीं तो महाभारत जैसी स्थिति हो सकती है। अहंकार भी बुराइयों की जड़ है।

हमें प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी क्योंकि प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास ने बेगमपुर कहा है जहां पर किसी किस्म की गम या चिंता नहीं है-

हलति सुख पलति सुख
सुख सदा सिमपनो नाम हरि का सदा लीजै।।

इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह माया त्याग कर प्रभु सिमरन भक्ति का मार्ग अपना ले। प्रभु सिमरन करते-करते वह फिर प्रभु परमात्मा जो कि हरेक के हृदय में विराजमान है, के दर्शन प्राप्त कर पाएगा। हमें प्रभु परमात्मा को पाने के लिए कहीं वन कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ जीवन में रहकर भी परिवार का उदर पोषण करते हुए मन से निरंकार को सिमरन करते रहें। बस हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथकर उसकी प्राप्ति करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारी वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही उसकी प्राप्ति हो पाती है। हमें भी अपने मन रूपी मथनी से सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेनी है।

सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा। निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं। भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है

भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजनाकारों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा, परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इशिबा ने युद्ध से जुड़े कुख्यात मंदिर को भेजी भेंट

**टोक्यो,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को देश के वसंत उत्सव के अवसर पर कुख्यात यासुकुनी श्राइन को एक अनुष्ठान भेंट भेजी। इस श्राइन को देश में अतीत के क्रूर सैन्यवाद के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। श्री इशिबा ने टोक्यो के चियोदा जिले में स्थित युद्ध से जुड़े तीर्थस्थल पर तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन मासाकाकी नामक अनुष्ठान वृक्ष भेजा। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि त्यौहार के दौरान उनके व्यक्तिगत रूप से तीर्थस्थल पर जाने की उम्मीद नहीं है। यासुकुनी तीर्थस्थल द्वितीय विश्व युद्ध के 14 दोषी जापानी युद्ध अपराधियों को सम्मानित करता है, जिनमें हिदेकी तोजो भी शामिल है। यह लंबे समय से जापान और उसके पड़ोसियों के लिए कूटनीतिक घर्षण का स्रोत रहा है।

# पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को सुलझाने का किया प्रयास

## लाहौर में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई

**लाहौर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दो सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के पदाधिकारियों ने कुछ विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत में सत्ता के बंटवारे के संबंध में लाहौर में मुलाकात की।

स्थानीय अखबार 'डॉन' ने बताया कि दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विवादास्पद मुद्दों विशेष रूप से स्थानीय सरकार के चुनावों और पंजाब में कृषक समुदाय से संबंधित मतभेदों को सुलझाने के लिए लाहौर में गवर्नर हाउस में मुलाकात की। कुछ प्रगति करने के बाद दोनों दलों के कुछ दिनों में फिर से मिलने की उम्मीद है। लाहौर बैठक में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई। प्रतिभागियों में प्रधानमंत्री के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान, पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब और उप प्रधानमंत्री इशाक डार शामिल थे, जो एक वीडियो लिंक के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**तमाम आपत्तियों के बावजूद सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है : हसन मुर्तजा**

पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान, पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ, नदीम अफजल चैन, अली हैदर गिलानी और हसन मुर्तजा ने पीपीपी का प्रतिनिधित्व किया।

बैठक के बाद अपने मीडिया संबोधन में पीपीपी नेता हसन मुर्तजा ने कहा कि तमाम आपत्तियों के बावजूद दोनों गठबंधन सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी स्थानीय सरकार के चुनावों के लिए दबाव डालती है और किसानों की चिंताओं को रेखांकित करती है। उन्होंने विधेयक में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि इसमें व्यक्तियों के राजनीतिक उत्पीड़न की संभावना है।

### पाकिस्तान की जेलों से 175 अफगान कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में कैद कुल 175 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस स्वेदश भेज दिया गया है। शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार कैदी शनिवार को दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए। पाकिस्तान ने पिछले एक साल में जेल में बंद हजारों अफगानी कैदियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। इससे पहले सितंबर 2024 में जेल प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूसुफ मुस्तरी ने संकेत दिया था कि वर्तमान में देश के बाहर 8,000 से 9,000 अफगान नागरिक कैद हैं।

## अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए ब्रिटेन विस्फोटकों और गोले का उत्पादन बढ़ाएगा

**लंदन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन अमेरिका और फ्रांस पर गोला-बारूद उत्पादन में निर्भरता को खत्म करने के प्रयासों के तहत अब हेक्सोजेन विस्फोटक के उत्पादन को काफी बढ़ाने की योजना बना रहा है जिसका उपयोग नाटो 155-मिलीमीटर के गोले में किया जाता है।

टाइम्स अखबार ने एक ब्रिटिश रक्षा कंपनी के हवाले से बताया कि बड़ी ब्रिटिश रक्षा कंपनी बीएई प्रणाली जो देश में 155 मिलीमीटर के तोपखाने के गोले बनाने वाली एकमात्र कंपनी है पहले अमेरिका और फ्रांस से आरडीएक्स (हेक्सोजेन) का आयात करती थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश और यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से इनकार कर रही हैं। कंपनी दुनिया की पहली नई तकनीक को अन्य देशों को बेचने की योजना बना रही है। साथ ही बीएई प्रणाली ने यह तय किया है कि वह गोला-बारूद के उत्पादन में अमेरिकी घटकों या सामग्रियों का इस्तेमाल नहीं करेगी ताकि वे अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय शस्त्र व्यापार विनियमन



■ **ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश व यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से कर रही इनकार**

(आईटीएआर) नियमों के अधीन न आएं। इससे कंपनी को ये गोला-बारूद बिना अमेरिकी प्रतिबंधों के स्वतंत्र रूप से बेचने की अनुमति मिल जाएगी। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति समझौते में बाधा डालती है जिससे नाटो देश सीधे संघर्ष में शामिल हो जाते हैं।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियारों से भरा कोई भी माल रूस के लिए वैध लक्ष्य होगा। उनके अनुसार अमेरिका और नाटो सीधे संघर्ष में शामिल हैं, जिसमें न केवल हथियारों की आपूर्ति करना, बल्कि ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और अन्य देशों में कर्मियों को प्रशिक्षण देना भी शामिल है।

## सुडोकू 6890

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6890

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना,विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6889

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| र्दा | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० बां | ■ | गै | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन - आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क - आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह - आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या - आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु - आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर - आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यमन पर अमेरिकी हमलों में 12 लोगों की मौत, 30 घायल : हूती

**सना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं।

हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं।

हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया।



**मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही राहत व बचाव टीमें**

हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके। उत्तरी यमन के ज्यादातर हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने कहा है कि उनके हमलों का मकसद अमेरिका का समर्थन पाने वाले इजरायल पर दबाव बनाना है, ताकि वह गाजा पट्टी पर हमला बंद करे और संकटग्रस्त फिलीस्तीनियों के लिए जरूरी सामान पहुंचाने की इजाजत दे।

## अवामी लीग के 25 नेता व कार्यकर्ता जुलूस निकालने को लेकर गिरफ्तार

**ढाका,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में एक बार फिर राजनीतिक असंतोष को दबाने की घटना सामने आई है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत पुलिस ने खुलना शहर में अचानक निकाले गए जुलूसों के बाद अवामी लीग और इसके सहयोगी संगठनों के कम से कम 25 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में अवामी लीग, इसकी स्टूडेंट विंग छात्र लीग और युवा संगठन जूबो लीग के सदस्य शामिल हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के एक मीडिया आउटलेट यूएनबी ने खुलना मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त (मीडिया और जनसंपर्क) अहसान हबीब के हवाले से दी। पुलिस ने रविवार रात को अलग-अलग अभियानों में इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई खुलना शहर में रविवार सुबह अवामी लीग के एक अचानक निकाले गए जुलूस के बाद की गई। यह जुलूस अवामी लीग की खुलना जिला इकाई के बैनर तले आयोजित किया गया था। यह शेख हसीना के पतन के बाद क्षेत्र में इस तरह का पहला प्रदर्शन था। जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक बैनर पकड़ा हुआ था, जिसमें शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना की तस्वीरें थीं।



## म्यांमार की मदद के लिए चीन की राहत सामग्री की सातवीं खेप पहुंची

**बीजिंग,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन सरकार द्वारा म्यांमार को प्रदान की गई आपातकालीन मानवीय भूकंप राहत सामग्री की सातवीं खेप यांगून अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सामग्री की इस खेप में मुख्य रूप से आपातकालीन दवाएं शामिल हैं, जिनमें एमोक्सिसिलिन कैप्सूल के 8 लाख बक्से, एसिटामिनोफेन मैनिटोल इंजेक्शन की 1 लाख 22 हजार बोतलें, सेफुरॉक्साइम कैप्सूल के 2 लाख 25 हजार बक्से, इबुप्रोफेन गोलियों की 4 लाख 80 हजार बोतलें आदि 95 टन की दवाएं शामिल हैं। म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद, चीन सरकार ने म्यांमार को आपातकालीन मानवीय राहत सहायता प्रदान करने की तुरंत घोषणा की। चीन ने तुरंत ही बचाव दल भेजे, राहत सामग्री पहुंचाई और भूकंप राहत व लोगों की जान बचाने में म्यांमार की सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास किया। चीन इस बार के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता की घोषणा करने वाला पहला देश है।





## अमेरिका के ओक्लाहोमा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**ह्यूस्टन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में आए तूफान में तीन लोगों की जान चली गई। ओक्लाहोमा सिटी से करीब 16 किलोमीटर दूर मूर शहर में बाढ़ के पानी में गाड़ी बह जाने से एक 12 साल के बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को यह जानकारी दी।

मूर पुलिस ने अपने बयान में कहा कि शहर में कई जगह पानी भर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ह्यूजेस काउंटी के स्पाउल्डिंग नाम के एक छोटे से शहर में शनिवार रात आए तूफान की वजह से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। काउंटी ने यह जानकारी फेसबुक पर दी। इसमें बताया गया कि तूफान से कई घर और इमारतें तबाह हो गईं और कई सड़कें पानी में डूब गईं।

20 अप्रैल को राष्ट्रीय मौसम सेवा ने टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस, कंसास, इलिनोइस, मिसौरी और लुइसियाना समेत कई राज्यों में बवंडर आने की चेतावनी दी।



एक्यू वेदर के मुताबिक, मिसौरी, अर्कांसस और इलिनोइस के कुछ हिस्सों में तूफान का खतरा अधिक है। तूफान पूर्वानुमान केंद्र ने चेतावनी दी कि रातभर तेज हवाएं, ओले और गरज के साथ बारिश जारी रह सकती है। अर्कांसस, लुइसियाना, टेक्सास और ओजार्क पहाड़ियों से लेकर मध्य मिसिसिपी घाटी तक कई इलाकों में खराब मौसम बना रह सकता है। देर शाम तक अर्कांसस और मोंटाना में स्थानीय खबरों के मुताबिक, कम से कम दो बवंडर आए।

## आज का इतिहास

1851-प्रसिद्ध इंजीनियर, समाजसेवी और भारत में हरित क्रांति के नायक सर गंगा राम का जन्म।
1894-भारतीय संविधान को बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं में से एक अम्मू स्वामीनाथन का जन्म।
1906-यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1914-हिन्दी फ़िल्म निर्माता-निर्देशक बी. आर. चोपड़ा का जन्म।
1915-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
1921-नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।
1931-मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1932-जानेमाने आध्यात्मिक संत, समाज सुधारक, दार्शनिक तथा लेखक स्वामी सच्चिदानंद का जन्म।
1958-एडमिरल आर.डी. कटारी भारतीय नौसेना के पहले भारतीय प्रमुख बनाए गए।
1969-'काकोरी कांड' के प्रसिद्ध क्रांतिकारी जोगेशचंद्र चटर्जी का निधन।
1970-दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1974-मशहूर उपन्यासकार चेतन भगत का जन्म।
1983-अंतरिक्ष यान सोयूज टी-8 पृथ्वी पर लौटा।
1997-पेरू में जापानी दूतावास में चार माह से चल रही घेराबंदी को समाप्त करने के लिए सेना ने प्रवेश किया।
2001-भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञों में से एक तथा मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल महमूद अली ख़ाँ का निधन।
2002-पाकिस्तान में पर्ल हत्याकांड की सुनवाई प्रारम्भ।
2004-उत्तर कोरिया में ट्रेनों की भीषण टक्कर, 3000 हताहत।

**तैयारी** *नए पोप के पद को लेकर सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ी रस्में शुरू करने को तैयार*

# तब तक कार्डिनल्स का कॉलेज संभालेगा अस्थायी प्रभार

**रोम, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रोमन कैथोलिक चर्च के केंद्र वेटिकन ने एक पोप के पद के अंत और नये पोप के पद की शुरुआत करने को लेकर सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ी अपनी विस्तृत रस्में शुरू करने को तैयार है। पोप फ्रांसिस (88 वर्ष) की सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने 12 वर्षों तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया था। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती बेनेडिक्ट 16वें सेवानिवृत्त होने के बाद 2013 में पोप के रूप में अपना कार्यभार संभाला था। अगले पोप के अभिषेक से पहले पिछले पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिनों का शोक काल (जिसे नोवेन्डियालेस कहा जाता है) होता है।**

पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक शोक व्यक्त करने के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में भी रखा जाएगा और प्रत्येक दिन एक सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।

प्राचीन परंपरा के अनुसार पोप की मृत्यु के बाद उनकी मुहर वाली अंगूठी (जो आधिकारिक पोप दस्तावेजों के लिए मुहर के रूप में कार्य करती है) को विकृत या नष्ट कर दिया जाता है, जो उनके शासनकाल के अंत का संकेत है। इसके बाद उत्तराधिकारी नियुक्त होने तक पोप के मार्ग बंद कर दिए जाते हैं। तब तक, कार्डिनल्स का कॉलेज अस्थायी प्रभार संभालेगा। दुनिया भर के कार्डिनल्स की कॉन्क्लेव फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में आमतौर पर दो से तीन सप्ताह लगेंगे। अगर किसी उम्मीदवार को लेकर यदि कार्डिनल में मतभेद हो जाए तो इस प्रक्रिया में थोड़ा और अधिक समय लग सकता है।




■ **पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक शोक व्यक्त करने के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में भी रखा जाएगा**

■ **प्रत्येक दिन एक सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी**

जब बेनेडिक्ट 16वें को दफनाया गया, तो उनके ताबूत में उनके शासनकाल के दौरान ढाले गए सिक्के भी थे। साथ ही एक धातु की नली भी थी, जिसमें एक लुढ़का हुआ कागज़ का स्क्रॉल था, जिसे रोगिटो कहा जाता है। यह 1,000 शब्दों का दस्तावेज़ है, जो उनके जीवन और शासनकाल को फिर से बताता है। फ्रांसिस को संभवत: उनके अपने रोगिटो के साथ दफनाया जाएगा, जिसमें उनके अद्वितीय पोपत्व का विवरण होगा।

नोवेन्डियालेस के अंत में सेंट पीटर्स बेसिलिका के चारों ओर एक बड़ा अंतिम संस्कार जुलूस निकाला जाएगा और फिर उन्हें दफना दिया जाएगा। पिछले सभी पोप को सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे दफनाया गया है। पोप फ्रांसिस ने अधिक सरल दफन का विकल्प चुना था।

## दुनिया को जानें

### रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लौटा

**मास्को,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रुस का सोयुज एमएस-26 अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ रविवार सुबह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आया। रूसी संघीय अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। वेबसाइट पर कहा गया है कि रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर और नासा के अंतरिक्ष यात्री डोनाल्ड पेटिट को ले जाने वाला अवरोही मॉड्यूल मध्य4 कजाकिस्तान के जेज़काज़गन शहर के पास मास्को समयानुसार 04:20 बजे उतरा।



रोस्कोस्मोस ने कहा कि वापसी से पहले सोयुज एमएस-26 आईएसएस के रूसी खंड के रासवेट मॉड्यूल से अनडॉक हो गया साथ ही कहा कि डीऑर्बिट और अवरोही संचालन योजना के अनुसार आगे बढ़ा। सितंबर 2024 में आईएसएस पर पहुंचने के बाद से चालक दल ने 43 अनुप्रयुक्त विज्ञान प्रयोग किए एक स्पेसवॉक किया।

# प्रादेशिकी

## किसानों को आंधी, आग से प्रभावित फसलों का मुआवजा दे सरकार : कर्ण

**सिरसा,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के सिरसा जिला प्रमुख कर्ण सिंह चौटाला के नेतृत्व में सोमवार को इनेलो के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व विभिन्न गांवों के किसान उपायुक्त से मिले और जिला में हुए अग्निकांड से गेहूं फसल,ट्रैक्टर, ट्यूबवेल आदि उपकरणों का सर्वाधिक नुकसान का ब्यौरा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सौंपे गए ज्ञापन में इनेलो की ओर से पिछले दिनों जिले के विभिन्न गांवों लुदेसर, रुपाणा दड़बा,रोड़ी, सुचान, भूर्टवाला व चिलकनी ढाब आदि में आंधी व आगजनी से नष्ट हुई सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल के नष्ट हुई फसल की विशेष गिरदावरी करवा कर 61 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की मांग करते हुए किसानों को जल्द से जल्द उनकी क्षतिपूर्ति करने का आग्रह किया गया है। जिला उपायुक्त ने इनेलो के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर सेआगजनी व आंधी से प्रभावित हुई फसल का आंकलन करवाया जा रहा है।

# शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही बनी रहे : धामी

## गर्मी के चलते पेयजल समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

अमरनाथ तिवारी





- चारधाम यात्रा की सुरक्षा और सफाई पर सीएम ने दिया विशेष जोर
- राज्य में बाहरी लोगों और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने को कहा
- वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का शीघ्रता से समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, होटल व्यवसायियों तथा अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय सचिवों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा के दौरान विभागों और जिला प्रशासन के स्तर पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाए। चारधाम यात्रा आस्था का प्रमुख केन्द्र होने के साथ ही स्थानीय लोगों की आजीविका से भी जुड़ी है। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से निरन्तर समन्वय बनाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये हैं। चारधाम यात्रा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए जन सहयोग भी लिया जाए। यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने बैठक में वनाग्नि प्रबंधन के लिए वन विभाग के साथ सभी जिलाधिकारियों को पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिये है। वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

वनाग्नि नियंत्रण के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के नम्बर भी अपडेट रखे जाएं, ताकि वनाग्नि की घटना होने पर शीघ्रता से नियंत्रण किया जा सके। वनाग्नि की संभावना वाले क्षेत्रों में टीमें तैनात की जाए और उनकी निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाए। मोबाइल गश्त टीमें भी तैनात की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गर्मियों में लोगों को पेयजल की दिक्कत न हो। पेयजल की समस्याएं आने पर उनका त्वरित समाधान किया जाएं। पेयजल टैंकर की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी जिलाधिकारियों को पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्तर से बैठक करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत भी सभी सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से बाढ़ सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। जल भराव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में सभी उपचारात्मक कार्य किए जाएं।

## कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने में विफल : अर्जुन चौटाला

**चंडीगढ़,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की छात्र इकाई आईएसओ के राष्ट्रीय प्रभारी एवं रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला ने सोमवार को आरोप लगाया काँग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने में विफल रही है।

चंडीगढ़ में आईएसओ के पदाधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सिरसा के कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया के कथित रूप से भाजपा की तारीफ करने पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री चौटाला ने कहा कि गोकुल सेतिया का बयान कांग्रेस में कमियों की तरफ इशारा करता है। जिस संगठन में विधायकों और कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी जाती हो, वह आगे कैसे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने में पूरी तरह से विफल हुई है, जो विधानसभा में भी साफ तौर पर दिखता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद इनेलो विधानसभा में मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रहा है, भले ही पार्टी के विधायकों की संख्या दो हो। इनेलो नेता ने कहा कि सही बात यह है कि कांग्रेस का संगठन अब टूट चुका है। कुछ लोगों ने कांग्रेस पार्टी पर कब्जा किया हुआ है, ये वे लोग हैं, जिनका राजनीतिक कार्यकाल खत्म हो चुका है।

# सुक्खू ने बिजली क्षति को रोकने के लिए कड़े प्रावधान करने के दिए निर्देश



- मुख्यमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता व विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा

**शिमला,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) को राज्य में बिजली क्षति का सही आकलन करने और बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बिजली क्षति को रोकने के लिए फीडर मीट्रिंग जैसे प्रभावी कदम उठाने चाहिए। यह बात उन्होंने आज यहां एचपीएसईबीएल और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने वाणिज्यिक, औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं की फीडर मैपिंग करने के भी निर्देश दिए ताकि सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीएसईबीएल के जो अधिकारी और कर्मचारी वर्तमान में ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन और पॉवर कॉरपोरेशन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, उन्हें 30 अप्रैल तक विभाग चुनने का विकल्प दिया जाए।

उन्होंने कहा कि सिविल विंग के कर्मचारी भी लोक निर्माण विभाग या अन्य विभाग में जाने का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लाभों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वे वर्तमान सेवा शर्तों के अंतर्गत ही कार्य करेंगे। सरकार आवश्यक नीतियां संशोधित कर उनके सभी लाभों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एचपीएसईबीएल की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने तथा इसे और अधिक सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आगामी महीनों में टी-मेट्स और लाइनमैन के 2000 पद भरेगी। श्री सुक्खू ने 450 मेगावाट शोंग-टोंग जल विद्युत परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को इस परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

# डीएम को नियमित जन सुनवाई को कहा

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जिलाधिकारियों ने जन सुनवाई नियमित की जाए। तहसील दिवस, बीडीसी की बैठकों और बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। ई-सेवाओं के माध्यम से लोगों को अधिकाधिक लाभान्वित किया जाए। अनावश्यक रूप से कार्यों में लेटलतीफी करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत बिलों को लेकर प्राप्त हो रही शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाए। स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

## सार संक्षेप

### ईडी दफ्तर पर यूथ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**देहरादून।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्ज शीट दाखिल किए जाने और संपत्तियों को जप्त करने की कार्यवाही के विरोध में सोमवार को राजधानी दून में यूथ कांग्रेस ने ईडी दफ्तर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस नेताओं के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। गुस्साए यूथ कांग्रेसियों ने ईडी कार्यालय के बाहर धरना दिया तो पुलिस ने उनके नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। राजधानी देहरादून में आज बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता जमा हुए तथा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में ईडी कार्यालय जुलूस निकाल कर कूच किया। यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना था कि यह सब कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना के चलते की जा रही है जब प्रदर्शनकारी ईडी कार्यालय पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। जिस पर गुस्साए यूथ कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे और उनकी पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई।

### पंजाब से लापता चल रहे नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**रुद्रप्रयाग।** पंजाब से लापता एक 17 वर्षीय बालक को पुलिस ने बद्रीनाथ हाईवे से सटे घोलतीर में बरामद किया। बताया जा रहा है कि बालक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिससे नाबालिग की ढूंढखोज को लेकर परिजन काफी परेशान थे। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार जताया। रविवार सुबह कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस को सूचना मिली कि डेराबस्सी चंडीगढ़ (पंजाब) से 17 वर्षीय अनुपम पुत्र युद्धवीर सिंह रावत 15 अप्रैल से लापता चल रहा है। बालक मूल रूप से जिले के ग्राम भणज का निवासी है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। नाबालिग घर से बिना बताये कहीं चला गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालक के फोटोग्राफ व हुलिये के विवरण के आधार पर आवश्यक सुरागरसी पतारसी करते हुए बालक को घोलतीर क्षेत्र में सकुशल बरामद करते परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाल निरीक्षक नेगी ने बताया कि नाबालिग बालक को पुलिस ने उसके चाचा धनराज सिंह रावत निवासी ग्राम भणज के सुपुर्द किया। परिजनों ने बताया कि बालक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण वह घर से बिना बताये ही चला। बालक के सकुशल मिलने पर उन्होंने रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार प्रकट किया।

# शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने किया 'प्रवेशोत्सव' का शुभारम्भ

- स्कूल चलो अभियान के तहत प्रत्येक विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव
- विद्यालयों में नए विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, बांटी गई नई पाठ्यपुस्तकें



**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूल चलो अभियान के तहत 'प्रवेशोत्सव' के माध्यम से सभी सरकारी विद्यालयों में नये बच्चों का दाखिला दिया जायेगा। इसके साथ ही स्कूलों में शत-प्रतिशत छात्र नामांकन एवं मौजूद बच्चों को ठहरने पर भी जोर दिया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों सहित शिक्षक विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलायेंगे इसके साथ ही वह स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन को लेकर प्रोत्साहित करेंगे।

यह बात सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज रानीपोखरी में आयोजित प्रवेशोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर कही। डा. रावत ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्र नामांकन बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगे। इसके लिये स्कूल चलो अभियान के तहत प्रत्येक राजकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव अनिवार्य रूप मनाया जायेगा। जिसके तहत विद्यालय में नये बच्चों को दखिला दिया जायेगा। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा सरकारी विद्यालयों में बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है इसके लिये प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 लागू कर सरकारी स्कूलों को सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है। सभी राजकीय विद्यालयों में बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर एवं नि: शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्धता कराई जा रही है। इसके अलावा सरकार एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप स्कूलों के डिजिटलाइजेशन पर भी फोकस कर रही है। इसके लिये सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, वर्चुअल क्लास, अटल टिंकरिंग लैब, आधुनिक प्रयोगशालाएं आदि की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिससे बच्चे ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी पढ़ाई व प्रयोगात्मक कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर स्थाई शिक्षकों की भी नियुक्ति की जा रही है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। डा. रावत ने बताया कि प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिये सभी विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर डॉ. रावत ने विद्यालय में 23 नव प्रवेशित बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें प्रवेश दिलाया, साथ ही उन्हें नई पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की। जिसमें कक्षा-6 में 16 छात्र-छात्राएं, कक्षा-9 में 5 तथा कक्षा-12 में 02 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## मतदाता सूची को लेकर नहीं प्राप्त हुई एक भी अपील

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि मतदाता सूची को लेकर एक भी अपील नहीं प्राप्त हुई। उत्तराखण्ड राज्य में एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर दावे व आपत्ति के सम्बंध में एक भी अपील प्राप्त नहीं हुई है। आयोग द्वारा निहित प्रावधानों के अनुसार कोई भी प्रभावित व्यक्ति दावे एवं आपत्तियों के सम्बंध में प्रथम अपील विधिवत रुप से सम्बधित जनपद के जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट व कार्यपालक मजिस्ट्रेट अथवा जिला कलेक्टर से कर सकते हैं। द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में कर सकते हैं। समस्त जनपदों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के किसी भी जनपद में मतदाता सूची को लेकर दावे व आपत्तियों सम्बंध में एक भी अपील वर्तमान में प्राप्त नहीं हुई हैं।

# हेमकुंड पैदल मार्ग पर सफाई कार्य शुरू



**गोपेश्वर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री हेमकुंड साहिब व लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट खुलने से पूर्व सेना व गुरुद्वारे के सेवादार यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने के कार्य में जुट गए हैं। सेना के जवानों ने घांघरिया से एक किमी आगे तक पैदल रास्ते से बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया।

श्री हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने के लिए सेना का दल बीते रोज गोविंदघाट से घांघरिया पहुंच गया था। इस दल के साथ 21 सेना के जवान, अधिकारी व पांच सेवादार शामिल हैं।

यह दल हेमकुंड साहिब के बेस कैंप घांघरिया गुरुद्वारे में डेरा डाले हुए है। अब टीम ने हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट के मुख्य प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब में पांच फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है, जबकि अटलाकोटी हिमखंड का आकार भी भारी भरकम है। अटलाकोटी से हेमकुंड तक तीन किमी क्षेत्र में बर्फ ही बर्फ है। सेना व गुरुद्वारे के सेवादार घांघरिया में ठहरे हुए हैं।

प्रथम चरण में यह दल अटलाकोटी तक बर्फ काटकर रास्ता सुचारू करेगा। द्वितीय चरण में अटलाकोटी हिमखंड को काटकर हेमकुंड साहिब तक रास्ता बनाया जाएगा। फिर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे से बर्फ हटाकर सेना का दल हेमकुंड में ही रहकर बर्फ हटाने का कार्य करेगा।

# सिरमौर में 5000 खैर के पेड़ों का अवैध कटान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**शिमला,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सिरमौर में 5000 खैर के पेड़ों का अवैध कटान पर हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया व न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने उक्त



मामले में राज्य सरकार को वास्तुस्थिति से अवगत करवाने के आदेश जारी किए हैं। मामले पर सुनवाई 27 मई को निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि सिरमौर जिले के त्रिलोकपुर जंगल में बड़े पैमाने पर खैर के पेड़ों का अवैध कटान का मामला सामने आया था। मुख्य न्यायाधीश के नाम लिखे पत्र के अनुसार बीते 8 महीनों में करीब 5000 खैर के पेड़ काटे जा चुके हैं और इस दौरान जंगल की भूमि को तीन फीट तक खोदकर जड़ें तक उखाड़ ली गई हैं। इस अवैध कटान में हिमाचल और हरियाणा के ठेकेदारों की मिलीभगत बताई गई है। यह खैर कटान त्रिलोकपुर के प्रसिद्ध बालासुंदरी मंदिर और वन विभाग के रेंज ऑफिसर कार्यालय के पास ही हो रहा था , लेकिन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। स्थानीय लोगों के अनुसार यह माफिया रातों.रात लकड़ी को फैक्टरियों या अन्य स्थानों पर बेच रहा था , जिससे करोड़ों रुपये का अवैध व्यापार हुआ।

खैर माफिया ने पहले निजी भूमि से पेड़ काटने की अनुमति ली थीए लेकिन इस अनुमति की आड़ में जंगल के हजारों पेड़ काट दिए। सरकारी नियमों के अनुसारए जंगल झाड़ी श्रेणी की भूमिए चाहे वह निजी हो या सरकारीए वहां से खैर का कटान प्रतिबंधित है। खैर की लकड़ी की बाजार में भारी मांग है और एक बड़े पेड़ की कीमत एक लाख रुपये तक हो सकती है। लिहाजा 5 हजार पेड़ों के अवैध कटान से करोड़ों का अवैध कारोबार होने की आशंका जताई जा रही है। पत्र में स्थानीय लोगों ने इस मामले में सख्त जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज, विकासनगर में खुलेंगे पंजीकरण काउंटर

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर हरबर्टपुर में जोरशोर से काम शुरू हो गया है। इस बार विकासनगर में भी चारधाम के यात्रियों के पंजीकरण के लिए काउंटर खोले जाएंगे। इन दिनों हरबर्टपुर अंतरराज्यीय बस अड्डे पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बस अड्डे पर धूप से बचाव के लिए जर्मन हैंगर लगाए जा रहे हैं। परिसर में दरियां और कूलर की व्यवस्था की जा रही है। पिछले साल पेयजल, बिजली और शौचालय की कमी की शिकायतों को देखते हुए इस बार 25-25 हजार लीटर की दो स्थाई पानी की टंकियां बनाई जा रही हैं। पर्याप्त संख्या में शौचालयों का भी निर्माण किया जा रहा है।बीते दिनों एडीएम वित्त एवं राजस्व केके मिश्रा ने यात्रा की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की थी।

# सड़कों में निराश्रित घूम रहे गोवंश को पहुंचाया गौ रक्षाशाला

**नगर पालिका और पशुपालन विभाग का मिल रहा गौ रक्षा विभाग की टीम को पूर्ण सहयोग**

- निराश्रित गोवंश के लिए पपड़ासू में बनाया गया है आशियाना
- गौ रक्षाशाला में निराश्रित गोवंश की हालत में आ रहा सुधार



**रुद्रप्रयाग,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर क्षेत्र में निराश्रित घूम रहे गोवंश को गौ रक्षा विभाग की टीम ने गौ रक्षाशाला पपड़ासू पहुंचाया। यहां पर वर्तमान में निराश्रित गोवंश की संख्या 46 के करीब हो गई है, जिनकी पशुपालन विभाग के सहयोग से देख-रेख की जा रही है। साथ ही घास-चारे और पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके अलावा निराश्रित पशुओं के लिए घूमने-फिरने की भी काफी जगह है। बता दें कि रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र में आये दिन निराश्रित गोवंश की संख्या बढ़ रही है। ये गोवंश यहां-वहां भटककर प्लास्टिक कचरे को खा रहे हैं, जिससे इनके मुंह का स्वाद बिगड़ गया है। जबकि वाहनों की चपेट में आकर निराश्रित गोवंश घायल भी हो रहे हैं। ऐसे में गौ रक्षा विभाग की टीम जहां घायल गोवंश को रैंतोली स्थित गोसदन पहुंचाकर पशुपालन विभाग के सहयोग से इलाज कर रही है, जबकि सड़कों में यहां-वहां घूम रहे गाय और नंदी को पपड़ासू स्थित गौ रक्षा विभाग के निराश्रित गोवंश रक्षाशाला पहुंचाया जा रहा है। यहां इनकी देख-रेख को लेकर तीन गौ सेवक नियुक्त किए गए हैं। यहां पर निराश्रित गोवंश का समय-समय पर उपचार भी किया जा रहा है। पपड़ासू स्थित गौ रक्षाशाला में निराश्रित गोवंश की हालत में सुधार आ रहा है। इन्हें नई ऊर्जा मिल रही है। इनके लिए यहां चरने के साथ ही चारापत्ति और पानी की भी समुचित व्यवस्था है।

रविवार को गौ रक्षा विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र के करीब सात निराश्रित गोवंश को नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के सहयोग से पशुपालन विभाग के वाहन के जरिये बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड़ के ठीक सामने पपड़ासू स्थित गौ रक्षाशाला पहुंचाया गया।

## सुडोकू 6890 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# एआई के दौर में भी मनुष्यता को बनाए रखना जरूरी: तिवारी





- आज के तकनीकी दौर में हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझे

**देहरादून,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। महानिदेशक सूचना व उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी ने कहा कि एआई के दौर में भी मनुष्यता को बनाए रखना जरूरी है। गुरूवार को महानिदेशक सूचना व उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी ने कहा कि एआई के दौर में भी मनुष्यता को बनाए रखना जरूरी है। आज के तकनीकी दौर में हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझे।

राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर सोमवार को देहरादून में पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के देहरादून चौप्टर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय रिसपॉन्सिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसरू रोल ऑफ पब्लिक रिलेशन'' रखा गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिदेशक सूचना एवं उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, बद्रीकेदार मंदिर समिति के सी.ई.ओ. विजय थपलियाल, अध्यक्ष पी.आर.एस.आई. देहरादून चैप्टर रवि विजारनिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि बंशीधर तिवारी, महानिदेशक सूचना व उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के तकनीकी दौर में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने कहा कि ए.आई. तकनीक का वर्तमान समय में जिस प्रकार से तेजी से विकास हो रहा है, उसमें हम सभी की जिम्मेदारी बन जाती है कि हम मनुष्यता की भावना को सर्वोपरि रखे। ए.आई. तकनीक के उपयोग से समय की बचत होती है, उस समय का उपयोग हम किस प्रकार से करते है, यह भी हम सभी को समझना होगा। सोशल मीडिया के साथ-साथ परिवार एवं समाज से भी जुड़े रहे। किसी भी प्रकार की सूचना को आगे बढ़ाने या भेजने से पहले एक बार विचार अवश्य करना होगा कि सूचना सही है या गलत। कोई भी गलत सूचना एक बार प्रसारित हो जाती है, तो उसका प्रभाव व्यक्ति एवं समाज दोनो पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ए.आई. से कंटेट बनाया जा सकता है, लेकिन उसमें स्वयं के विचारों और अनुभवों का समावेश भी जरूरी है।

## अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर पुलिस कर्मी द्वारा हमले के विरोध में छोटा शिमला पुलिस थाने का घेराव

**शिमला,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सोमवार को शिमला के नवबहार में हुए अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर पुलिस कर्मी द्वारा क्रूर हमले के विरोध में छोटा शिमला पुलिस थाने का घेराव किया। सैकड़ो अधिवक्ता पुलिस थाना छोटा शिमला के सामने इकट्ठे हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन ने इस मामले की तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। लगभग 3 घंटे बीत जाने के पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने अधिवक्ताओं को यह बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ तुरंत ही निष्पक्ष जांच करते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच की प्रतिलिपि बार एसोसिएशन को भेज दी जाएगी। आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों से स्पष्ट पता चलता है कि इस जघन्य हमले में एक पुलिस कर्मी शामिल था। हिमाचल प्रदेश बार कॉउन्सिल ने भी इसे अत्यंत गंभीरता से लिया तथा इस बात पर जोर दिया कि कानून को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है तथा इससे न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास कम होगा। अपने प्रस्ताव के माध्यम से हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर हुए क्रूर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की।

# प्रादेशिकी

## गंगा मे जा रहे गंदे नाले के पानी को समाज सेवी भइयन मिश्र ने कराया बंद

**फर्रुखाबाद।** स्वच्छ गंगा निर्मल गंगा अविरत गंगा के जल को फिर से स्वच्छ करने का फर्रुखाबाद विकास मंच जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र ने संकल्प लिया है। गौरतलब है। फर्रुखाबाद विकास मंच जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र लगातार स्वर्ग धाम का बेहतर कायाकल्प कराने का अभियान छेड़ है। भइयन मिश्र ने संघर्ष करते हुए स्वर्ग धाम घाट पर मृतको के परिजनो से अराजक माफिया द्वारा की जा रही अवैध वसूली को रोकते हुऐ माफियाओ के खिलाफ अभियान चलाकर स्वर्ग धाम से खदेड़ दिया। तथा अवैध वसूली करने वाले गुंडे माफियाओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। स्वर्ग धाम मे अंतिम संस्कार के बाद सफाई कर्मी के लिये 250 रूपए तथा मदिरा जल प्रवाह के लिये नाव वाले का 100रूपया भी निर्धारित कर दिया गया है। स्वर्ग धाम को और अधिक सुन्दर बनाने के लिए जगह जगह भइयन मिश्रा ने दीवारो पर सुन्दर चित्रण कराया है।

### हथकरघा और वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार का बड़ा फैसला


# 2017 की नीति के तहत छूटे निवेशकों को मिलेगा अनुदान, 26 इकाइयों को मिलेगी 60 करोड़ की मदद

■ **स्थानीय उद्यमियों को राहत से टेक्सटाइल क्षेत्र में फिर लौटेगी रौनक, उत्पादन क्षमता होगी मजबूत**

**लखनऊ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के हथकरघा, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग को मजबूती देने का ऐलान किया है। सरकार ने उन औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है, जो उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति-2017 की नीति लागू होने से पहले आंशिक निवेश कर चुकी थीं, लेकिन नीति के दायरे में आने से छूट गई थीं। योगी सरकार का यह फैसला राज्य के पारंपरिक वस्त्र उद्योग को नई ऊर्जा देने वाला है। योगी सरकार केवल नीतियां बनाकर नहीं छोड़ती, बल्कि समय-समय पर समीक्षा कर उन उद्यमियों की भी सुध लेती है जो तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए। प्रदेश सरकार के इस फैसले से करीब 26 औद्योगिक इकाइयों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इन इकाइयों के लिए सरकार लगभग 60 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करेगी, जिससे वे अपने उत्पादन को और बढ़ा सकेंगी। इसके लिए सरकार ने बकायदा शासनदेश जारी कर उन्हें योजना के दायरे में ले आने का निर्णय किया है। यह निर्णय उन इकाइयों के लिए राहत का सबब बना है, जिन्होंने नियमानुसार निवेश तो किया था, लेकिन समयसीमा या तकनीकी कारणों से नीति का लाभ नहीं पा सके थे। उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति-2017 का उद्देश्य राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देना, निवेशकों को आकर्षित करना और अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना है। इसके तहत निवेश करने वालों को विभिन्न प्रकार के अनुदान और सुविधाएं देने का प्रावधान है। इस नीति के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई और निवेश किया। हालांकि, कुछ इकाइयों ने आंशिक निवेश पहले ही कर दिया था, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन नीति की प्रभावी तिथि के बाद प्रारंभ किया। ऐसे मामलों को देखते हुए सरकार ने सहानुभूति के आधार पर सकारात्मक विचार करते हुए उन्हें भी नीति के तहत पात्र मानने और यथोचित अनुदान देने का निर्णय लिया है।

वे इकाइयां, जिन्होंने नीति के प्रारंभ से पहले यानी 13 जुलाई 2017 से पूर्व अपना आंशिक निवेश किया, लेकिन वाणिज्यिक उत्पादन बाद में प्रारंभ हुआ, अब उन्हें भी 2017 की नीति का लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय लघु, मध्यम, विस्तृत और मेगा श्रेणी की इकाइयों पर समान रूप से लागू होगा। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलेगी। ऐसे उद्यमियों का उत्साह बढ़ेगा जिन्होंने पहले से अपनी पूंजी प्रदेश में लगाई है। अनुदान मिलने से उत्पादन क्षमता में इजाफा होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश की सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग इकाइयों को एक स्थायी प्रोत्साहन मिलेगा जिससे स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को भी फायदा होगा।

यह निर्णय सरकार की उस नीति के अनुरूप लिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बार-बार यह दोहराते रहे हैं कि राज्य को औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। इस कदम से न केवल निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है, बल्कि सरकार की पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता भी सामने आई है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

# अयोध्या के 6 प्रमुख प्रवेश द्वारों को पर्यटक केंद्र बनाएगी योगी सरकार



■ **इन सभी 6 प्रवेश द्वार के समीप पर्यटक सुविधा केंद्रों का निर्माण होगा**

**लखनऊ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अयोध्या समेत प्रदेश के सभी धार्मिक पर्यटन स्थलों को सर्वोत्कृष्ट सुविधाओं से युक्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सरकार प्रभु श्रीराम की राजधानी और सनातन सप्त पुरियों में विख्यात अयोध्या धाम में पर्यटक सुविधाओं में इजाफा करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, अयोध्या के 6 प्रमुख प्रवेश द्वारों को उत्तम पर्यटक सेवाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनाने की तैयारी है। प्रक्रिया के अंतर्गत श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, गरुड़ और जटायु द्वारों का गेट कॉम्पलेक्स के रूप में निर्माण व विकास होगा। इन सभी 6 प्रवेश द्वार के समीप पर्यटक सुविधा केंद्रों का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त, बजट होटल, यात्री निवास, पर्यटक केंद्र व पर्यटन कार्यालय का विकास होगा। वहीं, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, रेस्तरां, एंफीथिएटर, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी कई सुविधाओं का निर्माण व विकास किया जाएगा, जो पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेंगे।

इस विषय में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने खाका तैयार कर लिया है, जिसके आधार पर सभी निर्धारित निर्माण व विकास कार्यों की पूर्ति में तेजी लाई जाएगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार, अयोध्या में जिन 6 टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) यानी पर्यटक सुविधा केंद्रों का निर्माण होना है, उनमें जटायु द्वार पर बनने वाला केंद्र सबसे बड़ा होगा। अयोध्या में अंबेडकर नगर रोड पर बनने वाले जटायु द्वार के समीप जिस पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण होना है, उसका प्रसार 5.76 हेक्टेयर में होगा। वहीं, लखनऊ रोड पर बनने वाले श्रीराम द्वार पर पर्यटक सुविधा केंद्र परिसर का प्रसार 4.91 हेक्टेयर में होगा। जबकि, गोंडा रोड पर बनने वाले लक्ष्मण द्वार पर पर्यटक सुविधा केंद्र का प्रसार 4.5 हेक्टेयर, सुल्तानपुर रोड पर बनने वाले भरत द्वार पर पर्यटक सुविधा केंद्र का प्रसार 2.04 हेक्टेयर, गोरखपुर रोड पर बनने वाले हनुमान द्वार पर पर्यटक सुविधा केंद्र का प्रसार 3.59 हेक्टेयर तथा रायबरेली रोड पर बनने वाले गरुड़ द्वार पर पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण व विकास 4.98 हेक्टेयर प्रसार क्षेत्र में किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### ट्रांसफार्मर मामले में अधिशासी अभियन्ता निलम्बित

**मेरठ।** ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने तथा वर्क-आर्डर संबंधी प्रकरण की जाँच मे प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर, प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने बडी कार्यवाही करते हुये अधिशासी अभियन्ता को निलम्बित किया गया है एवं पावर ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्तता से बचाने हेतु आवश्यक प्रोटेक्शन एवं रख-रखाव में अपने कर्तव्यों एंव दायित्वों में शिथिलता बरतने पर सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को चार्ज शीट निर्गत की गई।

### अवैध पार्किंग का अड्डा बनी मवाना तहसील

**मवाना।** मवाना तहसील परिसर इन दिनों अवैध पार्किंग का अड्डा बनता जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी के प्रति लापरवाही के चलते तहसील में आने-जाने वाले लोग मनमर्जी से कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। स्थिति यह है कि तहसील परिसर में दोपहिया से लेकर बड़ी-बड़ी गाड़ियों तक को जहां-तहां पार्क कर दिया जाता है, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय, सीओ कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, उप कोषागार कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तर हैं। रोजाना हजारों लोग यहां अपने कामकाज के लिए आते हैं। लेकिन न तो पार्किंग के लिए कोई तय स्थान है, न ही नियमों का पालन होता दिखाई देता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इन सबके बावजूद तहसील में बैठे जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं।

### डिजाइन कैसल में मॉडल के स्टाइलिश कैट वाक ने लगाए चार चांद

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा डिजाइन कैसल 2025 मेगा फैशन शो का रंगारंग आयोजन किया गया। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा आदि के मॉडल्स ने रैंप पर फैशन का खूब जलवा बिखेरा। फैशन शो की थीम फ्यूजन फिएस्टा ने छात्रों की प्रतिभा के जीवंत और अभिनय प्रदर्शन को जहाँ मंच पर चमकने का मौका दिया। वहीं पारंपरिक सौंदर्य व समकालीन डिजाइन तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई ड्रेस को मॉडल्स ने रैंप पर प्रदर्शित कर फैशन शो को ग्लैमर और उत्साह से भर दिया।

### विशेष कैंप का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के मद्देनजर आवास विकास परिसर में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को लगाए गए कैंप में करीब 36 आगन्तुको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार व सम्पत्ति अधिकारी सुनील कुमार शर्मा समेत अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, मेरठ में नव नियुक्त 65 शिक्षकों का ओरियन्टेशन कार्यक्रम कराया गया

**नव नियुक्त शिक्षक, आने वाले वर्षो में न केवल हमारे छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे, बल्कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध व प्रसार कार्यक्रमों की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देंगे : डॉ. रामजी सिंह, कुलसचिव**



**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न महाविद्यालयों में नव नियुक्त शिक्षकों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी नव नियुक्त शिक्षकों का स्वागत कुलसचिव डा0 रामजी सिंह द्वारा किया गया। कुलसचिव ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक, आने वाले वर्षो में न केवल हमारे छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे, बल्कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध व प्रसार कार्यक्रमों की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देंगे। कुलसचिव ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुये कहा कि आपसे बहुत आशायें है। यहॉ का वातावरण अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार के लिये अनुकूल है और हमें विश्वास है कि आप इसमें पूर्ण सर्म्पण के साथ अपनी भूमिका निभायेंगे। आपकी कार्य शैली छात्रों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालेगी। आप न केवल पाठ्यक्रम पढायेंगे, बल्कि छात्रों को चरित्र एवं मूल्यों के बारे में सोचने की दिशा भी देंगे। भविष्य में आपसे विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने की उम्मीद है। ओरियन्टेशन कार्यक्रम के माध्यम से आपको विश्वविद्यालय की संरचना, कार्य प्रणाली, नियम, नैतिक दिशा-निर्देश एवं अनुसंधान संस्कृति से परिचित कराया जायेगा। कुलपति डॉ. के.के. सिंह द्वारा नव नियुक्त शिक्षकों को नये-2 शोध एवं परियोजनाओं के लिए प्रेरित किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी छात्रों को उन्नत अनुसंधानों से अवगत कराने के लिए आह्वन किया गया। कुलपति ने यह भी कहा कि आप कक्षा में शुरूआत के 2-3 मिनट छात्रों को अच्छे आचरण व चरित्र निर्माण की शिक्षा दें। जिससे नैतिकता का विकास हो। इस कार्यक्रम में डॉ. विवेक, डॉ. आर. कुमार, डॉ. बिजेन्द्र सिंह, डॉ. अर्चना आर्या, डॉ. जयवीर सिंह, डॉ. तरूण सरकार तथा डॉ. डी.के. सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

# बेरोजगारी व महंगाई से ध्यान भटका रही भाजपाः रितु चौधरी




■ **स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और अपनी विरासत का अपमान करना ही भाजपा की सोच है**

**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा द्वारा ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है। देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और अपनी विरासत का अपमान करना ही भाजपा की सोच है। सोमवार को बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस के पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाई सरकार ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को छोड़ दिया है। इस दौरान यूपीसीसी प्रवक्ता कांग्रेस अभिमन्यु त्यागी का पीसीसी की तरफ से कार्डिनेशन रहा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष गौरव भाटी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बरेली में नकली फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ एफआईआर

**बरेली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बरेली बाजार में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग इंस्पेक्टर बनकर वसूली करने वाला एक फर्जी अधिकारी पकड़ में आया है। विभाग ने कथित अधिकारी पर एफआईआर गई है। पिछले काफी समय से राम प्रसाद यादव नामक एक व्यक्ति खुद को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बताकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध वसूली कर रहा था। कई बार अवैध वसूली संबंधी शिकायत व्यापारी कर चुके थे लेकिन विभागीय अधिकारी यह नहीं समझ पा रहे थे कि कोई फर्जी इंस्पेक्टर भी बाजार में काम कर रहा है। सोमवार दोपहर विभाग द्वारा थाना बारादरी में कथित खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम प्रसाद यादव पर मुकदमा दर्ज कराया है।

### जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल खड़ौली, राजेपुर का निरीक्षण किया गया

**फर्रूखाबाद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल खड़ौली, वि.क्षे. राजेपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में गौशाला 283 गौवंश पाये गये, साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई, गौशाला में भूसा, दाना, का पर्याप्त भंडारण पाया गय, सभी गौबंश की ईयर टैगिंग हो गई है, सभी कर्मचारियों का मार्च तक का भुगतान हो गया है, गौशाला में सीसी टी0वी0 कैमरे व इंटरनेट कनेक्शन लगाया गयां है,जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कैमरे इस एंगल से लगाये जाये जिसमे गौशाला के प्रवेश द्वार व गौवंश को दिये जाने बाला चारा दिखाई दे जिससे यह पता चल सके कि उन्हें खाने में क्या दिया जा रहा है, गौशाला से सम्बद्ध 02 हैक्टेयर भूमि पर हरा चारा बोया जाये व अगली सीजन में गेहूँ भी बोया जाये, गेहूँ कटाई का सीजन शुरू हो गया है, भूसा का पर्याप्त भण्डारण कर लिया जाये, जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गौवंश को गुड़ खिलाकर गौसेवा की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर व संवंधित अधिकारी मौजूद उपस्थित रहे।

# संवाद व आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए छात्रों ने लिया हिस्सा

**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निशब्द वाद-विवाद एवं चर्चा क्लब द्वारा क्वेश्चन क्रेस्ट नामक एक रोचक और संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के संवाद कौशल को निखारना, आत्मविश्वास को बढ़ाना, साथ ही साथ आपसी सीख को प्रोत्साहित करना था। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि बेहद मजेदार और इंटरएक्टिव भी था। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और सक्रिय रूप से अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद त्यागी ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को अपने व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संवाद, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल के महत्व पर बल दिया।

इस आयोजन के सफल संचालन में छात्र समन्वयक विथिका गोयल (बीए-जीएडी) और जसबिंदर सिंह (बी.कॉम ऑनर्स) की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का मार्गदर्शन निमरा मिर्जा (संकाय समन्वयक) द्वारा किया गया।



■ **छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और सक्रिय रूप से अपने विचार साझा किए**

# लिवर की अनदेखी बढ़ा सकती है परेशानी : डॉ. विपुल गौतम

**मेरठ,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के लिवर और बिलियरी साइंसेज विभाग के कंसल्टेंट डॉ. विपुल गौतम ने बताया कि लाइफस्टाइल के अतिरिक्त, हेपेटाइटिस ए. बी. सी, तथा ई जैसी वायरल इंफेक्शन भी लिवर की बीमारियों में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। यह आमतौर पर दूषित भोजन व पानी से फैलते हैं और तीव्र लिवर संक्रमण का कारण बनते हैं। इसके लिए प्रभावी टीके उपलब्ध हैं, फिर भी लोग इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। एंटीवायरल दवाएँ भी उपलब्ध हैं, जो समय पर शुरू की जाएँ तो बीमारी की गंभीरता को रोका जा सकता है। डॉ. विपुल ने आगे बताया कि सकारात्मक बात यह है कि अधिकांश लिवर रोगों को जीवनशैली में सरल बदलाव और जनस्वास्थ्य उपायों से रोका जा सकता है। संतुलित भोजन, जिसमें प्रोसेस्ड फूड, शक्कर और सैचुरेटेड फैट्स कम हों, और नियमित व्यायाम फैटी लिवर के जोखिम को कम कर सकते हैं। शराब से परहेज या उसका सीमित सेवन भी लिवर की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी का क्या गया स्वागत

**किठौर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बी.आर.सी. माछरा पर नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह का अध्यापक गणों ने स्वागत किया। बी आर सी माछरा पर नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह का स्वागत किया गया फूल मलाई पहनकर स्वागत किया गया जिसमें ब्लॉक के पूर्व मंत्री समीम गॉड जावेद अली जिला महामंत्री सविता शर्मा व अन्य अध्यापक गण मौजूद थे इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापक गणों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और सभी से सरकार द्वारा स्कूलों में चलाई जा रही योजनाओं का अच्छी तरह से निर्वाह करने का आह्वान किया।



# इटावा सफारी में शेरनी रूपा ने दिया चार शावकों को जन्म

**इटावा,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा सफारी पार्क में रूपा शेरनी ने सोमवार को चार शावकों को जन्म दिया है। पार्क के निदेशक डॉ.अनिल कुमार पटेल ने बताया कि लायन सफारी में शेरनी रूपा ने पहला शावक को रात 1235 बजे, दूसरे को 0142 बजे,तीसरे को 0559 बजे और चौथे को 0910 बजे जन्म दिया है। शावकों के जन्म पर सफारी प्रबंधन के अधिकारी एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार कर रहे है। सफारी प्रबंधन ने शेरनी रूपा और उसके चारों शावको के सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है। रूपा शेरनी के इन चारों शावकों के साथ ही इटावा सफारी पार्क में अब एशियाई शेर,शेरनियों और शावकों की संख्या बढ़कर 22 पहुंच गई है। सीसीटीवी के माध्यम से शावकों एवं शेरनी की निगरानी की जा रही है। शावक माँ का दूध पीने का प्रयास कर रहे है। सफारी के डॉक्टरों की टीम के अलावा कीपर से आदि नवजात शावकों की निगरानी करने में गहनता से जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क के बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र में 26 जून 2019 को जन्मी बब्बर शेरनी रूपा ने तीसरी बार आज चार शावकों को जन्म दिया है। शेरनी रूपा की मीटिंग गुजरात से आये नर शेर कान्हा से पांच जनवरी को हुई थी। प्रसव की सम्भावित तिथि 17 अप्रैल से 21 अप्रैल होने के कारण सफारी प्रशासन पूरी तरह से सजग था जिसके चलते आज शेरनी रूपा ने 20/21 अप्रैल की रात्रि में तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे पूर्व तीन सितम्बर 2023 को शेरनी रूपा ने एक शावक को जन्म दिया गया था जिसे शेरनी के ओर से दूध न पिलाये जाने के कारण सफारी के कीपर एवं वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा हैण्ड फिडिंग करायी गयी थी, जो वर्तमान में करीब डेढ़ वर्ष का हो चुका है। इससे पूर्व सफारी पार्क की शेरनी रूपा की मां जेसिका ने वर्ष 2016 में दो नर शावक सिम्बा व सुल्तान, वर्ष 2017 में नर शावक बाहुबली, वर्ष 2019 में दो मादा व एक नर शावक रूपा, सोना और भारत तथा वर्ष 2020 में दो मादा शावक गार्गी व नीरजा को जन्म दिया था।



■ **शावकों के जन्म पर सफारी प्रबंधन के अधिकारी एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार कर रहे है**

### राष्ट्रीय फलक पर फिर चमकी कृषक इंटर कॉलेज की छात्रा

**मवाना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषक इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा और कुश्ती खिलाड़ी इतिशा चैधरी ने एक बार फिर से अपने दमदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोटा (राजस्थान) में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2025 में 76 किलोग्राम भार वर्ग, अंडर-20 श्रेणी में भाग लेते हुए इतिशा ने रजत पदक अपने नाम किया। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक रघुराई इंडो स्टेडियम, नयापुर, कोटा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के पहले ही दिन इतिशा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपने दांव-पेंचों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।



■ **इतिशा चौधरी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता रजत पदक**

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

### विवादित बयान देकर मुसीबत में फंसे अनुराग कश्यप, गहना वशिष्ठ ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई।** अभिनेत्री गहना वशिष्ठ ने ब्राह्मणों पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ सोमवार को मुंबई के ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वशिष्ठ ने शिकायत में कश्यप के बयानों की कड़ी निंदा की और उन्हें अपमानजनक बताया। उन्होंने उनके शब्दों के चयन पर सवाल उठाया और ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक रवैये के लिए फिल्म निर्माता की कड़ी आलोचना की। शिकायत में अभिनेत्री ने यह भी कहा है कि अगर अन्य समुदायों के लिए ऐसी टिप्पणियां की जातीं, तो उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाता।

## रंगों में छुपा है खुशियों का गहरा राज



**'डोपामाइन' का बढ़ेगा लेवल और खिल उठेंगे आप**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रंग न सिर्फ हमारी जिंदगी में रंग ही नहीं भरते, बल्कि हमारी सोच पर भी छाप छोड़ते हैं। हर रंग की अपनी एक कहानी होती है, जो हमारे मूड को बदलने के लिए काफी है। जानकार मानते हैं कि पीला या नारंगी जैसे चटकीले रंग आंतरिक संतुष्टि और खुशी को दोगुना बढ़ा देते हैं, जिसका कारण डोपामाइन हार्मोन का बढ़ा लेवल होता है। रंग के कारण डोपामाइन लेवल बढ़ता है और फिर जिंदगी खुशरंग हो जाती है! आखिर ये डोपामाइन होता क्या है?

डोपामाइन एक न्यूरोट्रांसमीटर और हार्मोन है, जो मस्तिष्क में काम करता है। यह एक रासायनिक संदेशवाहक है और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेशों को संचारित करता है। हालांकि, इसका कोई रंग नहीं होता, लेकिन डोपामाइन पर रंग का प्रभाव पड़ता है।

वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि अलग-अलग रंग आपके दिमाग के विभिन्न हिस्सों को सक्रिय करते हैं। आयुष निदेशालय दिल्ली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसएजी) और इहबास इकाई के प्रभारी डॉक्टर अशोक शर्मा के अनुसार, हमारी जिंदगी रेनबो की तरह है, हमारे भाव अलग-अलग होते हैं, कभी हम खुश होते हैं, तो कभी दुखी होते हैं कभी जीवन उमंग भरा होता है तो बहुत रंग दिखते हैं और कभी दुखी होते हैं तो जिंदगी बेरंग हो जाती है। इसे लेकर रिसर्च भी खूब हुई है।

**अब सवाल उठता है कि ये आखिर होता कैसे है?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार, रंग मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस को संदेश भेजते हैं, ये आपके मूड को बदलते हैं और इसमें हार्मोन रिलीज करने की ताकत होती है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो खासतौर पर पीला और नारंगी रंग खुशी से जुड़ा होता है। पीला रंग हंसमुख और संतोष को दर्शाता है।

एक अध्ययन में पाया गया कि खुश लोग पीले रंग को अपनी भावनाओं के लिए चुनते हैं, जबकि उदास लोग ग्रे रंग को चुनते हैं। पीले रंग में बना 'स्माइली' इस खुशी की सबसे बड़ी मिसाल है, जिसे 1960 में एक डिजाइनर ने कर्मचारियों का मूड बेहतर करने के लिए बनाया था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार, नीला रंग भी मूड को शांत करता है और सोशल मीडिया पर 'डोपामाइन ड्रेसिंग' का ट्रेंड भी इस बात को दर्शाता है कि कुछ लोग चटकीले रंग वाले कपड़े पहनकर खुशी महसूस करते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, अगर मूड को सही रखना है तो इसमें सबसे अच्छी भूमिका सही रंग के कपड़े निभाते हैं। पीले और नारंगी रंग को अपनी जिंदगी में शामिल करके खुशियों को दोगुना किया जा सकता है।

2012 के हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने पुष्टि की कि कपड़े पहनने का तरीका हमारे मूड को सीधे प्रभावित करता है। यह कपड़ों की मनोवैज्ञानिक ताकत को दर्शाता है, जो खुशी और संतोष का सबब बनते हैं।

## लहसुन एलिसिन कैंसर से लड़ने में मददगार



**कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के हर घर में लहसुन का मिलना बहुत आम बात है। कई पकवानों में इसका प्रयोग होता है। लहसुन का नियमित उपयोग कई मामलों में शरीर के लिए फायदेमंद साबित होता है। रिसर्च दावा करती हैं कि कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के साथ-साथ कैंसर से लड़ने वाले चिकित्सीय गुण पाए जाते हैं।

वैज्ञानिकों और शोधार्थियों की सामाजिक नेटवर्किंग साइट रिसर्च गेट में छपी रिपोर्ट के अनुसार, लहसुन में कई बायोएक्टिव ऑर्गेनोसल्फर युक्त कंपाउंड होते हैं, जिसमें एलिसिन भी पाया जाता है। एलिसिन में कैंसर विरोधी चिकित्सीय क्षमता है। लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन एक ऐसा कंपाउंड है जो इम्यूनिटी बूस्ट करता है। साथ ही, यह फ्लू और सांस संबंधी समस्याओं से लड़ने में मददगार भी साबित होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। हार्ट हेल्थ का सपोर्ट करने के साथ-साथ, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। पाचन सुधार में भी लहसुन को बेहतर माना गया है। यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पिंपल्स, एक्ने और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। एंटीबायोटिक गुणों के लिए पहचाना जाने वाला लहसुन बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन से बचाता है।

आयुर्वेद के अनुसार, सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन शरीर के लिए बेहद फायदेमंद माना गया है। सुबह रोजाना लहसुन का सेवन शरीर के इम्यून फंक्शन को बूस्ट करके बैक्टीरिया, वायरस और फंगस को रोकता है। लहसुन नाक की गंदगी को दूर करता है और श्वसन इंफेक्शन को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में लहसुन को 'एंटी पावर कैंसर' के नाम से जाना जाता है। वैसे, गर्मी में लहसुन का ज्यादा सेवन करना भी ठीक नहीं है। इससे लिवर पर असर पड़ सकता है। चूंकि कच्चे लहसुन में एंटीऑक्सीडेंट अधिक होता है, इसलिए अधिक सेवन से लिवर में टॉक्सिसिटी हो सकती है।

## 'रेड 2' के लिए 'खलनायक' रितेश देशमुख थे पहली पसंद, निर्देशक ने बताया कारण

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' काफी चर्चाओं में है। फिल्म के ट्रेलर ने फैंस के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है। इसमें तमन्ना भाटिया और वाणी कपूर लीड रोल में हैं और रितेश देशमुख विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। मूवी का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। निर्देशक राज कुमार गुप्ता ने फिल्म के कलाकारों के बारे में खुलकर बात की और सभी की जमकर तारीफ की। साथ ही बताया कि उन्होंने रितेश को खलनायक के किरदार के लिए क्यों चुना।

'रेड 2' के लिए रितेश देशमुख को कास्ट करने के बारे में निर्देशक ने कहा कि मुझे हमेशा से रितेश का काम पसंद आया है। हम सभी जानते हैं कि कॉमिक रोल हो या खलनायक की भूमिका, वह सभी किरदार शानदार तरीके से निभाते हैं। वह असल में बेहतरीन कलाकार हैं। पिछले साल मैंने उनके साथ एक सीरीज में काम किया था, जिसमें उन्होंने अहम किरदार निभाया था। तब मैंने तय कर लिया था कि मैं आगे एक बार जरूर उनके साथ काम करूंगा। उन्होंने बताया कि रेड 2 की स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद मैं उनसे मिला और उन्हें स्क्रिप्ट सुनाई। उन्हें यह काफी पसंद आई, उन्हें खलनायक का किरदार काफी अच्छा लगा और इस तरह वह फिल्म में शामिल हुए। मुझे बहुत खुशी है कि वह फिल्म का हिस्सा हैं।

उल्लेखनीय है कि फिल्म 'रेड' साल 2018 में रिलीज हुई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। फिल्म को मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए इसके सीक्वल पर काम शुरू किया गया। सीक्वल में अजय देवगन 'अमय पटनायक' का किरदार निभाते नजर आएंगे।

वहीं, रितेश देशमुख राजनेता की भूमिका में हैं। रेड-2 भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की गई है। यह 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## गर्मी की मार से बचने के लिए दही का सेवन फायदेमंद



**■ 'दही' में प्रोटीन, कैल्शियम, प्रोबायोटिक्स, विटामिन बी6 व विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्व**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में पारा चढ़ने लगा है। ऐसे में गर्मी की मार से बचने और अपनी सेहत को दुरुस्त रखने के लिए लोग आमतौर पर ठंडी चीजों का सेवन करते हैं। इन्हीं ठंडी चीजों में 'दही' भी शामिल है, जो गर्मियों में स्वाद को बढ़ाने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए वरदान माना जाता है।

दरअसल, 'दही' एक प्राकृतिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थ है, जो पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है। साथ ही शरीर को हाइड्रेट और तरोताजा रखने के कई लाभ भी पहुंचाता है। गर्मियों में 'दही' खाने के कुछ अनमोल फायदों के बारे में जानते हैं।

भारतीय घरों में 'दही' का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। 'दही' में प्रोटीन, कैल्शियम, प्रोबायोटिक्स, विटामिन बी6 और विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में होने वाली किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए कारगर हैं।

इतना ही नहीं, 'दही' में कुछ ऐसे रासायनिक पदार्थ होते हैं, जिसकी वजह से यह दूध की तुलना में जल्दी पच जाता है और इसका सेवन पेट से संबंधित परेशानियों में भी फायदेमंद साबित होता है। 'दही' का सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है। साथ ही इसमें कैल्शियम अच्छी मात्रा में पाए जाने के कारण यह दांतों को भी मजबूत करने का काम करता है।

इसके अलावा, 'दही' में मौजूद लाभकारी बैक्टीरिया पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। साथ ही मुंह में होने वाले छालों से छुटकारा पाने के लिए 'दही' का सेवन लाभदायक माना गया है।

यही नहीं, हार्ट अटैक के खतरे और मोटापे को कम करने के लिए भी 'दही' रामबाण की तरह है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए इसका सेवन किया जा सकता है। साथ ही मोटापे को दूर करने के लिए रोजाना इसका सेवन किया जा सकता है।

इसके साथ ही 'दही' में खूबसूरती का खजाना भी छुपा है। इसे त्वचा की सुंदरता के लिए अच्छा माना जाता है। गर्मियों के दौरान होने वाली टैनिंग की समस्या से निपटने के लिए 'दही' बहुत अच्छा विकल्प है। इसे बेसन के साथ मिलाकर लगाने से चेहरे पर निखार आता है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले रणदीप हुड्डा



**'वेव्स' और 'ओबेसिटी' पर की बात**

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता रणदीप हुड्डा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र से मिले। इस दौरान उनकी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी मौजूद थीं। हुड्डा ने इसे प्रेरणादायक मुलाकात बताया। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए रणदीप हुड्डा ने लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। देश के भविष्य के बारे में उनका नजरिया, ज्ञान और विचार हमेशा प्रेरणादायक होता है। उनका पीठ थपथपाना हमें हमारे क्षेत्र में अच्छा काम करते रहने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। मां और बहन के साथ पहुंचे अभिनेता ने पोस्ट में आगे बताया कि इस मुलाकात में पीएम मोदी के साथ किन-किन बातों पर चर्चा की। हुड्डा ने आगे लिखा कि हमने भारतीय सिनेमा के वैश्विक पटल पर बढ़ते रसूख, प्रामाणिक कहानी कहने की ताकत और सरकार के दूरदर्शी नए ओटीटी प्लेटफॉर्म-वेव्स के बारे में बात की, जो वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर भारतीयों की आवाज को ताकत देती है। हुड्डा ने पीएम मोदी के ओबेसिटी कैंपेन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मेरी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा के साथ शामिल होना एक गौरवपूर्ण फैमिली मोमेंट था, जिसमें हमने ओबेसिटी कैंपेन (मोटापा विरोधी अभियान) और समग्र स्वास्थ्य की उनकी पहलों पर बात की। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में 'ओबेसिटी यानी मोटापे' पर चर्चा की थी, जिसमें उन्होंने 'फिट और हेल्दी नेशन' बनाने के लिए 'ओबेसिटी' की समस्या से निपटने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के दौरान कहा, था कि खाने में तेल का कम उपयोग और ओबेसिटी से निपटना यह केवल पर्सनल च्वाइस नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इससे ओबेसिटी से लड़ने में मदद मिलेगी। पीएम ने इस अभियान के लिए आर माधवन समेत कई सितारों को भी जोड़ा है।


## भारत शिक्षा एक्सपो का दूसरा संस्करण 24-26 अप्रैल से होगा शुरू



**■ एक्सपो में कई प्रतियोगिताएं और ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी होंगी आयोजित**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत शिक्षा एक्सपो का दूसरा संस्करण 24 से 26 अप्रैल 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। इसे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण का समर्थन प्राप्त है। 2024 में पहले संस्करण का आयोजन हुआ था, यह एक्सपो क्षेत्र का पहला समर्पित शिक्षा मंच बनकर उभरा, जिसने शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थागत नवाचार और उद्योग एवं शिक्षाजगत के बीच भविष्य-केंद्रित सहयोग को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। 2025 में भारत शिक्षा एक्सपो और भी भव्य रूप में लौट रहा है, जिसमें 100 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जो शिक्षा क्षेत्र के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये प्रदर्शक नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगे। इस एक्सपो में विश्वविद्यालय, कॉलेज और संस्थान अपनी विश्वस्तरीय सुविधाएं, गुणवत्ता पूर्ण शैक्षणिक प्रणालियां और तकनीक प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही, स्टडी अब्रॉड कंसल्टेंट्स, कोचिंग संस्थान, एजु-सेवा प्रदाता, एजुकेशन लोन और स्कॉलरशिप से संबंधित सेवाएं भी प्रदर्शित की जाएंगी। इस एक्सपो में अनेक रोमांचक प्रतियोगिताएं और ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी आयोजित होंगी। साथ ही प्रकृति व रोबोटिक्स पर आधारित इंटरएक्टिव वर्कशॉप्स। स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए विशेष सिंगिंग प्रतियोगिता। साइंस, बिजनेस और टेक्नोलॉजी पर आधारित रोचक क्विज प्रतियोगिताएं। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक्सपो में भाग लेने के लिए जीएनआईडीए के शैक्षणिक संस्थानों की सराहना की है। साथ ही, उन्होंने इस आयोजन को भारत के सभी कोनों में फैलाने और विभिन्न शिक्षा श्रेणियों के प्रदर्शकों को लाने के लिए ई-एओर्ट्स ऑफ इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड की सराहना की है, जहां शिक्षक, अभिभावक, छात्र एक ही छत के नीचे शिक्षा के सभी पहलुओं का लाभ उठा सकते हैं।

## ध्रुव यादव को स्पेस टेक्नोलॉजी में मिला पेटेंट, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में क्रांतिकारी कदम



**■ जीएल बजाज संस्थान में अध्ययनरत है छात्र ध्रुव को बौद्धिक संपदा अधिकार विभाग से मिली मान्यता**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट स्थित के छात्र ध्रुव यादव ने विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक स्पेस टेक्नोलॉजी आधारित पेटेंट प्रकाशित किया है, जिसे भारत सरकार के बौद्धिक संपदा अधिकार विभाग द्वारा औपचारिक मान्यता प्राप्त हो चुकी है। ध्रुव यादव का यह नवाचार अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। उनके इस शोध कार्य से न केवल युवा वैज्ञानिकों को प्रेरणा मिल रही है, बल्कि भारत की स्पेस इंडस्ट्री के भविष्य को भी नई दिशा मिल सकती है। ध्रुव के इस अद्वितीय प्रयास पर उनके मार्गदर्शक और शिक्षक डॉ. बिश्वजीत कुमार पांडे और डॉ. बिक्की चौहान ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ध्रुव की सोच, समर्पण और नवाचार की क्षमता उसे उन ऊंचाइयों तक ले जाएगी जहां एक दिन उसका स्टार्टअप स्पेस एक्स से भी आगे निकल सकता है। जीएल बजाज कॉलेज के डीन स्ट्रेटेजी डॉ. शशांक अवस्थी ने स्पेस टेक्नोलॉजी में संस्थान के पहले स्टार्टअप को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे छात्र अब अंतरिक्ष क्षेत्र में भी नवाचार कर रहे हैं। हमारा प्रयास सदैव छात्रों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करना रहा है। उन्होंने आगे वेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि अथ यद आत्मा आकाशः स प्रजापतिः। अर्थात यह आत्मा ही आकाश है, वही सृजनकर्ता है। यह श्लोक यह दर्शाता है कि आकाश (अंतरिक्ष) को सृजन और ज्ञान का स्रोत माना गया है, और इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए हमारे छात्र नए युग की खोज में अग्रसर हैं। यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक भविष्य की एक नई रोशनी है। ध्रुव यादव का नाम आज उन प्रेरक युवाओं की सूची में शामिल हो चुका है, जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को वैज्ञानिक दृष्टि से सशक्त बना रहे हैं। जीएल बजाज संस्थान ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल संस्थान के लिए, बल्कि सम्पूर्ण ग्रेटर नोएडा और भारत के लिए गर्व की बात है।

## माता सीता के शोक को हरने वाला 'अशोक' खास

**■ महिलाओं की कई समस्याओं का समाधान**
**■ अशोक की छाल से पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द व ऐंठन, सूजन में मिलती है राहत**



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। 'तरु अशोक मम करहूं अशोका' माता सीता कहती हैं 'अशोक वृक्ष ने मेरी विरह वेदना को दूर किया, इसलिए मैं इसका सम्मान करती हूं।' माता सीता की विरह वेदना को दूर करने वाले अशोक के वृक्ष के पास महिलाओं की हर समस्या का समाधान है। अशोक की पत्तियों, छाल से कई बीमारियों का इलाज किया जाता है।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि इस वृक्ष के पास महिलाओं की हर समस्या का हल है। धर्म शास्त्रों में भी अशोक वृक्ष को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि पवित्र वृक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव से हुई थी। वृक्ष की चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को पूजा की जाती है। मान्यता है कि अशोक अष्टमी के दिन पूजा करने से न केवल सुख-शांति की प्राप्ति होती है, बल्कि रोग-शोक भी दूर होते हैं।

ये तो था पौराणिक महत्व, इसके औषधीय गुणों से आयुर्वेदाचार्य और पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने रूबरू कराया।

उन्होंने बताया कि अशोक के वृक्ष का आयुर्वेदिक महत्व है। इसे महिलाओं का दोस्त कहें तो ज्यादा नहीं होगा। इसका इस्तेमाल स्त्री रोग और मासिक धर्म की समस्याओं जैसे- भारीपन, ऐंठन, अनियमितता और दर्द को कम करने में भी सहायक है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि समस्याओं से राहत पाने के लिए इसे भोजन के बाद दिन में दो बार गर्म पानी या शहद के साथ चूर्ण के साथ ले सकते हैं। अशोक की छाल खून साफ करती है, जिससे महिलाओं की त्वचा में निखार आती है। अशोक की छाल को चेहरे पर लगाने से डेड स्किन से छुटकारा मिलता है।

रिसर्च बताती है कि अशोक की छाल पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द और ऐंठन, सूजन को कम कर देती है। यह बढ़े हुए वात को नियंत्रित करती है। अशोक के सेवन से वात की समस्या खत्म होती है। इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होता है, जिससे कब्ज, वात, ऐंठन, दर्द में राहत मिलती है।

अशोक के पेड़ में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी विभिन्न रोगों से रक्षा करने में सहायक होते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में ग्लाइकोसाइड्स, टैनिन, फ्लेवोनोइड्स तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए टॉनिक के रूप में काम करते हैं। अशोक के पेड़ की जड़ें और छाल मुहासे और त्वचा संबंधित समस्याओं को दूर करने में सहायक हैं। आयुर्वेदाचार्य प्रेग्नेंसी के दौरान और उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रसित लोगों को इसके इस्तेमाल में सावधानी बरतने और बिना डॉक्टर के परामर्श के इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव की जीबीयू में हुई शुरुआत



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2025 का तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में हुई, उद्घाटन में मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के कुलपति राणा प्रताप सिंह और ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सीईओ आशीष गुप्ता समेत अन्य कई देश और विदेश के अतिथि मौजूद रहे। ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सीईओ आशीष गुप्ता ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन 21 अप्रैल से शुरू हो गया है। यह कॉक्लेव तीन दिन चलेगी और 23 अप्रैल को समाप्त होगी। पहले दिन कॉन्क्लेव के पहले सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक तेजपाल नागर मौजूद रहे। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि ग्रेटर नोएडा समेत एनसीआर के लिए रहने वाले के लिए बेहद खुशी की बात है कि ग्लोबल चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहे हैं। इसमें स्मार्ट सिटी से जुड़े हर पहलू पर विशेषज्ञ अपने विचार रख रहे हैं।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| तेल एवं गैस | 2.61 प्रतिशत |
| पावर | 2.49 प्रतिशत |
| रियल्टी | 2.27 प्रतिशत |
| ऊर्जा | 2.11 प्रतिशत |
| कमोडिटीज | 1.51 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 1.32 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.04 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.04 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.99 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# प्रमुख आठ उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 3.8 प्रतिशत रही

■ **बीते वित्त वर्ष में उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में कोयला, कच्चा तेल और इस्पात सहित आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) के उत्पादन में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर मार्च, 2025 में एक वर्ष पूर्व इसी माह की तुलना में 3.8 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि दर्ज की गई। संशोधित आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में इन आठ उद्योगों की सालाना आधार पर उत्पादन वृद्धि 5.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल से मार्च, 2024-25) के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा, जबकि इसी दौरान




**मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन कम हुआ। इन आठ उद्योगों का आईआईपी में 40.27 प्रतिशत योगदान है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार मार्च में कोयला उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में वृद्धि 1.6 प्रतिशत रही तथा पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कच्चे तेल का उत्पादन मार्च, 2025 में 1.9 प्रतिशत घटा और अप्रैल-मार्च, 2024-25 के दौरान संचयी उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत कम रहा। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2025 में मार्च 12.7 प्रतिशत कम रहा जबकि अप्रैल-मार्च, 2024-25 का गैस उत्पादन सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत कम रहा।

## खादी व ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के खादी और ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार हो गया है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार को यहां वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी उत्पादन में 347 प्रतिशत के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है और 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि खादी-ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंचा है। श्री कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए का था, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 116599.75 करोड़ रुपए पहुंच गया।

## 2025 में भारत का चमड़ा फुटवियर निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा



■ **वित्त वर्ष 2026 में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर निर्यात में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 5.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। फुटवियर निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाली सीएलई का कहना है कि विकसित और विकासशील दोनों देशों से मांग मजबूत बनी हुई है, जो वृद्धि में योगदान दे रही है।

सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर सेल्वम ने बताया कि भारत ने 2024-25 के लिए अपने निर्यात लक्ष्य को 1 बिलियन डॉलर से पार कर लिया है, जो वाणिज्य विभाग से निर्धारित लक्ष्य है।


सेल्वम ने कहा कि 2024-25 में, हमने वाणिज्य विभाग से निर्धारित निर्यात लक्ष्य को 1 बिलियन डॉलर से अधिक कर लिया है। इस ट्रेंड के अनुसार, 2025-26 में हमारा निर्यात 6.5 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। सीएलई के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

10 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के बावजूद, निर्यातक अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए छूट दे रहे हैं और कोई ऑर्डर रद्द नहीं हुआ है।

# सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपए के करीब पहुंच गया है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपए हो गया है, जो कि 97,000 रुपए से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है। हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427



■ **पहली बार 97 हजार रुपए के करीब पहुंची कीमत**

रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमशः 8,596 और 7,824 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं।

# सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना भारत : निर्मला सीतारमण

**सैन फ्रांसिस्को,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता के कारण भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन के रूप में काम कर सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे



कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं। मौजूदा ट्रेंड में ग्रोथ और ट्रेड दोनों ही कम हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर मुद्रास्फीति अधिक है, जिसकी वजह से लोग सोच रहे हैं कि भविष्य में मंदी आने वाली है।

उन्होंने आगे कहा कि अगर इन मौजूदा परिस्थितियों में भी भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और

**भारत को आईएमएफ और विश्व बैंक वैश्विक व्यापार के इंजन के रूप में देखते हैं : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**


इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है तो इस क्षेत्र में उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोग भारत के साथ व्यक्तिगत या व्यावसायिक रूप से, कॉरपोरेशन टू कॉरपोरेशन की साझेदारी से लाभ पा सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की साझेदारी से दोनों ही देशों को लाभ मिलता है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साथ मिलकर, हम वैश्विक व्यापार और विकास को आगे बढ़ाएंगे।

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने का निर्णय टालने से झूमा बाजार

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 09 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 860.06 अंक अर्थात 1.09 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब साढ़े तीन महीने बाद 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,413.26 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत उछलकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर 24125.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली छोटे कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.20 प्रतिशत मजबूत होकर 42,903.02 अंक और स्मॉलकैप 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,745.42 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2918 में लिवाली जबकि 1168 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 3014 कंपनियों में से 2251 में तेजी जबकि 683 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत सहित 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने को 09 जुलाई तक टालने के हाल के फैसले से निवेशकों की धारणा में उत्साह रहा। पिछले सप्ताह की शुरुआत में घोषित इस अस्थायी राहत ने बढ़ते




■ **सेंसेक्स 1.09 प्रतिशत की छलांग लगाकर 79,413.26 अंक पर**

■ **निफ्टी 1.15 प्रतिशत उछलकर 24125.55 अंक पर बंद**

वैश्विक व्यापार तनाव के बीच बाजारों को राहत प्रदान की। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भले ही अनिश्चितता से घिरा हो लेकिन भारत अपनी मजबूत आर्थिक बुनियाद और स्थिरता के चलते विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। देश छह प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो मंद वैश्विक वातावरण के बीच भी लचीलापन दिखा रही है। डॉलर में हालिया गिरावट के चलते भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का प्रवाह और तेज होने की संभावना है।

एफपीआई का ध्यान वित्तीय, दूरसंचार, विमानन, होटल, ऑटो, रियल एस्टेट, सीमेंट और हेल्थकेयर जैसे घरेलू खपत-आधारित क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा। वहीं, डिजिटल स्पेस में चुनिंदा ग्रोथ स्टॉक्स में भी तेजी की संभावना जताई गई है। हालांकि, आईटी समूह पर दबाव बरकरार रहने की उम्मीद है क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संभावित मंदी इस क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है।

बीएसई में एफएमसीजी की 0.75 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.60, ऊर्जा 2.11, वित्तीय सेवाएं 1.76, हेल्थकेयर 0.65, इंडस्ट्रियल्स 1.88, आईटी 2.31, दूरसंचार 1.30, यूटिलिटीज 1.92, ऑटो 2.12, बैंकिंग 1.81, कैपिटल गुड्स 1.90, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 2.00, तेल एवं गैस 2.61, पावर 2.49, रियल्टी 2.27, टेक 1.57, सर्विसेज 1.25 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.42 प्रतिशत मजबूत रहे।

## कूल रहें और स्मार्ट खरीददारी करें अमेज़न डॉट इन पर

**गुरुग्राम** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बढ़ते तापमान के साथ, ठंडा और आरामदायक रहना सर्वोच्च प्राथमिकता है और अमेज़न डॉट इन आपको पूरे मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने में मदद करने के लिए मौजूद है। ताज़ा और ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों से लेकर, पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी सामान और शिशु देखभाल उत्पादों तक, इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन में तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी की सुविधा के साथ गर्मियों की हर ज़रूरी चीज़ की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। ग्राहक अमेज़न पे का उपयोग करके अतिरिक्त बचत और सुविधा का भी आनंद ले सकते हैं; प्राइम सदस्यों को 10 लाख से अधिक उत्पादों पर उसी दिन डिलीवरी का आनंद मिलता है। चाहे आप धूप में बाहर जाने की योजना बना रहे हों या घर के अंदर शीतलता पाने के तरीके खोज रहे हों, अमेज़न डॉट इन यह सुनिश्चित करता है कि आपको लिक्विड आई.वी., स्लीपी आउल, ग्लूकोन-डी, हिमालय, बैम्बो नेचर, पेटविट और गूफी टेल्स जैसे शीर्ष ब्रांडों से सभी आवश्यक उत्पाद सीधे आपके घर के दरवाजे तक पहुंचाई जाएं।

लिक्विड आई.वी. हाइड्रेशन मल्टीप्लायर - हाइड्रेशन मल्टीप्लायर - प्रीमियम सामग्री से बने इस पेय मे प्राकृतिक स्वाद हैं और यह वर्कआउट, यात्रा या लंबे दिनों के लिए एकदम सही है।

ग्लूकोन-डी टैंगी ऑरेंज ग्लूकोज़ पाउडर- इस ग्लूकोज़ पाउडर से ऊर्जावान और तरोताज़ा रहें।

**सार संक्षेप**

### एयरटेल की स्पैम के खिलाफ लड़ाई तेज

**नई दिल्ली।** संचार समाधान प्रदाता वैश्विक कंपनी भारती एयरटेल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित स्पैम डिटेक्शन टूल के ज़रिए 27.5 अरब कॉल को स्पैम के रूप में चिन्हित करने के बाद अब इस तकनीक को और मजबूत करते हुए दो नई सुविधाएं लॉन्च की हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक स्पैम अलर्ट कवरेज का विस्तार और 10 भारतीय भाषाओं में स्पैम अलर्ट देने की सुविधा शामिल है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इन पहलों के ज़रिए एयरटेल उन स्पैमर्स पर लगाम कसना चाहता है जो विदेशी नेटवर्क के ज़रिए भारत में धोखाधड़ी कर रहे हैं। कंपनी ने बताया कि पिछले छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एयरटेल के विपणन निदेशक सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि हम ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर अपने समाधानों को लगातार बेहतर बना रहे हैं और भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए अब स्थानीय भाषाओं में भी स्पैम अलर्ट भेजे जाएंगे।

### बीएचईएल ने राजस्व वृद्धि व रिकॉर्ड ऑर्डर किया हासिल


**हरिद्वार।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपए (अनंतिम और अलेखापरीक्षित) का राजस्व प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त किए जो कि कंपनी द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में हासिल किया गया अब तक का सर्वाधिक ऑर्डर है। इसके साथ, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपए हो गई है। विद्युत क्षेत्र में, बीएचईएल ने 81,349 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी।

### देशभर में ग्राहकों के लिए निसान का निशुल्क एसी चेकअप कैंप

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने देशभर में अपने ग्राहकों के लिए दो महीने तक चलने वाले निशुल्क एसी चेकअप कैंप शुरू किया है। यह एसी चेकअप कैंप 15 जून तक निसान के सभी अधिकृत सर्विस वर्कशॉप में चलाया गया है। इस दौरान ग्राहकों को प्रशिक्षित सर्विस प्रोफेशनल्स से सर्विसिंग, जेनुइन स्पेयर पार्ट्स और डिस्काउंट का लाभ भी मिलेगा। ग्राहक निसान वन एप या निसान मोटर इंडिया की वेबसाइट से सर्विस अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। सर्विस कैंप का आयोजन कंपनी के सभी 123 सर्विस वर्कशॉप पर किया जा रहा है, जो निसान के सभी वाहनों को सर्विस प्रदान करते हैं। कैंप में कॉम्प्लिमेंटरी टॉप कार वॉश के साथ 12-पॉइंट चेकअप किया जाएगा। ग्राहक लेबर चार्ज पर 10 प्रतिशत तक (डीलर पर निर्भर) और वैल्यू एडेड सर्विसेज (वीएएस) पर 15 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने निसान के सभी ग्राहकों से एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ लेने और वाहन की बेहतर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए इस कैंप में आने की अपील की है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 57 रिंगिट गिरकर 4060 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की बढ़त लेकर 48.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# रोजगार के अवसरों में वृद्धि, ईपीएफओ ने फरवरी में 16.1 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को इस साल फरवरी में 16.10 लाख सदस्यों के जुड़ने की जानकारी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सालाना विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में नेट पे-रोल में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। इसे ईपीएफओ की आउटरीच पहलों से बल मिला है। आंकड़े बताते हैं कि ईपीएफओ ने फरवरी 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सब्सक्राइबर को एनरोल किया, जिसमें सबसे ज्यादा 18-25 आयु के युवाओं का वर्ग है। इस आयु वर्ग में 4.27 लाख नए सब्सक्राइबर जुड़े, जो महीने में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 57.71 प्रतिशत है।

यह पहले के रुझान के अनुरूप है, जो दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जो अपनी पहली नौकरी कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, फरवरी 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए नेट पे-रोल वृद्धि लगभग 6.78 लाख है। यह पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।




लगभग 13.18 लाख सदस्य, जो पहले बाहर निकल गए थे, फरवरी 2025 में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। यह आंकड़ा फरवरी 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 11.85 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है। बयान में कहा गया है कि इन सदस्यों ने नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए और फाइनल सेटलमेंट के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी सेविंग्स को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना। इस प्रकार इन सदस्यों ने अपने दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा की और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार किया। फरवरी 2025 में लगभग 2.08 लाख नई महिला ग्राहक ईपीएफओ में शामिल हुईं। यह पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में सालाना आधार पर 1.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

■ **पिछले साल की तुलना में नेट पे-रोल में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि**

# खेल जगत

### एमआई ने सीएसके के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत : मार्क बाउचर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने मुंबई इंडियन्स की चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत की जमकर तारीफ की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एमआई ने सीएसके को 9 विकेट से हरा दिया। बाउचर ने इस मुकाबले को 'पूरी तरह एकतरफा' बताया। इस मैच में पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेन्नई को 176 रन पर ही रोक दिया। सीएसके की ओर से शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद रोहित शर्मा (76 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को लगातार दूसरी घरेलू जीत दिलाई। बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मैं इस जीत से बहुत खुश हूं, ये एकदम एकतरफा मुकाबला था। मुंबई इंडियन्स लगातार एक बेहतरीन मैच खेलने की बात कर रही थी, और इस बार वो काफी हद तक उसमें सफल रही।



## दिल्ली कैपिटल्स से हिसाब चुकता करने उतरेगी लखनऊ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धू)। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के अर्द्धशतकों के बावजूद अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में तीन गेदो के बाकी रहते एक विकेट से हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब अपने घर लखनऊ के इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रिटर्न मैच में आईपीएल 2025 में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सात में पांच जीत और दो हार के साथ लखनऊ सुपर जायंटस की जयपुर में बल्लेबाजी की नई सनसनी 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की 34 रन की तूफानी और यशस्वी जायसवाल के तेज अर्द्धशतक के बावजूद आवेश के खान के मैच के आखिरी ओवर मे बेहतरीन गेंदबाजी से दो रन से जीत के साथ आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार समान रूप से दस दस अंक है। दिल्ली कैपिटल्स अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस से उसके घर में पिछले मैच में जोस बटलर के 97 रन की तेज पारी के चलते सात विकेट से हार झेलनी पडी। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस के पास जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा ऐसे में दोनों टीम के बीच मंगलवार को रोचक संघर्ष की उम्मीद है। लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहने के बावजूद चार अर्धशतकों के साथ 368 रन बना रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे निकोलस पूरन और सात मैचों में चार अर्द्धशतक जड़ कुल 299 रन के साथ रन बनाने में सातवें स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले एडन मार्क्रम (कुल 274 रन), आयुष बडोनी (आठ मैच, में एक अर्द्धशतक सहित 181 रन) अब्दुल समद सात मैच 111 रन, ऋषभ पंत के अर्धशतक सहित 106 रन पर निर्भर है। दिल्ली को अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाना है तो वह शीर्ष क्रम मे 2 पूरन और मार्श से से दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारियों की आस करेगा।



■ लखनऊ को पूरन और मार्श से बड़ी पारियों की आस

### जीत का श्रेय गेंदबाजों को : ऋषभ पंत

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से खुशी के साथ राहत महसूस कर रहा हूं। इस तरह के मैच आपके चरित्र का निर्माण करते हैं। यह गजब की जीत एक टीम के रूप में यह जीत हमे एक अलग ही स्तर पर ले जाएगी। हम आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है,जिन्होंने धैर्य बनाए रखा। हमारी योजना अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की थी। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। हमें लगता है हम सही दिशा में हैं।

### इस मैच की गलतियां अगले मैच में नहीं दोहरानी : अक्षर

मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ हमने 10 -15 रन कम बनाए। यही हार जीत में निर्णायक बन गया, जब जब हमने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की तो विकेट गंवाने के साथ लय खो दी और पारी का जिस अंदाज में समापन करना चाहते थे वैसा नहीं कर पाए। हमने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी कैचिंग और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम अपने लक्ष्य से दूर रह गए। अब इस बाबत बहुत सोचने की जरूरत नहीं है।हम यह सीखना होगा कि हम क्या और बेहतर कर सकते थे। हमें यह पक्का करना होगा इस मैच की गलतियां अगले मैच में न दोहराए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

## अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू

आईपीएल 2025



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

एक बार फिर से सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया।

जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा। शायद आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी को अब पूरे मौके दिए जाएं। सीएसके की हार पर रायडू ने कहा कि टीम के खेलने के अंदाज में जोश और सोच की कमी थी। उन्होंने कहा कि मध्य के ओवरों में उन्होंने लगभग 7 ओवरों में सिर्फ 35 रन बनाए। आजकल टी20 क्रिकेट में इस तरह का धीमा खेल कोई नहीं खेलता। खेल बहुत बदल चुका है, और बीच के ओवरों में भी तेजी से रन बनाना जरूरी है। सीएसके के पास इरादा ही नहीं दिखा। मैच हारना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लड़ना जरूरी है। आप सिर्फ बीच के ओवरों में समय काटने की सोच नहीं रख सकते। इस पिच पर जीत के लिए कम से कम 190 रन चाहिए थे, और सीएसके जो स्कोर कर पाई, वह औसत से भी कम था। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर रायडू ने कहाकि शुरुआत में उन्होंने थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर बेहतरीन शॉट्स लगाए। उन्होंने सिर्फ ऑन साइड पर ही खेलने की कोशिश नहीं की। पहले भी उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, लेकिन आज वे कुछ बड़ा करने के इरादे से उतरे थे। वह मैदान पर समय बिताना चाहते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मैच खत्म करना चाहते थे। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी बड़ा स्कोर कर सकते हैं। अब जब टूर्नामेंट का अहम हिस्सा आ रहा है, तो ऐसी पारियां न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को आत्मविश्वास देती हैं। अब मुंबई इंडियंस बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को चेन्नई में इसी टीम से मुकाबला खेलेगी।

## बीसीसीआई सालाना अनुबंध घोषित: रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार

### नीतीश, ध्रुव, अभिषेक, सरफराज, आकाशदीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित नए अनुबंधित खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को सीनियर भारतीय पुरुष टीम के 2024-25 सीजन (पहली अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025) के लिए सालाना खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी। इसकी घोषणा बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने की।

टॉप टियर ग्रेड ए + में चार क्रिकेटरों - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा को अनुबंधित किया है। ग्रेड ए+ में बीते बरस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके रविचंद्रन अश्विन को छोड़ बाकी चारों को बरकरार रखा गया है। विराट, रोहित और रवींद्र जडेजा भारत को बीते वर्ष जून में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऋषभ पंत को ग्रेड बी से पदोन्नत कर ग्रेड ए मे सिराज, केएल राहुल , शुभमन गिल , हार्दिक पांड्या भी है। ऋषभ पंत 2022-23 के सीजन में ग्रेड ए में थे लेकिन दिसंबर, 2022 में खतरनाक सड़क दुर्घटना के चलते एक बरस से ज्यादा तक क्रिकेट न खेलने पर उन्हें ग्रेड बी मे भेज दिया था।

■ ऋषभ पंत ग्रेड ए में, श्रेयस व ईशान एक बरस बाद फिर अनुबंधित

ऋषभ पंत 2024 में आईपीएल से वापी की और भारत के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उसके बाद ऋषभ पंत ने दस टेस्ट, एक वन डे अंतरराष्ट्रीय और दस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इसलिए उनकी ग्रेड ए में वापसी हो गई। श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और सूर्य कुमार यादव के साथ ग्रेड बी मे जबकि ईशान किशन को ग्रेड सी मे अनुबंधित किया गया है। बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में पहली बार ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ी हैं -नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरैल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाशदीप , वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा। शार्दूल ठाकुर, केएस भरत, आवेश खान, जीतेश शर्मा जैसे बीते बरस सबसे निचले ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया है । बीसीसीआई हालांकि सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों के चार ग्रेड की राशि का खुलासा नही किया है। ऐसा अनुमान है ग्रेड ए+में शामिल क्रिकेटरो को सालाना सात करोड़ रुपये,





ग्रेड ए के खिलाड़ियों को पांच करोड़, ग्रेड बी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और ग्रेड सी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना मिलने का अनुमान है।

श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने बीते बरस तब अपना बीसीसीआई का सालाना अनुबंध गवा दिया था जब इन दोनो ने खुद को घरेलख सीजन के लिए अनुपलब्ध बताया था। श्रेयस अश्शर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को सूचित किया था कि वह पीठ में ऐंठन के कारण उपलब्ध नहीं है। ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट मे अपने राज्य झारखंड के लिए खेलने की बजाय डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट को खेलने को तवज्जो दी थी। ईशान किशन 2024-25 मे झारखंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले और उन्होंने 2024-25 सीजन के लिए बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में वापस जगह बनाई। वहीं श्रेयस ने मार्च 2024 से केकेआर के कप्तान के रूप में उसे आईपीएल खिताब, मुंबई को 2023-24 मे रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी जिताने के साथ भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने जिताने में अहम भूमिका निभाई।

### बीसीसीआई के 2024-25 सीजन के लिए सालाना स्थित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**ग्रेड ए+** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा।

**ग्रेड एः** ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी।

**ग्रेड बी** : सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी** : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे,रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी,इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## सार संक्षेप

### छोटे गांवों व कस्बों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे : रेखा

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर में कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए छोटे कस्बों और गांवों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के दौरान प्रदेश में बडा खेल ढांचा तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी देखरेख और संचालन के लिए प्रदेश सरकार लिगेसी प्लान ला रही है।
कैबिनेट मंत्री पिछले दो दिन से अपनी सोमेश्वर विधानसभा के दौरे पर हैं। उन्होंने यह बात सोमेश्वर के कोट्यूडा में एक खेल मैदान के भूमि पूजन के दौरान कही।
श्रीमती आर्य ने यहां दो पेयजल योजनाओं का लोकार्पण भी किया और मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने 198.21 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाईढौल पम्पिंग पेयजल योजना और कोतवाल गांव पंपिंग पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ग्राम भकुना ( ताकुला) में आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम भकुना में मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

### मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बंगलादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। जिम्बाब्वे ने आज यहां 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 17वें ओवर में नाहिद राणा ने बेन करन (18) को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद राणा ने ब्रायन बेनेट (57) को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में हसन महमूद ने निक वेल्च (दो) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। क्रेग एर्विन (आठ) को भी राणा ने आउट किया। इसके बाद शॉन विलियम्स और वेस्ली मधेवेरे की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया।

## बंगलादेश को हमुदुल हसन जॉय और मोमिनुल हक बड़ी साझेदारी की उम्मीद

**सिलहट,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दम पर जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने महमुदुल हसन जॉय के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों की जूझारू पारियों की मदद से बंगलादेश ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने एक विकेट लिया।



## आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे संजू सैमसन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। यह मुकाबला सुपर ओवर तक गया था, जिसमें राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

## 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलने भारत आएंगे कई अंतरराष्ट्रीय सितारे

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने यह खुलासा किया है कि कई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 24 मई को बेंगलुरु में होगी। यह प्रतियोगिता 'एनसी क्लासिक' के नाम से जानी जाएगी और इसे वर्ल्ड एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को ऊंचे स्तर के रैंकिंग अंक मिलेंगे, जैसे कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड प्रतियोगिता में मिलते हैं। नीरज चोपड़ा के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के एलीट महिला और पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारत में हिस्सा लेंगे। जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस मीट में नीरज ने बताया कि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन) और केन्या के जूलियस येगो (रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन) भारत आ रहे हैं। नीरज ने आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुछ नाम अभी बताए हैं, बाकी बाद में बताएंगे। भारत के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, मैंने रोहित यादव से बात की है। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (13 से 21 सितंबर, टोक्यो) के लिए क्वालीफाई करने का एक महत्वपूर्ण मौका भी होगी। हालांकि नीरज खुद पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नीरज ने बताया कि हम कम से कम 4-5 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक गोल्ड-लेवल प्रतियोगिता है, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे। जब पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के आने के बारे में पूछा गया तो नीरज ने बताया कि हमने अरशद नदीम को भी आमंत्रण भेजा है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पुष्टि नहीं मिली है।



एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे : नीरज चोपड़ा

## आईपीएल 2025 : रोहित ने 76 रनों की पारी खेलकर बनाए खास रिकॉर्ड

■ रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के चलते मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में जीत की हैट्रिक लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को 9 विकेट से मात दी। इससे पहले इसी सीजन में जब दोनों टीमें पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, तब सीएसके को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस की जीत न केवल अंक तालिका में उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही है बल्कि रोहित शर्मा भी अपनी फॉर्म पकड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले मैच में रोहित की बैटिंग को देखते हुए क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि 'हिटमैन' अब जल्द ही एक बड़ी पारी खेल सकते हैं। हालांकि तब रोहित ने सिर्फ 26 ही रन बनाए थे। लेकिन ताजा मुकाबले में उनके बल्ले से वैसी पारी निकली जिसकी फैंस को उम्मीद थी। एमआई के पूर्व कप्तान ने केवल 45 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और छह छक्के लगाए। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। एमआई ने इसके साथ ही सीएसके द्वारा सेट किया गया 177 रनों का टारगेट केवल 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।



रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है। इस मामले में उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल (25) और एबी डिविलियर्स (22) हैं। दोनों ही खिलाड़ी अब आईपीएल में नहीं खेलते हैं। ऐसे में रोहित के सामने दोनों ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस सीजन में उनका ये अवार्ड है। यह आईपीएल 2016 का सीजन था जब रोहित ने सबसे ज्यादा चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' जीता था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिलने की बात हो तो रोहित शर्मा अब संयुक्त तौर पर टॉप कर चुके हैं। यह सीएसके के खिलाफ उनका चौथा ऐसा अवार्ड है। रोहित शर्मा, केएल राहुल और कीरोन पोलार्ड ने ऐसा 4-4 बार किया है। डेविड वार्नर और शिखर धवन ऐसा 3-3 बार कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों में अब सिर्फ रोहित और राहुल ही सक्रिय हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी आतिशी पारी खेली और वह 68 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों धुरंधर बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की अटूट साझेदारी हुई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |